विजयेश्वर पञ्चाङ्ग

कृष्णं वन्दे जगत्गुरुम्

TM

वन्दे मातरम्

शारदा
गुरुमुखी
कन्नड़
886
ओड़िया
प्रणवे च दृढ़ा मतिः
सिन्धी
गुजराती
असमिया
स वै "हिन्दू"
मराठी
बांगला
तमिल
मलयालम्
तेलुगु

ॐ

पञ्चाङ्ग प्रवर्तक

ज्यो. आफ्ताब शर्मा

संस्थापक

® पं॰ प्रेम नाथ शास्त्री

विजयेश्वर पञ्चाङ्ग

ई॰ सम्वत्
2002 - 2003

वि॰ पंचांग सम्वत्
318

सप्तर्षि सम्वत्
5078

विक्रमी सम्वत्
2059

काश्मीरी पण्डितों का
विस्थापन सम्वत्
12

विजयेश्वर पंचांग कार्यालय
के कार्यकर्ता:
ओंकार नाथ शास्त्री
भूषण लाल ज्योतिषी
(एम.ए., साहित्यचार्य)
अवतार कृण ज्योतिषी
विमर्श ज्योतिषी, सुमन ज्योतिषी

Price Rs. 30.00

विषय सूची

दो शब्द	3
याद रखिये	4
विजेयश्वर पंचांग	5
मुख प्रक्षालण विधि	8
नित्य नियम विधि	9
शंकर पूजन	11
शिव स्तुति	14
शिव संकल्प	18
कृष्णं वन्दे	21
अष्टादश श्लोकी गीता	25
सप्तश्लाकी गीता	31
सप्तश्लोकी दुर्गा	34
वन्दे महापुरुष	38
स्तोत्र	47
देवी प्रार्थना	55
शंकर प्रार्थना	58
लिंगाष्टक	61
शिवोह	63
विष्णु स्तुति	64
नारायण स्तुति	65
गुरु स्तुति	67
विष्णु प्रार्थना	68
शिव चामर	69
गायत्री चालीसा	70
गणेश स्तुति	73
शिवाय नमः	75
दुर्गा स्तोत्र	77
शिवाष्टकं	79
अच्युताष्टकं	83
शिव स्तोत्र	84
रुद्राष्टकं	86
दुर्गा स्तुति	88
सरस्वती वन्दना	89
भज गोविन्दं	90
गणेश स्तुति	94
आरती	95
तेरे पूजन को	96
आरती गणेश	97
शिव आरती	98
आरती लक्ष्मी जी	100
आरती गंगा जी	102
आरती	103
भवसर कुस तरि	104
गौरी स्तुति	106
ब्राह्मी विद्या	111
काश्मीर के तीर्थ	112
प्रश्नोत्तरी	114
इनको मत भूलिये	118
प्रस्थान	119
देवगौण	120
लग्न चीर	120
अनमोल वचन	121
भोजन खाने के नियम	122
नवग्रहों की उपासना	123
मांस खाना पाप है	125
श्रीमद् भगवत् गीता	126
स्वामी परमानन्द	128
लल्लवाक्य	131
श्राद्ध कब	134
यज्ञोपवीत कब और महत्व	135
धर्म शास्त्र	143
श्राद्ध संकल्प विधि	151
प्रेप्युन	160
इन्द्राक्षी	165
जातक मिलाप	167
यात्रा प्रकरण	176
आमदनी खर्च	178
व्रतों की सूची	182
पंचक	184
गण्डान्त	185
ग्रह संचार	186
हमारे पर्व	187
निषेध समय	188
श्राद्ध, जयन्तियाँ	189
आश्लेषा चक्र	191
मूल चक्र	192
ग्रहण विवरण	193
भविष्यवाणी	193
पञ्चांग	199
मुहूर्त	223
राशिफल	274
लग्न सारणी	314
हमारे प्रकाशन	326
जरा सुनिये	328

दो शब्द

नये वर्ष का 'विजयेश्वर पञ्चाङ्ग' आप के लिये तथा आप के समस्त परिवार के लिये मंगलमय रहे यही हमारी शुभ कामना है इस पंचांग में जो कोई भी मुहूर्त्त, पर्व, त्यौहार, व्रत, श्राद्ध इत्यादि लिखे गये हैं वह बिल्कुल शास्त्र सम्मत तथा शुध्द हैं कई महानुभाव 'विजयेश्वर पंचांग' की लोक प्रियता को बरदाशत न करते हुये समाचार पत्रों द्वारा जनता को द्विविधा में डालने का प्रयत्न करते हैं, जनता को भ्रम में डालने वाला सबसे बड़ा पापी होता है।

सम्पादक

आपका सहयोग - हमारी सेवा

याद रखिये

1. यज्ञोपवीत, विवाह, किसी धार्मिक पर्व तथा यज्ञ इत्यादि पर खड़े होकर भोजन न करें, यह हमारी सभ्यता का अपमान है।
2. यदि आप को लड़के अथवा लड़की का विवाह संस्कार है तो नियत समय पर कन्यादान लें तथा कन्यादान करें।
3. सामूहिक यज्ञोपवीत में सम्मिलित न होंवे यह हमारी परम्परा नहीं है।
4. जय माला को लग्न से अलग मत मानिये इस कारण "व्यूग" पर ही जय माला डाला करें।
5. अपनी सभ्यता को बचाने के लिये घर पर काश्मीरी भाषा में हर एक के साथ बात करें।
6. अपने से बड़ों को हाथ जोड़ कर, सर झुका कर अथवा पांव स्पर्श करते हुए प्रणाम करें।
7. अपने जीवन को सफल बनाने का आसान तरीका "माता-पिता की सेवा"।
8. नींद से जागते ही "ॐ" शब्द का उच्चारण करें।

सम्पादक

विजयेश्वर पंचांग देखने की विधि

प्रत्येक काश्मीरी पण्डित के घर में **विजयेश्वर पंचांग** है परिवार का प्रत्येक व्यक्ति, बच्चा, बूढ़ा, मां, बहिन इस पंचांग से किसी न किसी रूप से सम्बन्ध रखे हुये है। इस पंचांग में हम आमतौर पर सांक्रेतिक शब्द प्रयोग करते हैं कई महानुभाव, मातायें तथा बहनें उन सांकेतिक शब्दों को समझते नहीं है इस कारण पंचांग को अच्छी प्रकार समझने के लिये थोड़ी बहुत जानकारी दे रहा हूँ और आशा करता हूँ कि जनता को इस से लाभ ही होगा और इसको पसन्द भी करेंगे।

पंचांग इसीलिये इस को कहते हैं क्योंकि इस के पांच अंग है '**वार, तिथि, नक्षत्र, योग, करण**। आप के पास जो पंचांग है उसमें केवल **वार**, **तिथि** तथा **नक्षत्र** होता है इस तीनों चीजों को सांकेतिक शब्दों में लिखते हैं उन को समझने के लिये उस का पूरा विवरण दे रहा हूँ।

वार	सांकेतिक शब्द	वार	सांकेतिक शब्द
सोमवार - चन्द्रवार	= सोम. चन्द्र.	शुक्रवार	= शुक्र.
मंगलवार - भौमवार	= मंगल. भौम.	शनिवार	= शनि.
बुधवार	= बुध.	रविवार - ऐतवार	= रवि, ऐत.
गुरुवार, वीरवार, बृहस्पतिवार	= गुरु. वीर. बृह.		

ग्रह किस राशि में है तथा राशि कब बदल रहा है इस का पूरा विवरण अलग से लिखा होता है परन्तु तो थोड़ा बहुत

यहां पर भी दे रहा हूँ।

सूर्यः- लगभग एक मास के पश्चात् राशि बदलता है जिस दिन सूर्य राशि बदलता है उसी दिन या दूसरे दिन संक्रान्ति होती है।

चन्द्रमाः- लगभग सवा दो दिन एक राशि में रहता है पंचांग के हर मास के डिटेल में लिखा होता है कि चन्द्रमा किस समय पर राशि बदलता है।

भौमः- मंगल लगभग डेढ मास के पश्चात् राशि बदलता है।

बुध-शुक्रः- लगभग एक मास के पश्चात् राशि बदलता है।

गुरु या बृहस्पतिः- लगभग एक वर्ष के पश्चात् राशि बदलता है।

शनि देवः- लगभग ढाई वर्षो के पश्चात् राशि बदलता है।

राहु-केतुः- डेढ वर्ष के पश्चात् राशि बदलता है।

कभी-कभी सूर्य तथा चन्द्रमा को छोड़ कर ग्रह वक्री भी होता है, वक्री ग्रह का प्रभाव भी उलटा ही होता है।

तिथि	सांकेतिक शब्द	तिथि	सांकेतिक शब्द	तिथि	सांकेतिक शब्द	तिथि	सांकेतिक शब्द
प्रतिपदा	प्रति.	षष्ठी	षष्ठ.	एकादशी	एका.	पूर्णिमा।	पूर्णि.।
द्वितीया	द्विती.	सप्तमी	सप्त.	द्वादशी	द्वाद.	प्रति दि : 3-05 अर्थात् प्रतिपदा तिथि दिन के 3 वजे 5 मिनट तक है। पंच प्र : 2-13 अर्थात् पंचमी तिथि रात के 2 वजे 13 मिनट तक है।	
तृतीया	तृती.	अष्टमी	अष्ट.	त्रयोदशी	त्रयो.		
चतुर्थी	चतु.	नवमी	नव.	चतुर्दशी	चर्तु.		
पंचमी	पंच.	दशमी	दश.	अमावसी	अमा.		

नक्षत्र	सांकेतिक शब्द	नक्षत्र	सांकेतिक शब्द	नक्षत्र	सांकेतिक शब्द	नक्षत्र	सांकेतिक शब्द
अश्विनी	अश्वि	तिष्य	तिष्य	स्वाती	स्वा	श्रवण	श्रव
भरणी	भर	आश्लेषा	आश्ले	विशाखा	विशा	धनिष्ठा	धनि
कृत्तिका	कृत्ति	मघा	मघा,	अनुराधा	अनु	शतभिषा	शत
रोहिणी	रोहि	पूर्वाफाल्गुनी	पूर्वा,	ज्येष्ठा	ज्ये	पूर्वाभाद्रपदा	पूभा
मृगशिरा	मृग	उत्तराफाल्गुनी	उत्तरा,	मूल	मूल	उत्तराभाद्रपदा	उभा
आर्द्रा	आर्द्र	हस्त	हस्त,	पूर्वाषाढा	पूर्वा	रेवती।	रेव।
पुनर्वसु	पुर्न	चित्रा	चित्रा,	उत्तराषाढा	उषा		

इसके अतिरिक्त हम हर तिथि तथा नक्षत्र के साथ 'दि' या 'प्र' लिखते है। 'दि' का अर्थ है कि दिन तक, 'प्र' का अर्थ है रात तक। जैसे तृती, प्र 3.16 अर्थात् तृतीया तिथि रात के 3 बजे 16 मिनट तक है, अश्वि दि 4.15 अर्थात् अश्विन नक्षत्र दिन के 4 बजे 15 मिनट तक है।

आलोचक ज़रा ध्यान दें।

त्र्यहः जिस दिन तिथि का क्षय होता है उस दिन त्र्यहः लिखते हैं।

त्रिस्पृक्: जव एक तिथि दो दिन हो तो उस को त्रिस्पृक (दिन अधिक) लिखते हैं।

भौमार्क शनिवारेषु त्र्यहस्पक दिवसो यदि कार्यं निष्फलतां याति शुभं शोभनमादिशेत।

यह श्लोक काश्मीरीक ज्योतिष संग्रह से उद्धृत किया हुआ है।

अर्थातः- यदि त्र्यहः और त्रिस्पृक् के दिन क्रूरवार रविवार, मंगलवार, शनिवार हो तो कोई भी शुभ कार्य नहीं करना चाहिये परन्तु यदि शुभवार (सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार) हो तो प्रत्येक शुभ कार्य करना चाहिए। इस कारण हम त्र्यहः तथा त्रिस्पृक् के शुभवार पर मुहूर्त रखते हैं जो धर्म शास्त्र के अनुसार शुद्ध है।

मुखप्रक्षालण विधि

शौच आदि से निवृत होकर वायां पैर धोते हुए पढ़ें:- **नमोस्त्वनन्ताय सहस्रमूर्तये सहस्रपादाक्षि-शिरोरु वाहवे। सहस्र-नाम्ने पुरुषाय शाश्वते, सहस्रकोटी-युगधारिणे नमः।।**

दायां पैर धोते हुए पढें:-**ॐ नमः कमलनाभाय-नमस्ते जल शायिने। नमस्ते केशवानन्त-वासुदेव नमोस्तुते।**

मुख धोते हुए पढें:- **गंगा, प्रयाग, गयनैमिषपुष्करादि-तीर्थानि, यानि भुविसन्ति-हरिप्रसादात् आयान्तु तानि करपद्मपुटे मदीये प्रक्षालयन्तु वदनस्य निशाकलंकम्। तीर्थे स्नेयं तीर्थमेव समानानां भवति मा नः शंस्यो अररुषो धूर्ति प्राणङ् मर्त्यस्यरक्षाणो ब्रह्मणस्पते।।**

मुंह धोकर यज्ञोपवीत धोते हुए तीन वार पढें:- **ॐ भूर्भुवःस्वः तत्सवितुर्-वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।**

यज्ञोपवीत् गलें में फिर से धारण करते हुये पढें:- **यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात्-आयुष्यम्-अग्र्रं प्रतिमुंच शुभ्रं, यज्ञोपवीतं बलम्-अस्तु तेजः। यज्ञोपवीतम्-असि यज्ञस्यत्वा-उपवीतेन-उपनह्यामि।।**

मुखप्रक्षालण करके स्नान करके विधि पूर्वक अपने इष्ट देव का ध्यान कीजिये।

नित्य प्रार्थना विधिः

पूर्व दिशा की ओर मुख करके धूपदीप जला कर शुद्ध आसन पर पद्मासन से बैठकर आदिदेव-भगवान् गणेश का ध्यान करते हुये पढ़ें:-

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतु-र्भुजम्, प्रसन्न वदनं ध्याये, सर्वविघ्नो-प्रशान्तये।
अभिप्रीतार्थ-सिद्ध्यर्थं पूजितो यः सुरैर्-अपि, सर्वविघ्नच्छिदे तस्मै, गणा-धिपतये नमः।
बिभ्रत्-दक्षिण-हस्तपद्म-युगले, दन्ताक्षसूत्रे शुभे,
वामे मोदक-पूर्णपात्र, परशु नागो-पवीती त्रिदृक्।
श्रीमान्-सिंहयुगासनः श्रुतियुगे, शंखौ वहन् मौलिमान्,
दिश्यात्-ईश्वरपुत्र-ईश भगवान्, लम्बोदरः-शर्म-नः।।
सिन्दूर-कुंकुम-हुताशन-विद्रुमार्क, रक्ताब्ज-दाडिम-निभाय-चतु-र्भुजाय।
हेरम्ब-भैरव गणेश्वर-नायकाय, सर्वार्थसिद्धि-फलदाय गणेश्वराय।।

मुख्यं द्वादश-नामानि गणेशस्य महात्मनः। यः पठेत्-तु शिवोक्तानि स लभेत्-सिद्धिम्-उत्तमाम्। प्रथमं वक्रतुण्डं तु, चैकदन्तं द्वितीयकम्, तृतीयं कृष्णपिंगं

तु, चतुर्थं च कपर्दिनम्, लम्बोदरं पंचमं तु, षष्ठं विकटम्-एवच, सप्तमं विघ्नराजेन्द्रं, धूम्रवर्णं तथाष्टमं, नवमं भालचन्द्रं तु, दशमं तु विनायकम्, एकादशं गणपतिं, द्वादशं मन्त्र-नायकम्, पठते श्रृणुते यस्तु, गणेश-स्तवम्-उत्तमं, भार्यार्थी लभते भार्या, धनार्थी विपुलं धनम्, पुत्रार्थी लभते पुत्रम्, मोक्षार्थी परमं पदम्, इच्छाकामं तु कामार्थी, धर्मार्थी धर्मम्-अक्षयम्।। सुमुखैश्चैक-दन्तश्च, कपिलो गजकर्णकः, लम्बोदरश्च विकटो, विघ्नराजो गणाधिपः। धूम्र-केतु-गणाध्यक्षो, भालचन्द्रो गजाननः, द्वादशै-स्तानि-नामानि, गणेशस्य महात्मनः, य पठेत्-श्रृणुयात्-वापि स लभेत् सिद्धिम्-उत्तमाम्। विद्यारम्भे विवाहे च, प्रवेशे निर्गमे तथा संग्रामे संकटे चैव, विघ्नस्तस्य न जायते।।

गीता प्रवचन

(अर्थ व्याख्या सहित काश्मीरी भाषा में)

प्रेम नाथ शास्त्री के जबान से

शंकर पूजन

आप प्रायः मन्दिर में जाकर भगवान् शंकर पर जल चढ़ाते हैं और चन्द मिनटों में ही अपनी श्रद्धा की लहरें भगवान् शिव को भेंट करते हैं, श्रद्धा को उत्पन्न करने का साधन विधि अनुसार पूजा करना है। शंकर पूजा का विधान वहुत लम्बा चौड़ा है परन्तु यह पूजन उनके लिय लिखता हूँ जो शिव पूजन से विल्कुल अनभिज्ञ हैः

भगवान् शंकर पर जल चढ़ाते हुए पढ़ेंः- **असंख्याताः सहस्राणि ये रुद्रा अधि-भूम्याम्। तेषां सहस्रयोजनेव धन्वानि तन्मसि ।1। यो रुद्रो अग्नौ य अप्सु य औषधीषु यो वनस्पतिषु। यो रुद्रो विश्वा भुवना विवेश तस्मै रुद्राय नमो अस्तु देवाः ।2। भवायदेवाय शर्वायदेवाय रुद्रायदेवाय पशुपतयेदेवाय उग्रायदेवाय महादेवाय भीमायदेवाय ईशानायदेवाय पार्वती-सहिताय परमेश्वराय जलं समर्पयामि नमः।**

नेत्र स्पर्श करते हुए पढेंः- **तेजोरूप ! महेशान ! सोमसूर्याग्निलोचन प्रकाशय परंतेजो नेत्रस्पर्शेन शंकर ! भवायदेवाय उमा-सहिताय शिवाय पार्वती-सहिताय परमेश्वराय नेत्रस्पर्श परिगृहणामि नमः।**

तिलक लगाते हुये पढेंः- **सर्वेश्वर जगद्वन्द्यं दिव्यासनसुसंस्थित। गन्धं गृहाण देवेश दिव्यगन्धोपशोभितम्। भवाय देवाय उमा-सहिताय शिवाय पार्वती-सहिताय परमेश्वराय समालभनं गन्धो नमः।**

फूल चढ़ाते हुए पढें:- सदाशिव शिवानन्द प्रधान करणेश्वर। पुष्पाणि बिल्वपत्राणि गृहाण मे। भवाय देवाय उमा सहिताय शिवाय पार्वती सहिताय परमेश्वराय पुष्पं समर्पयामि नमः।

रत्नदीप कपूर चढ़ाते हुए पढें:- हिरण्यबाहो सेनानी-रौषधीनां पते शिव। दीपं गृहाण कर्पूर कपिलाज्य त्रिवर्तिकम्। भवाय देवाय उमा-सहिताय शिवाय पार्वती-सहिताय परमेश्वराय रत्नदीपं कर्पूरं परिकल्पयामि नमः।

दोनों हाथों में पुष्पांजलि पकड़ते हुए निम्नलिखित तीन श्लोक पढ़कर फूल चढ़ावें-

आत्मा त्वं गिरिजामतिः सहचराः प्राणः शरीरं गृहं,
पूजा ते विषयोपभोगरचना निद्रा समाधि स्थितिः।
सञ्चारः पदयोः प्रदक्षिणविधिः स्तोत्राणि सर्वा गिरो,
यत् यत् कर्म करोति तत्तदखिलं शम्भो तवाराधनम् ।।1।।

अर्थ:- इस श्लोक में भक्त स्थूल पूजा के माध्यम से उत्तम पूजा पर पहुँचना चाहता है। ज्ञानियों के समाज में उत्तम पूजा का लक्षण क्या है इस स्तुति में उसका वर्णन किया है:-

हे शम्भो ! मेरी आत्मा तुम ही हो, मेरी बुद्धि तुम्हारी शक्तिरूपिणी पार्वती है, मेरे प्राण (अपान समान आदि) तुम्हारे साथी है, मेरा शरीर तुम्हारा घर या मन्दिर है, विषय भोग के लिये जो मेरे व्यापार होते हैं वही तुम्हारी पूजा है, मेरी जो निद्रा है वही तुम्हारी समाधि की स्थिति है, मेरे पाँवों का चलना तुम्हारी प्रदक्षिणा है, मैं जो

कुछ बोलता हूँ सब तुम्हारा स्तोत्र है, सारांश यह है कि मैं कोई कर्म करता हूँ सभी तुम्हारी आराधना है।

पुष्पाणि सन्तु तब देव ममेन्द्रियाणि, धूपोगुरुर्वपुरिदं हृदयं प्रदीपः।
प्राणान् हविषि करणानि नवाक्षतानि, पूजाफलं व्रजतु साम्प्रतमेष जीवः ।।2।।

अर्थः- हे शम्भो ! मेरे सभी ज्ञानेन्द्रिय आपके पूजा के फूल बनें, यह मेरा शरीर धूप का काम दे, मेरा हृदय तुम्हारी पूजा में दीप का स्थान ले, मेरे प्राण तुम्हारे पूजा रूपी यज्ञ में आहुति का काम दें, मेरे कर्मन्द्रिय अक्षत (पूजा के लिये विना किसी जखम के चावल) का काम दें, हे भगवन् ! मेरा यह जीवात्मा अभी उत्तम पूजा के फल को प्राप्त हो।

जन्मानि सन्तु मम देव शताधिकानि, माया च मे विशतु चित्तमऽबोध हेतु।
किन्तु क्षणार्धमपि त्वच्चरणारबिन्दात्, मा पैतु मे हृदयमीश नमो नमस्ते ।।3।।

इस स्तुति में भक्त भगवान् शंकर से पूजा का फल यह नहीं माँगता है कि मेरा आवामगन छूट जाये, अपितु वार-बार जन्म लेने की मुझे परवाह नहीं, मेरे सैकड़ों जन्म होने दीजिये, मैं यह नहीं माँगता हूँ तेरे चित्त से अज्ञान के कारण वना हुआ माया का पर्दा छिन्न-भिन्न हो जाये, वल्कि वह माया विना किसी रोक-टोक के मेरे चित्त में प्रवेश करे, केवल आपसे प्रार्थना है आपके चरण कमल आधे क्षण के लिये भी मेरे चित्त से न निकले, हे भगवान् शंकर ! आपको वार-वार नमस्कार हो।

ऊपरलिखित इन तीन श्लोकों से फूल अर्पण करके नतमस्तक होकर पढ़ें-"**उमाभ्यां जानुम्यां पाणिभ्यां शिरसा उरसा मनसा वचसा नमस्कारं करोमि नमः।**

अभिनवगुप्त कृत शिवस्तुतिः

इस स्तुति के बारे में जनश्रुति चलती आई है, "जब अभिनवगुप्त स्वेच्छा से अपना पंचभौतिक शरीर छोड़ने के लिये किसी रम्य एकान्त भूमि की तलाश में जन्मभूमि काश्मीर के घने जंगलों में घूम रहे थे, उस समय उनकी शिष्य मण्डली उन के साथ थी, उसी समय शैवशास्त्रों के रचयिता अभिनवगुप्त ने इस स्तुति की रचना की है शिष्यमण्डली के साथ इस शिवस्तुति के गूँज में ही मनोवाँछित स्थान पर पहुँच कर अभिनवगुप्त पञ्चभौतिक शरीर छोडकर ब्रह्मलीन हुये।

ॐ व्याप्त-चराचर-भाव-विशेषं, चिन्मयम्-एकम्-अनन्तम्-अनादिम्।
भैरव-नाथम्-अनाथ-शरण्यम्, तन्मय-चित्ततया-हृदि वन्दे।। 11

भावार्थः मैं अभिनवगुप्त मन की एकाग्रता से उस शंकर की हृदय में वन्दना करता हूँ, जो शंकर अखिल चराचर सृष्टि में ओत प्रोत है। जो ज्ञान रूप है, अनन्त है। भैरवों का स्वामी है और अनाथों को शरण देने वाला है।

त्वन्मयम्-एतत्-अशेषम्-इदानीं, भाति मम त्वत्-अनुग्रह शक्त्या
त्वं च महेश सदैव ममात्मा, स्वात्ममयं मम तेन समस्तम्।। 2 ।।

अर्थ: यह चराचर सृष्टि आप का ही रूप है, ऐसा मुझे आप की अनुग्रहशक्ति से प्रतीत होता है, परन्तु हे शंकर मेरी आत्मा ही आप हैं, अत: यह सारा जगत् मेरा ही रूप है, ऐसा भी मैं अनुभव करता हूँ।

स्वात्मनि-विश्वगते त्वयि नाथे, तेन न संसृति-भीतेः कथास्ति
सत्-स्वपि दुर्धर-दुःख विमोह, त्रास-विधायिषु कर्म-गणेषु।। 3 ।।

अर्थ: हे नाथ ! भयंकर दु:ख मोह उत्पन्न करने वाले कर्मो के जाल में फंसे हुये, आप के भक्त इस भावना कि विश्व आप का ही रूप है अत: वे संसार के क्षणिक दु:खों से डरते नहीं हैं, क्योंकि डर अथवा भय तब होता है जब दूसरा हो, जब आप के बिना कोई दूसरा है ही नहीं तो डर कहाँ "भयं द्वितीयात्"

अन्तक ! मां प्रति मा दृशम्-एनां, क्रोध-कराल-तमां विदधीहि
शंकर-सेवन-चिन्तन-धीरो, भीषण-भैरव-शक्ति-मयोस्मि ।। 4 ।।

अर्थ: हे यमराज ! क्रोध से कराल भयंकर दृष्टि से मेरी ओर न देख, जबकि मैं हर समय शंकर सेवन

के चिन्तन में लगा रहता हूँ, जिस सेवा चिन्तन से मैं भैरवशक्ति का पुंज बना हूँ अतः आप की यह कराल क्रोधभरी दृष्टि मेरा कुछ बिगाड़ नहीं सकती है।

इत्थम्-उपोढ-भवन्मय-संवित्, दीधिति-दारित-भूरि-तमिस्रः
मृत्यु-यमान्तक कर्म-पिशाचै, र्नाथ ! नमोस्तु न जातु बिभेमि ।।5।।

अर्थः हे शंकर सब कुछ आप का ही रूप है ऐसी संवित् के जागृत होने से मेरा अज्ञानरूपी अन्धकार नष्ट हो चुका है, अतः मैं यमराज के परिवारभूत पिशाच आदि से डरता नहीं हूँ, हे नाथ मेरा आप को बार-बार नमस्कार हो।

प्रोदित-सत्य-विबोध-मरीचि-प्रोक्षित-विश्व-पदार्थ-सतत्वः
भाव-परामृत-निर्भरपूर्णे, त्वय्यहम्-आत्मनि निर्वृतिम्-एमि।। 6।।

अर्थः हे शंकर ! आप के सत्यज्ञानरूप किरणों से विश्व के पदार्थ तथा सभी तत्व सिंचित अथवा हरकत में है। ऐसे ही इस ज्ञान के प्रकट होने पर मैं श्रद्धा के अमृत से परिपूर्ण आप के ही स्वरूप भूत अपने ही आत्मा में परमानन्द का अनुभव करने लगता हूँ।

मानस-गोचरम्-एति, यदैव-क्लेश-तनु-ताप-विधात्री
नाथ ! तदैव मम-त्वत्-अभेद, स्तोत्र-परामृत-वृष्टिर्-उदेति ।। 7 ।।

अर्थः शरीर के ताप को उत्पन्न करने वाली कष्ट की दशा को जब मैं मन से महसूस करने लगता हूँ, उसी समय मेरे अन्दर आप के अनुग्रह से प्राप्त अभेद वृष्टि का उदय होता है, जिस के प्रभाव से मैं किसी प्रकार का कष्ट अनुभव नहीं करता हूँ।

शंकर ! सत्यम्-इदं व्रत, दान-स्नान-तपो-भव-ताप-विनाशि
तावक-शास्त्र-परामृत, चिन्ता-सिध्यति चेतसि-निर्वृति-धारा ।। 8 ।।

अर्थः हे शंकर ! यद्यपि व्रत-दान-तप से संसार के दुःखों का नाश होता है, शैवशास्त्र के चिन्तनमात्र से ही मन में अमृत की धारायें प्रवाहित होने लगती हैं।

नृत्यति गायति हृष्यति गाढं, संवित्-इयं मम भैरवनाथ।
त्वां प्रियं आप्य सुदर्शनम्-एकं, दुर्लभम्-अन्यजनैः समयज्ञम् ।। 9 ।।

अर्थः हे मेरे भैरवनाथ ! मेरी दृढ़ संवित् यज्ञादिकों से अप्राप्य आप के अलौकिक दर्शन प्राप्त करके कभी नाचती है कभी गायन करती है कभी हर्ष का अभिनय करती है।

वसु-रस-पौषे कृष्ण-दशम्यां, अभिनव-गुप्तः स्तवम्-इमम्-अकरोत्
येन विभु-भव-मरु-सन्तापं, शमयति झटिति जनस्य दयालुः ।। 10 ।।

भावार्थः भक्तों पर दयालु आध्यात्मिक बलवाले अभिनवगुप्त ने सम्वत् 68 पौषकृष्णदशमी को यह शंकरस्तुति की है जिस के उच्चारण श्रवण मनन से क्षणमात्र में दयालु शंकर संसार रूपी मरुस्थल के दुःखों का नाश करता है। प्रत्यभिज्ञाहृदय, स्पन्द सन्दोह, बोधविलास पराप्रवेशिका आदि शैवशास्त्रों के रचयिता आचार्य क्षेमराज के गुरु, अद्वैतसिद्धान्त के सर्वश्रेष्ठ व्याख्याता "तन्त्रालोक" जैसे महान् शैवग्रन्थ के निर्माता **अभिनवगुप्त** की उपरिलिखित स्तुति संक्षिप्तभावार्थ सहित पाठको को अर्पित है, यह स्तुति विशेषतया हर एक काश्मीरी पण्डित को कण्ठस्थ करनी चाहिये ताकि हमारी आगामी सन्तति अपने आदरणीय पूर्वज काश्मीर के गौरवभूत आचार्य अभिनवगुप्त को भूल न जायें।

शिवसंकल्प (यजुर्वेद से)

यत्-जाग्रतो-दूरम्-उदेति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति।
दूरं-गमं ज्योतिषां ज्योतिर्-एकं- तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु ।। 1 ।।

अर्थः जो मन जागते हुये मनुष्य का दूर चला जाता है, और सोते हुये का निकट आ जात है, जो परमात्मा के साक्षात्कार का एकमात्र साधन है, जो ज्ञानेन्द्रियों का प्रकाशक और प्रवर्तक है, मेरा वह मन शिव, (कल्याणकारी) संकल्प वाला हो।

येन कर्मा-ण्यपसो मनीषिणो यज्ञे कृण्वन्ति विदथेषु धीराः।
यत्-अपूर्वं यक्षम्-अन्तः प्रजानां तन्मे मनः शिव संकल्पम्-अस्तु।। 2 ।।

अर्थः कर्मयोगी विद्वान् जिस मन के द्वारा हर एक कर्म को यज्ञ के ढाँचे में डालते हैं, जो इन्द्रियों का अध्यक्ष है, जो समस्त प्रजा के हृदय में निवास करता है, वह मेरा मन शिव संकल्प वाला हो।

यत्-प्रज्ञानम्-उत चेतो धृतिश्च यत्-ज्योतिर्-अन्तर्-अमृतं प्रजासु।
यस्मात्-न ऋते किंचन कर्म क्रियते तन्मे मनः शिवसंकल्पम्-अस्तु।। 3 ।।

अर्थः-जो मन ज्ञान का करण है जो धैर्यरूप है, जो समस्त प्रजा के हृदय में रह कर उन की इन्द्रियों को प्रकाशित करता है, जो मृत्यु होने पर भी अमर रहता है, जिस के बिना कोई भी कर्म किया नहीं जाता है वह मेरा मन शिवसंकल्प वाला हो।

येनेदं भूतं भुवनं भविष्यत् परिगृहीतम्-अमृतेन सर्वम्।
येन यज्ञस्तायते सप्तहोता तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु।। 4 ।।

जिस अमृतरूप मन के द्वारा भूत-भविष्य वर्तमान की सभी वस्तुयें जानी जाती हैं, जिस के द्वारा सात होता वाला शरीर रूपी यज्ञ सम्पन्न होता है मेरा वह मन शिवसंकल्प वाला हो (सात होताः-पांच ज्ञानेन्द्रिय मन और बुद्धि)

यस्मिन्-ऋचः साम यजूँषि, यस्मिन् प्रतिष्ठिता-रथनाभौ-इवाराः।
यस्मिन्-चितं सर्वम्-ओतं प्रजानां तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु।। 5 ।।

अर्थः जिस मन में रथचक्र की नाभि में अरियों के समान वेद प्रतिष्ठित है, जिस में सब पदार्थों से सम्बन्ध रखने वाला सम्पूर्ण ज्ञान ओत प्रोत है, मेरा वह मन शिवसंकल्प वाला हो।

सुषा-रथिर्-अश्वान्-इव, यन्मनुष्यान् नेनीयते-अभीशुभिर्-वाजिनःइव।
हृत्प्रतिष्ठं यत्-अजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु।। 6 ।।

अर्थः योग्य सारथि जैसे घोड़ों का संचालन करता है और लगाम के द्वारा घोडों का नियन्त्रण करता है, वैसे ही प्राणियों का संचालन तथा नियन्त्रण करने वाला हृदय में रहने वाला कभी बूढा-न होने वाला, अधिक तेज भागने वाला मेरा मन शिव संकल्प वाला हो।

"कृष्णं वन्देजगत्-गुरुम्"

भगवत् गीता के आरम्भ में भगवान् कृष्ण ने यद्यपि कोई मंगल श्लोक कहा नहीं है परन्तु निम्नलिखित 9 श्लोक किसी कृष्ण भक्त ने बनाए हैं। किसी-किसी भगवद्गीता में यह 9 श्लोक छपे हुए मिलते हैं परन्तु कश्मीरी पण्डित परम्परा से प्राय: यह श्लोक गीता के आरम्भ में पढ़ते हैं इसी कारण से इस वर्ष हमने यह श्लोक अर्थ सहित जन्त्री के पाठ प्रकरण में जोड़े हैं।

ॐ पार्थाय प्रतिबोधितां भगवता नारायणेन स्वयं
व्यासेन ग्रथितां पुराण-मुनिना मध्ये महाभारतम्।
अद्वैतामृत-वर्षिणीं भगवतीम्-अष्टादशा-ध्यायिनीम्
अम्बत्वाम्-अनुसन्दधामि भगवत्-गीते भव-द्वेषिणीम्।। 1।।

अर्थ—भगवान् कृष्ण से अर्जुन को समझाई गई, वेदव्यास से महाभारत में ग्रथित की गई, अद्वैत-अमृत की वर्षा करनेवाली, अठारह अध्याय वाली, ऐसी ही माता भगवद्गीते, तुम्हारा मैं मन से ध्यान करता हूं।

नमोस्तु ते व्यास विशालबुद्धे फुल्लारविंदा-यतपत्र-नेत्र।
येन त्वया भारत-तैल-पूर्ण: प्रज्वालितो ज्ञानमय: प्रदीप:।। 2।।

अर्थ—हे विशाल बुद्धि वाले, हे प्रफुल्लित कमल नेत्र वाले वेदव्यास जी ! आप ने महाभारतरूप तैल से पूर्ण ज्ञानमय दीपक जलाया, ऐसे आपको नमस्कार हो।

प्रपन्न-पारिजाताय तोत्र-वेत्रैक-पाणये।
ज्ञानमुद्राय कृष्णाय गीतामृत-दुहे नमः।। 3।।

अर्थ—शरणागत के कल्पवृक्ष, हाथ में चाबुक लिए हुए, ज्ञान मुद्रा युक्त (ज्ञानरूप) गीता अमृत के दुहने वाले भगवान् कृष्ण को नमस्कार हो।

सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।
पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्।। 4।।

अर्थ—सभी उपनिषद् मानिए गौ हैं, इस उपनिषद रूपी गौवों को दुहने वाला गोपाल नन्दन भगवान् कृष्ण हैं, अर्जुन बछड़ा है, जो स्वयं दूध गाय के स्तनों से पीकर अपना पेट भरता है और दूसरों के लिए भी निकलवाता है, जिन गौओं से दूध निकलवाता है वही गीता अमृत है, जिस अमृत को पीने वाले बुद्धिमान पुरुष हैं।

वसुदेव सुतं देवं कंसचाणूर-मर्दनम्।
देवकी परमानन्दं कृष्णं वन्दे जगत्-गुरुम्।। 5।।

अर्थ—वसुदेव के पुत्र, कंस और चाणूर को मारने वाले, देवकी को परमानन्द देने वाले, जगत् गुरु भगवान् कृष्ण को मैं प्रणाम करता हूं।

भीष्मद्रोणतटा जयत्रथ-जला गान्धार-नीलोत्पला
शल्य-ग्राहवती कृपेण वहनी कर्णेन वेलाकुला।
अश्वत्थाम-विकर्ण-घोर-मकरा दुर्योधना-वर्तिनी
सोत्तीर्णा खलुपाण्डवैः रणनदी कैवर्तके केशवः।। 6।।

अर्थ—जिस युद्धरूपी नदी के भीष्म और द्रोण दोनों तट हैं, जिसमें जयत् रथ जल हैं, गान्धार नील कमल हैं, शल्य ग्रह (ग्रसने वाला) जलचर है, कृप प्रवाह है, कर्ण लहरे हैं, अश्वत्थामा और विकर्ण घोरमकर हैं, दुर्योधन भंवर है, ऐसी युद्धरूपी नदी निश्चय करके पाण्डवों से मल्लाह भगवान् कृष्ण द्वारा उत्तीर्ण की गई है।

पाराशर्यवचः सरोजं-अमलं, गीतार्थ-गन्धोत्कटं
नानाख्यानक-केशरं-हरिकथा, सम्बोधना बोधितम्।
लोके सज्जन-षट्पदैर्-अहर्-अहः पेपीयमानं मुदा
भूयात्-भारत-पंकजं, कलिमल-प्रध्वंसिनः श्रेयसे।। 7।।

अर्थ—पाराशर्य (वेदव्यास) के वचनरूपी सर में उत्पन्न हुए निर्मल गीता-अर्थ रूप उत्कट गन्धवाला, नाना प्रकार के प्रसंगरूप सुगन्धित फूलवाला, हरिकथा (ज्ञान की कथाओं) से जो प्रफुलित है, संसार में सतपुरुषरूप भ्रमरों से आनन्दपूर्वक प्रतिदिन पिया जाने वाला, कलियुग के पापों का नाश करने वाला ऐसा यह महाभारत रूप कमल हमारा कल्याण करे।

मूकं करोति वाचालं पंड्गुं लङ्घयते गिरिं।
यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्द-माधवम्।। 8।।

अर्थ—मैं उस परमानन्द लक्ष्मीपति को नमस्कार करता हूं, जिनकी कृपा गूंगे को वाचाल और लंगडे को पर्वत उलंघन करनेवाला बना देता हैं।

यं ब्रह्मा-वरुणेन्द्र-रुद्रमरुतः स्तुन्वन्ति दिव्यैः स्तवै,
वेंदैः सांग, पद, क्रमो-पनिषदै-र्गायन्ति यं सामगाः।
ध्याना-वस्थित तत्-गतेन मनसा, पश्यन्ति यं योगिनो
यस्यान्तं न विदुः सुरासुरगणा देवाय तस्मै नमः।। 9।।

अर्थ—ब्रह्मा, इन्द्र, रुद्र और वायु देवता जिस परमात्मा की दिव्य स्तोत्रों से स्तुति करते हैं, सामवेद के गाने वाले (उद्गाता) अङ्ग; पद, क्रम, उपनिषदों सहित वेदों से जिसको गाते हैं, योगी लोग ध्यान में स्थित तद्गत हुए मन से जिनका दर्शन करते हैं, देवता और असुरगण (कोई भी) जिनके अन्त को नहीं जानते उन परमदेव भगवान् कृष्ण को मेरा नमस्कार हो।

अष्टादशश्लोकी गीता

यं ब्रह्मा वरुणेन्द्रमरुतः स्तुन्वन्ति दिव्यैः स्तवै-
वेंदैः साँगपद-क्रमोप-निषदै-र्गायन्ति यं सामगाः।
ध्यानावस्थित-तद्गतेन मनसा पश्यन्ति यं योगिनो
यस्यान्तं न विदुः सुरा-सुर-गणा देवाय तस्मै नमः।।

अर्थ-जिनका ब्रह्मा, वरुण, इन्द्र, और मरुद्गण दिव्य स्तोत्रों द्वारा स्तुति करते हैं, सामवेदके गानेवाले अंग, पद, क्रम और उपनिषदों के सहित वेदों द्वारा जिनका गान करते हैं, योगीजन ध्यान में स्थित तद्गत हुए मनसे जिनका दर्शन करते हैं, देवता और असुरगण (कोई भी) जिनके अन्तको नहीं जानते, उन (परमपुरुष नारायण) देव के लिए मेरा नमस्कार है।

निमित्तानि च पश्यामि-विपरीतानि केशव
न च श्रेयो-नुपश्यामि हत्वा स्वजनम्-आहवे।। 1 ।।

अर्थ- अर्जुन भगवान् से कहता है, कि अब मुझे सब लक्षण उल्टे दिखाई देते हैं, ऐसे मुझे प्रतीत नहीं होता है कि अपने सम्बन्धियों को युद्ध में मारकर कुछ कल्याण हो सकेगा।अध्याय 1 श्लोक 31

योगस्थः कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनंजय।
सिद्ध्य-सिद्ध-योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।। 2 ।।

अर्थ-फल की आशा छोड़ कर सिद्धि हो या न हो फिर भी अपने मन की वृत्ति समान रखनी चाहिये, इस प्रकार की चित्त की समवृत्ति को योग कहते हैं, इस योग से युक्त होकर मनुष्य अपने सब कर्म करे।

कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन्।
इद्रियार्थान्-विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते।। 3 ।।

अर्थ-जो हठ से कर्मेन्द्रियों को रोकता है परन्तु अन्दर ही अन्दर मन से विषयों का चिन्तन करता है उस मूर्ख को मिथ्याचारी कहते हैं।

अध्याय 3 श्लोक 6

श्रद्धावान्-लभते ज्ञानं तत्-परः संयतेन्द्रियः
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिम्-अचिरेणाधिगच्छति।। 4 ।।

अर्थ-ईश्वर गुरु और धर्म शास्त्रों में श्रद्धा रखने वाला मनुष्य ज्ञान को प्राप्त करता है और ज्ञान होने

पर उसको शान्ति प्राप्त होती है। अध्याय 4 श्लोक 39

यतेन्द्रिय मनो बुद्धि-र्मुनि-मोक्ष-परायणः
विगतेच्छा-भय क्रोधो-यः सदा मुक्त एव सः।। 5 ।।

अर्थ-जो मनुष्य इन्द्रियों, मन और बुद्धि को वश में रखता है और केवल ब्रह्मशान्ति प्राप्त करने में लगा रहता है वह सदा मुक्त है। अध्याय 5 श्लोक 28

युक्ताहार-विहारस्य युक्त-चेष्टस्य कुर्मसु
युक्त-स्वप्ना-व बोधस्य योगो भवति दुःखहा।। 6 ।।

अर्थ- यथायोग्य आहार विहार करने वाला कर्मो को यथायोग्य ढंग से करने वाला यथायोग्य निद्रा करने और योग्य समय पर उठने वाले साधक का योग दुःख को दूर करने वाला होता है।
अध्याय 6श्लोक 17

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया,
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायाम्-एतां-तरन्ति-ते।। 7 ।।

अर्थ-परमात्मा की सत्वरज तमोगुणमयी माया को पार करना कठिन है जो मुझ ईश्वर को प्राप्त करते

हैं वह इस माया से पार हो जाते हैं।

अध्याय 7 श्लोक 14

अग्निर्-ज्योतिर्-अहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम्

तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः।। 8 ।।

अर्थ-उत्तरायण काल के छः मास के शुक्ल पक्ष में दिन के प्रकाश में प्रदीप्त अग्नि के समय जो ब्रह्मज्ञानी इस शरीर को छोड़कर चले जाते हैं वे ब्रह्म को प्राप्त होते हैं।

अध्याय 8 श्लेक 24

अपि चेत्-सुदुराचारो भजते माम्-अनन्यभाक्

साधुर्-एव स मन्तव्यः सम्यक्-व्यव-सितोहि-सः।

अर्थ- बड़े से बड़ा दुराचारी यदि अनन्यभाव से मेरा भजन करेगा तो यह समझ लेना चाहिये कि वह साधु हो जायेगा।

अध्याय 9 श्लोक 30

यो माम्-अजम्-अनादिम्-च वेत्ति-लोक-महेश्वरम्

असंमूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते।।

अर्थ-जो मुझे जन्म रहित, आदि रहित सब लोकों का स्वामी समझता है वह संसार में अज्ञान से छूटकर यानी ज्ञानी बनकर सब पापों से मुक्त होता है।

अध्याय 10 श्लोक 3

मत्कर्म कृत्-मत्परमो मत्-भक्तः संघ-वर्जितः
निर्वैरः, सर्व-भूतेषु यः स मामेति पाण्डव।।

अर्थ-हे अर्जुन जो मेरे लिये कर्म करता है, जो मुझे परमश्रेष्ठ मानता है जो भोगों का संग छोड़ता है और सब प्राणियों के विषय में वैर रहित होता है मेरा वही भक्त मुझे प्राप्त करता है।

अध्याय 11 श्लोक 55

श्रेयो हि ज्ञानम्-अभ्यासात्, ज्ञानात्-ध्यानं विशिष्यते,
ध्यानात्-कर्म-पलत्याग, स्त्यागात्-शान्तिर्-अनन्तरम्।।

अर्थ-अभ्यास योग से ज्ञान योग श्रेष्ठ है, ज्ञान योग से ध्यान योग की विशेषता अधिक है, ध्यान योग से कर्मफल का त्याग उत्तम है, कर्मफल का त्याग करने से शीघ्र ही शान्ति मिलती है।

अध्याय 12 श्लोक 12

क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्व-क्षेत्रेषु भारत
क्षेत्र-क्षेत्र ज्ञयोर्ज्ञानं-तत्-यत्-ज्ञानं मतं मम।।

अर्थ-हे भारत! सब क्षेत्र में रहने वाले मुझे तू क्षेत्रज्ञ समझ जो क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ का ज्ञान है वही मेरा ज्ञान है।

अध्याय 13 श्लोक 2

मां च यो -व्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते,

स गुणान्-सम्-अतीत्य-तान्-ब्रह्म्-भूयाय कल्पते।।

अर्थ-जो एक निष्ठ भक्ति भाव से मेरी सेवा करता है वह इन गुणों को लांघ कर ब्रह्म के महत्व को प्राप्त करने योग्य बन जाता है। अध्याय 14 श्लोक 26

निर्मान-मोहा जितसंग-दोषा अध्यात्म-नित्या विनि-वृत्तकामाः

द्वन्द्वै-र्विमुक्ता सुख दुःख संज्ञैर्गच्छन्त्य मूढाःपदम्-अव्ययं-तत्।।

अर्थ-जो अभिमान रहित, मोह रहित, अनासक्त आत्मनिष्ठ भोगवासना रहित, द्वन्द्वभाव से दूर और ज्ञानी है, वह उस अविनाशी परम पद को प्राप्त होते हैं। अध्याय 15 श्लोक 5

यः शास्त्र-विधिम्-उत्सृज्य वर्तते काम-कारतः।

न स सिद्धिम्-अवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्।।

अर्थ- जो शास्त्र विधि को त्याग कर मनमाना आचरण करता है उसे न सिद्धि मिलती है न सुख मिलता है और न श्रेष्ठ गति ही प्राप्त होती है। अध्याय 16 श्लोक 23

मनः प्रसादः सौम्यत्वं मौनम्-आत्म-विनिग्रहः।
भाव-संशुद्धिर्-इत्येतत्-तपो मानसम् उच्यते।।

अर्थ- मन को प्रसन्न रखना, शान्ति का अवलम्बन करना, मौन धारण करना, संयम करना और आत्मशुद्धि करना मानसिक तप है। अध्याय 17 श्लोक 16

सर्व-धर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्व-पापेभ्यो मोक्ष-यिष्यामि मा-शुचः।।

अर्थ-सब धर्मों को छोड़कर मुझ अकेले (ईश्वर) की शरण आये मैं तुम्हें सब पापों से मुक्त करूँगा, तू शोक मत कर। अध्याय 18 श्लोक 66

सप्तश्लोकी गीता

ॐ इत्येकाक्षंर ब्रह्म, व्याहरन्-माम्-अनुस्मरन्
यः प्रयाति त्यजन् देहं, स याति परमां गतिम्।.

अर्थ- योग धारण में स्थित ओंकार रूपी एकाक्षर ब्रह्म का उच्चारण करता हुआ और मेरा (परमेश्वर) का चिन्तन्र करता हुआ जो साधक देह त्यागता है वह निःसनदेह श्रेष्ठगति को प्राप्त होता है।

अध्याय 8 श्लोक 13

स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या। जगत्-प्रहृष्य-त्यनुरज्यते च।।
रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति। सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंघाः 1. 2।।

अर्थ-हे हृषीकेश यह ठीक ही है आपका कीर्तन करने से जगत् प्रसन्न होता है और उसमें उसको प्रीति होती है, राक्षस तुम से डर कर दिशाओं में भाग जाते हैं और सभी पुरुषों के समुदाय आपको प्रणाम करते हैं।

अध्याय 11 श्लोक 36

सर्वतः पाणिपादं तत्-सर्वतोक्षि-शिरोमुखम्।
सर्वतः श्रुतिमत्-लोके सर्वम्-आवृत्य-तिष्ठति।। 3 ।।

अर्थ-इस लोक में उसके सर्वत्र हाथ, पांव सब ओर आँख, सिर और मुख और सब ओर कान हैं वह सर्वत्र व्याप कर रह रहा है।

अध्याय 13 श्लोक 13

कविं पुराणम्-अनुशासितारम्। अणोरणीयांसम्-अनु-स्मरेत्-यः।।
सर्वस्य धातारम्-अचिन्त्यरूपम्। आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्।। 4 ।।

अर्थ- जो अन्तकाल में सर्वज्ञ पुरातन नियन्ता अणु से भी सूक्ष्म, सब के धारण कर्ता अचिन्त्य स्वरूप अन्धकार से परे रहने वाले सूर्य के समान तेजस्वी ईश्वर का स्मरण करता है-वह उसी दिव्य परमात्मा को प्राप्त होता है। अध्याय 8 श्लोक 9

उर्ध्वमूलम्-अधः-शाखम्-अश्व-त्थं प्राहुर्-अव्ययम्।
छन्दांसि-यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित्।। 5 ।।

अर्थ- संसार का वृक्ष अनादि अनन्त चारों ओर फैला है, इसके ज्ञान रूपी पत्ते सबको शीतल छाया देने वाले हैं, शाखायें ऊपर नीचे फैली है, इनमें सत्त्व-रज तम गुणों का रस भरपूर भरा है, शब्द स्पर्श रूप रस गंध विषयों के सुखदायी कोमल अंकुर लगे हैं और इनकी कर्मों से सम्बन्ध जोड़ने वाली जड़े चारों ओर फैली हुई है। अध्याय 15 श्लोक 1

सर्वस्य चाहं हृदि संनिविष्टो मत्तः स्मृतिर्-ज्ञानम्-अपोहनं च।
वेदैश्च सर्वैर्-अहमेव वेद्यो वेदान्त-कृत्-वेद विदेव-चाहम्।। 6।।

अर्थ– मैं ईश्वर सबके हृदयों में रहता हूँ, मुझसे ही सब को स्मरण, ज्ञान विस्मरण और अज्ञान होता है मैं ही सब वेदों के द्वारा जानने योग्य हूं और मैं ही वेदान्त शास्त्र का निर्माण करने वाला और वेद का ज्ञाता हूं।
अध्याय 15 श्लोक 15

मन्मना-भव-मत्-भक्तो मत्-याजी मां नमस्कुरु।
मामे-वैष्यसि युक्त्वैवम्-आत्मानं मत्-परायणः।। 7 ।।

अर्थ– मुझमें मन लगा, मेरा भक्त बन, मेरे निमित्त भजन कर, मुझे नमस्कार कर, इस तरह मुझमें परायण होकर मेरे साथ आत्मा का योग करने से तू मुझे प्राप्त कर लेगा।
अध्याय 9 श्लोक 34

सप्तश्लोकी दुर्गा

ज्ञानि-नाम्-अपि चेतांसि देवी भगवती हि सा।
बलात्-आकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति।। 1 ।।

अर्थः भगवती माहमाया देवी ज्ञानियों के भी चित को बलपूर्वक खींच कर मोह में डाल देती है।।1।।
अध्याय 1 श्लोक 55

दुर्गे स्मृता हरसि भीतिम्-अशेष-जन्तोः
स्वस्थैः स्मृता मतिम्-अतीव शुभां ददासि।
दारि-द्र्य-दुःख-भय-हारिणि का त्वत्-अन्या
सर्वोप-कार-करणाय दयार्द्र-चित्ता।। 2 ।।

अर्थः माँ दुर्गे! आप स्मरण करने पर सब प्राणियों का भय हर लेती है, और स्वस्थ पुरुषों द्वारा चिन्तन करने पर उन्हें परम कल्याण रूपी बुद्धि देती है, दुःख दरिद्रता हरनेवाली देवी आप के बिना कौन है जिस का चित्त सब का उपकार करने के लिये सदा ही दयार्द्र रहता है।।2।। अध्याय 4 श्लोक 17

सर्व-मंगल-मंगल्ये शिवे सर्वार्थ-साधिके,
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते।। 3 ।।

अर्थः हे माँ! तुम सब प्रकार का मंगल करने वाली मंगलमयी हो, कल्याण करने वाली शिवा हो, सब पुरुषार्थो को सिद्ध करने वाली, शरणागत-वत्सला, तीन नेत्रों वाली तथा सब की पीड़ा दूर करने वाली, नारायणी देवी, तुम्हें नमस्कार है। अध्याय 11 श्लोक 10

शरणागत-दीनार्त-परित्राण-परायणे
सर्वस्यार्ति-हरे देवि नारायणि नमोस्तु ते।। 4 ।।

अर्थः शरण में आये हुये, दीनों एवं पीड़ितों की रक्षा में लगी रहने वाली, तथा सब की पीड़ा दूर करने वाली, नारायणी देवी तुम्हें नमस्कार है। अध्याय 11 श्लोक 12

सर्व-स्वरूपे सर्वेशे सर्व-शक्ति-समन्विते,
भयेभ्यस्त्राहि-नो देवि दुर्गे देवि नमोस्तुते।। 5 ।।

अर्थः सर्वरूपा, सर्वेश्वरी तथा सब प्रकार की शक्तियों से सम्पन्न, दिव्यरूपा दुर्गे सब भयों से हमारी रक्षा करो, तुम्हें नमस्कार है। अध्याय 11 श्लोक 24

रोगान्-अशेषान्-अपहंसि तुष्टा
रुष्टा-तु कामान् सकलान्-अभीष्टान्
त्वाम्-आश्रितानां न विपत्-नराणां
त्वाम्-आश्रिता ह्या श्रयतां प्रयान्ति।। 6 ।।

अर्थः हे देवी ! तुम प्रसन्न होने पर सब रोगों को नष्ट करने वाली, और कुपित होने पर मनोवांछित सभी कामनाओं का नाश कर देती हो। जो लोग तुम्हारी शरण में जा चुके हैं, उन पर विपत्ति आती ही नहीं है, तुम्हारी शरण में गये हुये मनुष्य दूसरों को शरण देने वाले हो जाते है।।6।।

अध्याय 11 श्लोक 29

सर्वा-बाधा-प्रशमनं त्रैलोक्य-स्याखिलेश्वरि
एवम्-एव त्वया कार्यम्-अस्मत्-वैरि-विनाशनम्।। 7 ।।

अर्थः हे सर्वेश्वरि ! जिस प्रकार तुम ने मधुकैटभ का नाश किया तुम उसी प्रकार तीनों लोकों की सभी बाधाओं को शान्त करो और हमारे शत्रुओं का नाश करती रहो। अध्याय 11 श्लोक 29

इति सप्तश्लोकी दुर्गा समाप्ता

* *

भगवान् कृष्ण कहते हैं

जो व्यक्ति श्रद्धा से गीता संवाद (गीता प्रवचन) सिर्फ सुनेगा ही, वह मुक्त होकर, पुण्यात्मा जहां पहुंचते हैं उन शुभलोकों को वह भी पावेगा।

अध्याय 18 श्लोक71

वन्दे महापुरुष ते चरणारबिन्दम्

ध्येयं सदा परिभवघ्नं-अभीष्टदोहं
तीर्थास्पदं शिव-विरिञ्चि-नुतं शरण्यम्।
भृत्यार्तिहं प्रणतपाल ! भवाब्धिपोतं
वन्दे-महापुरुष ! ते चरणारबिन्दम्।। 1।।

अन्वय-शब्दार्थ

महापुरुष = हे भगवान् कृष्ण, **प्रणतपाल !** = प्रणाम करने वालों की रक्षा करने वाले, **ते** = आपके, **चरणारबिन्दं** = चरण कमल को, **ध्येयं** = जो ध्यान करने के योग है, **सदा** = हर समय, **परिभवघ्नं** = अपमानादि दु:खों का नाश करने वाला, **अभीष्ट दोहं** = इछित पदार्थों का देने वाला, **तीर्थास्पदं** = तीर्थों का स्थान, **शिवविरिञ्चिनुतं** = शंकर और ब्रह्मा जिस को झुकते हैं, **शरण्यं** = रक्षा करने वाला, **भृत्यार्तिहं** = दासों अथवा भक्तों के दु:खों का नाश करने वाला, भवाब्धिपोतं= संसार सागर से पार करने वाला जहाज़।।

अर्थ :–हे महापुरुष-हे प्रणतपाल भगवान कृष्ण! मैं आपके उस चरण कमल को प्रणाम करता हूँ, जो चरण कमल ध्यान करने योग्य हैं, जो दुःखों का नाश करने वाला है, जो इच्छित पदार्थों का देने वाला है, जिस में सभी तीर्थ टिके हुये हैं, शंकर और ब्रह्मा जिस को झुकते हैं, जो रक्षा करने वाला हैं, जो भक्तों के दुःखों का नाश करने वाला है, जो भवसागर से पार करने के लिए जहाज़ है।

त्यक्त्वा सुदुस्त्यज–सुरेप्सित–राज्यलक्ष्मीं
धर्मिष्ठ–आर्य–वचसा यत्–अगात्–अरण्यम्।
मायामृगं दयित–येप्सितं–अनुधावत्
वन्दे महापुरुष ! ते चरणारबिन्दम्।।2।।

__धर्मिष्ट__ = धर्मात्मा, __आर्य__ = श्रेष्ठ राजा दशरथ के कहने से, __सुदुस्त्यज__ = जिस का त्याग करना बहुत ही कठिन है, __सुरेप्सित__ = देवता जिस को चाहते हैं, __ऐसी राज्यलक्ष्मीं__ = राज्यपाठ को, __त्यक्त्वा__ = छोड कर, __यत्__ = जो (चरणकमल) __अरण्यं__ = जंगल को, __अगात्__ = गया, __मायामृगं__ = माया शरीरधारी, __मृगं__ = हिरण को, __दयितयेप्सितं__ = सीता से चाहा हुआ, __अनुधावत्__ = पीछे दौड़ पड़ा।

अर्थ–धर्मात्मा राजा दशरथ के कहने से (ऐसी राज्य लक्ष्मी) ऐसा राजपाठ जिस का त्याग करना बहुत ही कठिन

है, जिस को देवता चाहते हैं–ऐसे राज्यपाठ को छोडकर (ठुकराकर) जो चरणार-बिन्द जंगल में गया, सीता से चाहे हुये, माया शरीरधारी मृग के पीछे जो चरण कमल दौड पडा, ऐसे ही प्रशंसनीय कार्य रामावतार में जिस चरणकमल ने किया था उसको मैं नमस्कार करता हूँ।

श्रीमत्–सरोरुह–यवाँकुश–चक्रचाप
मत्स्या–ङ्कितं नव–विल्लोहित–पल्लवाभम्
लक्ष्म्यालयं परममंगलं–आत्मरूपं
वन्दे महापुरुष! ते–चरणारबिन्दम्।। 3।।

अन्वय-शब्दार्थ

श्रीमत् = शोभायमान, **सरोरुह** = कमल, **यव** = जव, **अंकुश** = लोहे की वह छड़ी जिस से हाथी हाँका जाता है (काश्मीरी में टोंग) **चक्र** = गोलाकार चिह्न, **चाप**= धनुष, **मत्स्य** = मछली (इन सामुद्रिक चिह्नों से) **अंकितं** = निशानवाला, **नव** = नये, **विल्लोहित** = लाल, **पल्लव** = बाल पत्र की, **आभम्** = शोभावाला, **लक्ष्म्यालयं** = लक्ष्मी का घर, **परमंगलं** = अधिक मंगलदायक, **आत्मरूपं** = परमात्मा का ही प्रत्यक्षरूप, **ते** = आपके, **चरणारबिन्दं** = चरण कमल को, **वन्दे** = प्रणाम करता हूँ।

अर्थ–मैं आप के उस चरण कमल को प्रंणाम करता हूँ, जो शोभायुक्त है, जो चरणारबिन्द कमल, जव, अंकुश, चक्र, धनु, मछली इन सामुद्रिक राज योग वाले चिह्नों से युक्त हैं जो लाल बालपत्र की जैसा शोभावाला है जो लक्ष्मी का घर है, जो परम-मंगलदायक है, जो परमात्मा का ही प्रत्यक्षरूप है।

वृन्दावनान्तरं–अगात्–अनुगोकुलानां
संचार्य सर्वपशुभिः स्वविवृद्ध–कामी।
संचिन्तयत्–अगगुरो–मृगपक्षिणां यत्
वन्दे महापुरुष! ते चरणार बिन्दम्।।4।।

अन्वय-शब्दार्थ

***स्वविंवृद्धकामी** = अपने गोकुल की वृद्धि का इच्छुक (भगवान् कृष्ण) **गोकुलानां-अनु** = गोकुल के पश्चात्, **वृन्दावनान्तंर** = वृन्दावन में, **अगात्** = गया, **सर्वपशुभिः** = सभी गोकुल के पशुओं के साथ, **संचार्य** = दौड़धूप करके अथवा (घूमघाम कर) **यत्** = जिस चरणकमल ने, **मृगपक्षिणां** = मृगपक्षी गोओं को, **अगगुरोः** = गोर्वधन पर्वत के नीचे, **संचिन्तयत्** = एकत्रित किया, **ते** = आप के, **तत् चरणारबिन्दं** = उस चरणकमल को **वन्दे** = मैं नमस्कार करता हूँ।*

अर्थ–जो भगवान् कृष्ण अपने कुल की वृद्धि का इच्छुक था, गोकुल के सभी पशुओं के साथ दोड़धूप करके जो चरण कमल वृन्दावन में गया, जिस चरणारबिन्द ने सभी मृगपक्षी गोओं को गोवर्धन पर्वत के नीचे एकत्रित किया था, हे महापुरुष भगवान् आप के उसी चरणारबिन्द को मैं प्रणाम करता हूँ।

यत्–गोपिका–विरह–जाग्नि परीतदेहाः
तप्तस्तनेषु विजहुः परिरभ्य तापम्।
रासे तदीय कुच–कुँकुम–पङ्कलिप्तं
वन्दे महापुरुष! ते चरणार–बिन्दम्।।5।।

अन्वय शब्दार्थ

गोपिका = गोपिकाओं के, **विरहजा** = विरह से उत्पन्न हुये, **अग्निपरीत** = अग्नि से घेरे हुये, **देहाः** = शरीरवाली, **तपस्तनेषु** = जलन से पीडित स्तनों में, **यत्** = जिस चरणबिन्द को, **परिरभ्य** = स्पर्श करके, **तापं** = जलन, **विजहुः** = समाप्त हुई, **रासे** = रास लीला में, **तदीय** = उन गोपिकाओं के, **कुच** = स्तनों पर जो, **कुँकुम** = **पङ्कलिप्तं** = केसर का लेप था उस से लिप्त, **ते-चरणार-बिन्दम्** = आप के चरणाकमल को **वन्दे** = प्रणाम करता हूँ।।

अर्थ–रासलीला में गोपिकाओं के स्तनों के केसरलेप से लिप्त जिस चरणारबिन्द को (आलिंगन) स्पर्श करके, विरह

की अग्नि से घेरे हुये गोपिकाओं के जलन से पीडित स्तनों का ताप दूर हुआ था हे महा पुरुष कृष्ण! मैं उस चरणारबिन्द को प्रणाम करता हूँ।।

कालीय-मस्तक-विघटन-दक्षम्-अस्य
मोक्षेप्सुभि-र्विरहदीन-मुखाभिर्-आरात्।
तत्-पत्निभिः स्तुतम्-शेष-निकामरूपं
वन्दे महापुरुष! ते चरणार-बिन्दम्।।6।।

अन्वय शब्दार्थ

कालीय *= कालीनाग के,* ***मस्तक*** *= सिर के,* ***विघटन*** *= नष्ट करने में (फोडने में)* दक्षं *= निपुण, तत्* - ***पत्निभिः*** *= उस कालीनाग की पत्नियों ने,* ***मोक्षेप्सुभिः*** *= मोक्ष की इच्छावाली,* ***विरह-दीन-मुखाभिः*** *= कालीनाग के विरह से दीन मुखवाली,* ***आरात्*** *= समीप में बैठी हुई,* ***अशेष-निकाम-रूपं*** *= अत्यन्तश्रद्धासे,* ***स्तुतम्*** *= स्तुति किया हुआ,* ***ते*** *= आपके* ***चरणारबिन्दं*** *= चरण कमल को,* ***वन्दे*** *= नमस्कार करता हूँ।*

अर्थ—पति के विरह से दुःखित, पति के मुक्ति की इच्छावाली, कालीनाग की स्त्रियों ने, कालीनाग के समीप बैठकर जिस चरणारबिन्द की-अनन्य भक्ति से स्तुति की थी, जो चरणारबिन्द कालीनाग के मस्तक फोडने में (नष्ट करने

में) निपुण था, हे महापुरुष, मैं आप के उस चरणारबिन्द को नमस्कार करता हूँ।

ज्ञानालयं श्रुतिविमृग्यं-अनादिम्-अर्च्यम्
ब्रह्मादिभि र्हृदि-विचन्त्यं-अगाध-बोधैः।
संसार-कूप-पतितो-त्तरणाव-लम्बम्
वन्दे महापुरुष! ते चरणारबिन्दम्।। 7।।

अन्वय-शब्दार्थ

ज्ञानालयं *= जो ज्ञान का घर है,* ***श्रुति-विमृग्यं*** *= वेद जिस को ढूँढते हैं,* ***अनादिम्*** *= जिस का आद्य नहीं है,* ***अर्च्यं*** *=जो पूजा के योग्य है,* ***ब्रह्मादिभिः*** *= ब्रह्मादि देवता,* ***हृदि*** *= हृदय में,* ***विचन्त्यम्*** *= जिस का चिन्तन करते हैं,* ***अगाध बोधैः*** *= अधिक ज्ञानी (ज्ञान के भण्डार)* ***संसार कूप*** *= संसार के कुयें में,* ***पतितं*** *= घिरे हुओं को,* ***उत्तरण*** *= पारलेने में,* ***अवलम्बं*** *= सहारा बने हुये।*

अर्थ–जो ज्ञान का घर है, वेद जिस को ढूँढते हैं, जो आद्यन्त रहित है, जो पूजा के योग्य है, जो ज्ञान का भण्डार है। ब्रह्मादि देवता हृदय में जिस का चिन्तन करते हैं, संसाररूपी कुएँ में गिरे हुओं को पार करने में जो सहारा बना है-हे महापुरुष कृष्ण मैं आपके उस चरणारबिन्द को नमस्कार करता हूँ।

येनाङ्क-बालवपुषः स्तनपान-बुद्धेः
त्वत्-अँघ्रिणा-हृतमऽनो विपरीत चक्रम्।
विध्वस्त-भाण्डम्-अपतत् भुवि गोपमूर्तेः
वन्दे महापुरुष! ते चरणारबिन्दम्।।7।।

अन्वय-शब्दार्थ

येन *= जिस कृष्ण ने,* ***अङ्कबालवुपुषः*** *= गोद में उठाने योग्य छोटे शरीर वाले,* ***स्तन पानबुद्धेः*** *= दूध पीने की इच्छा वाले,* ***त्वत्*** *= आप के,* ***अंघ्रिणा*** *= पावों से,* ***हृतम्*** *= लात मारा हुआ,* ***विध्वस्तभाण्डम्*** *= तोडे हुये बर्तनों से युक्त,* ***विपरीतचक्रम्*** *= उल्टा दिया हुआ,* ***अनः*** *= छकडा,* ***गोपमूर्तेः भुवि*** *= नन्दगोप के अँगान में,* ***अपतत्*** *= जिस चरणारबिन्द से गिरा, उस,* ***ते*** *= आपके,* ***चरणारबिन्दं*** *= चरण कमल को,* ***वन्दे*** *= नमस्कार करता हूँ।*

अर्थ–गोद में उठाने योग्य छोटे शरीरवाले, दूध पीने के इच्छुक श्रीकृष्ण के पाँवों से लात मारा हुआ, तोडे हुये दूध के बर्तनों से भरा हुआ उल्टा दिया हुआ छकडा नन्दगोप के आँगन में जिस चरणारबिन्द ने गिराया उस आपके चरण कमल को हे महापुरुष मैं नमस्कार करता हूँ।

इत्यष्टकं पठति यः परमस्य पुंसो
नारायणस्य निरयार्णव-तारणस्य
सर्वाप्तिमाशु-हृदये कुरुते मनुष्यः
संप्राप्य-देहविलयं लभते च मोक्षम्।।8।।

अन्वय-शब्दार्थ

नारायणस्य = *सृष्टि का बनाने वाला तथा लय करने वाला,* ***निरयार्णव*** = *कष्ठों से भरे सागर से-****तारणस्य*** = *पार करने वाले,* ***परमस्य पुंसः*** = *भगवान कृष्ण के,* ***इति*** = *ऐसे ही,* ***अष्टकं*** = *यह आठ श्लोक,* ***यः मनुष्यः*** = *जो मनुष्य,* ***आशु*** = *विना विलम्ब के,* ***हृदये*** = *हृदय में,* ***कुरुते*** = *धारण करता है,* ***सर्वाप्तिम्-संप्राप्य*** = *सभी सुख ऐश्वर्य प्राप्त करके,* ***देह विलयं लभते*** = *आवागवन से मुक्त हो जाता है*

अर्थ—सृष्टि के बनाने तथा लय करने वाले, कष्टों से भरे सागर से पार करने वाले, भगवान कृष्ण के यह आठ श्लोक जो मनुष्य हृदय में धारण करता है, भक्ति से पढता है, वह मनुष्य सभी ऐश्वर्य प्राप्त करके, आवागमन के चक्र से मुक्त हो जाता है।

प्रातः स्मरण मंगलस्तोत्रम्

उत्तिष्ठो-त्तिष्ठ गोविन्द, उत्तिष्ठ गरुड़-ध्वज,
उत्तिष्ठ-कमलाकान्त, त्रैलोक्ये मंगलं कुरु।। 1 ।।
मंगलं भगवान् विष्णुः, मंगलं गरुड-ध्वजः,
मंगलं पुण्डरीकाक्षः मंगलायतनं हरिः।। 2 ।।
मूकं करोति वाचालं, पंगुं लंघयते गिरिम्
यत् कृपा तम्-अहं वन्दे, परमानन्द-माधवम्।। 3 ।।
नमो ब्रह्मण्य-देवाय, ग्रोब्रह्मण-हिताय च
जगत्-हिताय कृष्णाय, गोविन्दाय नमोनमः।। 4 ।।

कृष्णाय वासुदेवाय, देवकी-नन्दनाय च
नन्द-गोपकुमाराय, गोविन्दाय नमो नमः।। 5 ।।
त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वम्-एव,
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्वं मम देव देव।। 6 ।।

एक-श्लोकी-नवग्रहस्तोत्रम्

ब्रह्मा-मुरारिः-त्रिपुरान्त-कारी, भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च,
गुरुश्च शुक्रःशनि-राहु केतवः कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

इस एकश्लोकी नवग्रह स्तोत्र के नित्यपाठ से नवग्रहों की शान्ति होती है।

एकश्लोकी रामायण

आदौ राम-तपोवनादि-गमनं, हत्वा मृगं कांचनं
वैदेही-हरणं जटायु-मरणं, सुग्रीव सम्भाषणम्।
वाली निर्दलनं समुद्र तरणं, लंकापुरी-दाहनं
पश्चात् रावण कुम्भकर्ण-हननं, चैतत्-हि-रामायणम्।।1।।

श्रीरामस्तुतिः

श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि
सुग्रीवमित्रं परमं पवित्रं, सीताकलत्रं नवमेघ-गात्रम्।

कारुण्य-पात्रं शतपत्र-नेत्रं, श्रीराम-चन्द्रं सततं नमामि। 1 ।

अर्थः- सुग्रीव के मित्र, परमपावन, सीता के पति नवीन मेघ के समान शरीर वाले। करुणा के सिन्धु, कमल के समान नेत्रवाले श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।

संसार-सारं निगम-प्रचारं-धर्मावतारं हृतभूमि-भारम्।
सदाविकारं सुखसिन्धु-सारं-श्रीराम-चन्द्रं सततंनमामि।। 2 ।।

अर्थः- असार संसार का सारवस्तु, वेदों का प्रचार करने वाले, धर्म के अवतार, भू-भार हरण करने वाले, सदा विकार रहित, आनन्द सिन्धु के सारभूत, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।।

लक्ष्मी-विलासं जगतां निवासं-लंकाविनाशं भुवन-प्रकाशम्।
भू-देव-वासं शरत्-इन्दुहासं-श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 3 ।।

अर्थः- लक्ष्मी से विलास करने वाला, जगत् का निवास, लंकानाश करने वाला, भुवनों को प्रकाशित करने वाला, ब्राह्मणों को शरण देने वाला, शरत् चन्द्र हास्यवाला, श्रीरामचन्द्र का मैं निरन्तर नमन करता हूँ।

मन्दार-मालं-वचने रसालं - गुणैर्विशालं हत-सप्त-तालम्
क्रव्याद-कालं सुर-लोकपालं- श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 4 ।।

अर्थ:-मन्दारपुष्प माला वाले, रसीले वचन बोलने वाले, गुणों में महान्, सातताल वृक्ष भेदने वाले, राक्षसों के काल, देवलोक पालक, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।।

वेदान्त-गानं सकलैः समानं - हतारि-मानं-त्रिदश-प्रधानम्।
गजेन्द्र-यानं विगतावसानं - श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 5 ।।

अर्थ:-वेदान्त द्वारा गेय, सबके साथ एक जैसा, शत्रुओं का नाम मर्दन करने वाला, देवताओं में गजेन्द्र सवारी करने वाले, अन्त-रहित-श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।

श्यामाभि-रामं नयना-भिरामं, गुणाभिरामं, वचनाभिरामम्।
विश्व-प्रणामं कृतभक्तकामं, श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 6 ।।

अर्थ:- श्याम सुन्दर, नेत्रों को आनन्द देने वाला, गुणों से मनोहर, मधुर वचन बोलने वाले विश्व वन्दनीय, भक्तजनों की कामनायें पूर्ण करने वाले, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।

लीलाशरीरं रणरंगधीरं, विश्वैकसारं रघुवंश-हारम्।
गम्भीरनादं जितसर्व-वादं, श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 7 ।।

अर्थः- लीला के लिये शरीर धारण करने बाले रणस्थली में धीर, विश्व के सार, रघुवंश में श्रेष्ठ, गम्भीरवाणी बोलने वाले, समस्तवादों को जीतने वाले, श्रीरामचन्द्र को मैं प्रतिक्षण प्रणाम करता हूँ।

खले कृतान्तं स्वजने विनीतं - सामोपगीतं मनसाऽप्रीततम्।
रागेणगीतं वचनात्-अतीतं - श्रीराम चन्द्रं सततं नमामि।। 8 ।।

अर्थः- दुष्टों के लिये मृत्युरूप, अपने भक्तों के लिये नम्रभाव वाले, सामवेद के द्वारा स्तुत, मन के अगोचर प्रेम से गान करने वाले योग्य, वचनों से अग्राह्य, श्रीरामचन्द्र को मैं सर्वदा नमस्कार करता हूँ।

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।

।।कलिसन्तरणोपनिषद्"

नवग्रहपीडाहरस्तोत्रम्

सूर्य ग्रहाणाम्–आदिर्–आदित्यो–लोकरक्षण–कारकः
विषमस्थान–सम्भूतां–पीडां–हरतु–मे रविः। 1 ।

चन्द्र रोहिणीशः सुधामूर्तिः सुधागात्रः सुधाशनः
विषम–स्थान सम्भूतां पीडां हरतु मे विधुः। 2 ।

भौम भूमिपुत्रो महातेजो जगतां भयकृत् सदा
वृष्टिकृद्–वृष्टि–हर्ता च पीडां हरतु मे कुजः। 3 ।

बुध उत्पातरूपो जगतां चन्द्र पुत्रो महाद्युतिः
सूर्यप्रिय करो विद्वान्, पीडां हरतु मे बुधः। 4 ।

बृहस्पति देवमन्त्री विशालाक्षः सदा लोकहिते रतः
अनेक शिष्यसम्पूर्णः पीडां हरतु मे गुरुः। 5 ।

शुक्र दैत्यमन्त्री गुरुस्तेषां प्राणदश्च महामतिः
प्रभुस्तारा ग्रहाणां च पीडां हरतु मे भृगुः। 6 ।

शनि सूर्यपुत्रो दीर्घदेहो विशालाक्षः शिवप्रियः
मन्दाचारः प्रसन्नात्मा पीडां हरतु मे शनिः। 7 ।

राहु महाशिरो महावक्त्रो दीर्घदंष्ट्रो महाबलः
अतनुश्चोर्ध्वकेशश्च पीडां हरतु मे शिखी। 8 ।

केतु अनेक-रूप-वर्णश्च शतशोथ सहस्त्रशः
उत्पादरूपो जगतां पीडां हरतु मे तमः। 9 ।

नवग्रहों की उपासना

ग्रह	मन्त्र	समय	संख्या
सूर्य	"ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः"	प्रातः	7,000
चन्द्रमा	"ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्राय नमः"	सन्ध्या	11,000
भौम	"ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः"	प्रातः	10,000
बुध	"ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः"	प्रातः	9,000
वृहस्पति	"ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः"	सन्ध्या	19,000
शुक्र	"ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः"	सूर्योदय	16,000
शनि	"ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः"	सन्ध्या	23,000
राहु	"ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः"	रात्रौ	18,000
केतु	"ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः"	रात्रौ	17,000

देवी प्रार्थना

दुर्गे स्मृता हरसि भीतिम्-अशेषजन्तोः, स्वस्थैः स्मृता मतिम्-अतीव शुभां ददासि।
दारिद्र्य-दुःखभय-हारिणि का त्वत्-अन्या, सर्वोपकार-करणाय दयार्द्रचित्ता।।

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद, प्रसीद मात-र्जगतोखिलस्य।
प्रसीद विश्वेश्वारि पाहि विश्वं त्वं-ईश्वरी देवि चराचरस्य।

पृथिव्यां पुत्रास्ते जननि बहवः सन्ति सरलाः, परं तेषां मध्ये विरलतरलोहं तव सुतः।
मदीयोयं त्यागः समुचितम्-इदं नो तव शिवे, कुपुत्रो जायेत क्वचित्-अपि कुमाता न भवति।।
जगत्-मातर्-मातः तव चरणसेवा न रचिता, न वा दत्तं देवि द्रविणम्-अपि भूयस्तव मया।
तथापि त्वं स्नेहं मयि निर्-उपमं यत्-प्रकुरुषे, कुपुत्रो जायेत क्वचित्-अपि कुमाता न भवति।।
शरणागत-दीनार्त-परित्राण-परायाणे, सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणि नमोस्तु ते।
या देवी सर्व्रभूतेषु विष्णुमायेति शब्दिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तयै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्य-भिधीयते, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु निद्रारूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु क्षुधारूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु तृष्णारूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु क्षान्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।

या देवी सर्वभूतेषु जातिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु लज्जारूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु शान्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु श्रद्धारूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु कान्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण, संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतिषु स्मृतिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु दयारूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु भ्रांतिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।

आनन्दसुन्दर-पुरन्द्र-मुक्तमाल्यं, मौलौ हठेन निहितं महिषासुरस्य
पादाम्बुजं भवतु मे विजयाय मञ्जु, मञ्जीर-शञ्जित-मनोहरम्-अम्बिकायाः
उत्तप्त-हेमरुचिरे त्रिपुरे पुनीहि, चेत्तश्चि-रन्तनम्-अघौघवनं लुनीहि,

उ. :- शास्त्रों में दरज है कि वैदिक - संस्कृति में कन्याओं को यज्ञोपवीत ग्रहण करने का वैसी ही अधिकार था जैसा

वालकों को, वैदिक काल में स्त्रियां वेद-शास्त्र पढ़ा करती थी। गोभिलीय गृह्य सूत्र में लिखा है:-

प्रावृतां यज्ञोपवीतिनीम अभ्युदानयन् जपेत् सोमोऽददत् गन्धर्वाय इति

अर्थात्:- कन्या को कपड़ा पहने हुये, यज्ञोपीत धारण किये हुये पति के निकट लाये तथा यह मन्त्र पढें। इस मन्त्र में स्पष्ट है कि कन्या यज्ञोपवीत किये हुये हो। यह श्लोक भी इसकी पुष्टी करता है।

पुराकल्पे हि नारीणां मौञ्जीबन्धन मिष्यते। अध्यापनं च वेदानां सावित्री वाचनं तथा।।

अर्थात्:- प्राचीन काल में स्त्रियों का मौञ्जीबन्धन-उपनयन संस्कार होता था, वे वेदादि शास्त्रों का अध्ययन भी करती थी। हारीत संहिता तथा पराशर संहिता में कहा है:-

"द्विविधा स्त्रियों ब्रह्मवादिन्यः, सद्योवध्वश्च'। तत्र ब्रह्मवादिनीनाम् उपनयनम्, अग्निबन्धनम्, वेदाध्ययनम् स्व-गृहे भिक्षा इति, वधूनाम तु उपस्थिते विवाह कथंचित उपनयनं कृत्वा विवाहः कार्यः"।

अर्थात्:- दो प्रकार की स्त्रियां होती हैं एक वे ब्रह्मवादिनी जिन का उपनयन होता है, जो अग्निहोत्र करती है, वेदाध्ययन करती है अपने परिवार में ही भिक्षावृति से रहती है और दूसरी वे जिन का उपनयन संस्कार करके विवाह होता है। इसकी पुष्टी '**निर्णय सिन्धुकार**' ने भी अपने पुस्तक के पृष्ट 414 पर की है।

अथर्व वेद में लिखा है:- '**ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दतेपीतम्**।

अर्थात्:- ब्रह्मचर्याश्रम में रह कर वेदों को पढने और ब्रह्मचर्य.को पालन करने के उपरान्त गृहस्थ की कामना करने वाली कन्या युवक पति का वरण करती है।

वेद मन्त्रों के अर्थों को स्पष्ट करने वालों को 'ऋषि' कहा जाता है "**ऋषयो मन्त्र द्रष्टारः**' कई वेद मन्त्रों के अर्थ खोलने वाली '**ऋषिकायें**' भी हुई है ऋग्वेद में इस प्रकार की लगभग 30 ऋषिकाओं के नाम आते हैं जैसे गार्गी, मैत्रेयी,

मदालसा, अनुसूय्या, अरुन्धती, देवयानी, अहिल्या, कुन्ती, द्रोपदी इत्यादि गायत्री की उपासक रही है।
इसके अतिरिक्त मनु महाराज प्रत्येक धर्म कार्य में स्त्री-पुरुष का समान अधिकार मानते है। मनु ने घर में अग्निहोत्र आदि धर्मकार्यों के आयोजन की मुख्य जिम्मेदारी स्त्री को ही सौंपी है और यह आदेश दिया है कि पुरुष को प्रत्येक धर्म कार्य स्त्री को साथ लेकर करना चाहिये जैसे **"शोचे धर्म अन्नपक्त्यां"** अर्थात् घर की शुद्धि, धर्मकार्यों का आयोजन और भोजन बनाना आदि स्त्री को सौंपा है) मनु ने संस्कारों को सभी के लिये समान रूप दिया है वहां पर स्त्री-पुरुष का कोई भेद नहीं है सभी संस्कार मन्त्रपूर्ववती करने चाहिये वह स्त्री का हो या पुरुष का संस्कार ब्रह्मण वर्ग के लिये जरूरी चाहे वह स्त्री हो अथवा पुरुष।

काश्मीरी पण्डित लौगाक्ष के 24 संस्कारों को ही मानते हैं हम लड़की के केवल 9 संस्कार करते है। औश्र लड़के के 24 संस्कार। मनु स्मृति में लिखा है **'जन्मना जायते शूद्रः संस्कारात् द्विज उच्यते'** अर्थात् संस्कार करने पर ही हम अपने आप को ब्रह्मण कहला सकते हैं। शास्त्रों में लिखा है कि लड़की माता-पिता का क्रिया कर्म कर सकती है तथा लड़की अपने माता-पिता का दाह संस्कार भी कर सकती है परन्तु धर्म शास्त्र में यह भी लिखा है कि यज्ञोपवीत के बिना हम कोई भी धार्मिक कार्य अथवा क्रिया कर्म नहीं कर सकते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि वैदिक काल में कन्याओं का यज्ञोपवीत संस्कार होता था। यह बात भी है कि जब हम अपने लड़के का विवाह करते हैं तो लग्न के समय लड़के को छः दागों वाला यज्ञोपवीत पहनाते है और लड़के से कहता है कि पहले आप को तीन दागों वाला यज्ञोपवीत था अब छः दागों वाला यज्ञोपवीत है इसमें से तीन दागे आप को अपनी स्त्री के हैं अर्थात् आप को आज से अपनी स्त्री के धार्मिक कार्यों का चार्ज भी लेना है क्योंकि उस को गृहस्थ का पूरा कार्य है तथा बच्चों की देखभाल करनी है इस से स्पष्ट होता है कि लड़की को भी यज्ञोपवीत धारण करने का अधिकार था परन्तु समय बीतने के साथ-साथ यह संस्कार केवल लड़कों

तक ही सीमित रहा है जैसे कर्ण वेध का संस्कार। पहले पहल कर्ण वेध का संस्कार दोनों लड़कों तथा लड़कियों को करते थे परन्तु समय बीत जाने के साथ-साथ यह संस्कार केवल लड़कियों तक ही सीमित रहा। आप किसी वृद्ध माता जी से भी पूछें कि पहले पहल स्त्रियां भी लंगोट तथा आटीपन लगाती थी, आटीपन को मेखला कहते है जो कि यज्ञोपवीत संस्कार पर ही कमर में बान्दा जाता है इससे भी स्पष्ट होता है कि पहले पहल लड़कियों को भी यज्ञोपवीत संस्कार किया जाता था।

ओंकार नाथ शास्त्री

प्र०:- पीपल (अश्वत्थ) का वृक्ष पवित्र क्यों माना जाता है?

उ०:- हमारे शास्त्रों में अश्वत्थ (पीपल) की महिमा इस प्रकार बताई गई है '**अर्थववेद**' में लिखा है '**अश्वत्थो देव सदनः**' अर्थात् पीपल को देवताओं का घर कहा है इस कारण इस की पूजा से भी देवताओं की पूजा होती है। श्रीमत् भगवत् गीता अध्याय 10 श्लोक 26 के अनुसार '**अश्वत्थः सर्व वृक्षाणाम्**' भगवान् कृष्ण स्वयं कहते हैं कि मैं सब वृक्षों में पीपल का वृक्ष हूँ स्कन्ध पुराण के अनुसार 'पीपल की जड़ में विष्णु, तने में केशव, शाखाओं में नारायण, पत्तों में भगवान् हरि और फल में सब देवताओं से युक्त अच्युत सदा निवास करते हैं।

प्र०:- चरणामृत से क्या लाभ है?

उ०:- पूजा के समय ताम्रपात्र में रखी शालग्राम की प्रतिमा अथवा लिंग का जल द्वारा संस्कार होता है उस में तुलसी चन्दन, दूध, घी, दही इत्यादि पदार्थ मिले रहते हैं ताम्बे के पात्र में रखा हुआ जल रोगनाशक होता है विशेषतौर से इस में वेद मन्त्रों की शक्ति मिश्रित होती है वही जल शंख में डाला हुआ और भी शक्ति सम्पन्न हो जाता है तब वह जल एक अमृत का काम करता है उसके सेवन से अकाल मृत्यु नहीं होती है। शास्त्रों में लिखा है।

विष्णु पादोदकं पीत्वा पुनर्जन्म न विद्यते। अकाल मृत्यु हरणं सर्व व्याधि विनाशनम्।।

इस प्रकार चरणामृत पान से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभ होता है।

प्र०:- पश्चिम दिशा अथवा उत्तर दिशा की ओर सिर क्यों नहीं रखना चाहिये?

उ०:- वैखानस गृह्य सूत्र में लिखा है "प्रत्यगुत्तरशिराश्व न स्वपिति" अर्थात् पश्चिम तथा उत्तर दिशा की ओर सिर करके सोना निषेध है। शतपत् ब्रह्मण में लिखा है "प्राची हि देवानां दिक्" अर्थात् पूर्व दिशा देवताओं की दिशा है इस कारण पूर्व दिशा की ओर पैर करने से देवताओं का अपमान होता है, ग्रह नक्षत्रादि सभी पश्चिम से पूर्व की ओर जाते है इस कारण पूर्व दिशा देव दिशा है, विज्ञान भी इस बात की पुष्टि करता है कि उत्तरी ध्रुव से दक्षिण ध्रुव की ओर इस प्रकार की लहरें चलती हैं जो मनुष्य के मस्तिष्क को हानि पहुंचाती है।

इन को मत भूलिये

सन्ध्या चोंगः- सन्ध्या अर्थात् सायंकाल, चोंग काश्मीरी भाषा में दीप को कहते है वह दीप जिस को सायंकाल में जलाया जाता है। हमारी मातायें सन्ध्या के समय दीप जलाती थीं तथा भंगवान् से अपने परिवार तथा पूरे संसार की खुशी के लिये प्रार्थना करती थी और पढ़ती थी।

ॐ शुभं भुवन कल्याणं आयुर्दा सुख सम्पदम्। सर्व शत्रु विनाशाय द्वीप ज्योर्ति नमस्तुते।।

सन्यवारीः- पहले पहल प्रत्येक घर में ताम्बे के छोटे दो लोटे होते थे जिन को सन्यवारी कहते हैं अभी भी क़िसी-किसी घर में आप सन्यवारी देख सकते हैं। हमारी मातायें ब्राह्मी मुहूर्त में इन लोटों को मांजती थीं तथा शुद्ध पानी भरती थी और इसी पानी से घर के दरवाजे (Main Gate) को छींटे देती थी और पढ़ती थी:-

जले विष्णु, थले विष्णु, विष्णु आकाश मण्डले। स्थाने-स्थाने हरि विष्णु विष्णु जगत् मण्डले।।

फिर किचन में किसी साफ स्थान पर रखती थी इन के लिये निश्चित स्थान होता था जब भोजन तैयार हो जाता था तो सवसे पहले थोड़ा सा भोजन और सब्जि इत्यादि इन में पित्रों के निमित डाला जाता था।

ब्रान्द फशः- ब्रान्द का वास्तविक अर्थ हैं बरामदा अर्थात् (Main Gate of the Building) फश का वास्तिविक अर्थ है लिपाई करना। बरामदे की लिपाई करना। हमारी मातायें ब्राह्मी मुहूर्त में उठकर मिट्टी तथा गोबर से ब्रान्द फश लगाती थीं प्रायः यह कार्य बहुओं के जिम्मे होता था इसी कारण वहु को **ब्रान्दकन्य** भी कहते हैं। उसी के आधार पर इस वंश की सन्तति आगे वढ़ती है।

हूनि-म्यटः- का वास्तविक अर्थ यह नहीं है कि जो अन्न हम कुत्ते को डालें। वास्तव में जो अन्न हम खाते हैं यह हमारी जाठराग्नि को शान्त करता है शास्त्रों में लिखा है जिस प्रकार हम अग्नि में आहुति डालते हैं उसी प्रकार हम अन्न रूपी आहुतियां जाठराग्नि (पेट की अग्नि) को शान्त करने के लिये डालते हैं यह भी एक प्रकार का दैनिक हवन है इस को आरम्भ करने से पहले हम अपनी थाली में से थोड़ा सा अन्न बाहर रखते थे जिस को हम हूनि-म्यट कहते हैं। शास्त्रों में लिखा है भगवान् को अथवा अपने इष्ट देव को अपर्ण करके खाना चाहिये। इस कारण हूनि-म्यट का यही अर्थ है कि खाने से पहले जो अन्न हम अपने इष्ट देव को अर्पण करते हैं उसी को हूनि-म्यट कहते है हो सकता है पहले इस का और ही कोई नाम हो, जो विगड़ते विगड़ते 'हूनि-म्यट' बन गया।

प्रस्थानः प्रस्थान का वास्तविक अर्थ है यात्रा या यात्रा मुहूर्त पर यात्रा की दिशा में कहीं रखाया गया यात्री का वस्त्रादि सामान। शुभ मुहूर्त पर प्रस्थान निकालना भी शुभफलदायक होता है आप अपना कोई वस्तु जो आप ने यात्रा में साथ लेना हो किसी दूसरे स्थान पर या किसी के घर में रखना चाहिये। शास्त्रों में दरज है:-

सप्ताहान्येव पूर्वस्यां, प्रस्थानं पञ्च दक्षिणे। पश्चिमे त्रीणि शस्तानि, सौम्यायां तु दिन द्वयम्।।
अर्थात्:- पूर्व दिशा की ओर जाना हो तो 7 दिनों तक, दक्षिण की ओर जाना हो तो 5 दिनों तक, पश्चिम की ओर जाना हो तो 3 दिनों तक और उत्तर की ओर जाना हो तो 2 दिनों तक प्रस्थान रहता हैं।

देव गौणः यह संस्कार दोनों लड़के तथा लड़की को किया जाता है। लड़की को देवगौण के समय तीसरा संस्कार **'गोदान'** किया जाता है अर्थात् वेद मन्त्रों से लड़की के बाल सम्भाले जाते हैं लड़कियों के मस्तिष्क को स्वस्थ बनाये रखने के लिये बालों को सम्भाल कर वेद-मन्त्रों से प्रेरणा की जाती है भारतीय संस्कृति में लड़की के बाल काटने निषेध हैं लड़की के लिये बाल काटना **'अपशकुन'** माना जाता हैं, बाल काटने पर लड़की अपने माता-पिता का क्रिया कर्म नहीं कर सकती है क्योंकि क्रिया कर्म के समय जिस प्रकार लड़का अपने यज्ञोपवीत को कभी दायें कभी बायें रखता है इसी प्रकार लड़की को यज्ञोपवीत के बदले अपना गुत्थ कभी दायें कभी बायें रखना पड़ता है यह तभी सम्भव है जब लड़की बाल नहीं काटेगी। पुरानी कहावत भी है:- **"मस छुय वस"**

(1) देव गौण के लिये कोई भी वार, तिथि तथा पंचक निषेध नहीं है।

(2) देव गौण कर के एक सप्ताह तक यज्ञोपवीत अथवा विवाह संस्कार होना आवश्यक है। *(धर्म शास्त्र)*

लग्न चीरः लग्नचीर दो शब्दों से बना है लग्न + चीर, लग्न का वास्तविक अर्थ है ज्योतिष द्वारा निश्चित किया हुआ समय, **'चीर'** का वास्तविक अर्थ है लिखित प्रमाण का एक प्रकार का विशेष रोल वह रोल जैसे पहले एक राजा दूसरे राजा को पत्र भेजता था वह भी रोल के आकार में होता था, इसी प्रकार पहले लग्न चीर भी गोलाकार के रूप में होती थी, आज कल उस ने फोटू की शक्ल ले ली है। लग्नचीर को लग्न पत्रिका भी कहते हैं अर्थात् विवाह की

निश्चित तिथि-सूचक या वर के घर भेजी हुई कन्या के पिता की वह चिट्ठी जिस पर कन्यादान का निश्चित समय, बारातियों का तेदाद, पण्डितों का तेदाद इत्यादि लिखा होता है हज़ारों वर्षों से यह प्रथा हमारे समाज में चलती आई है तथा आजकल भी प्रचलित है देखने में आता है कि विस्थापन के पश्चात् हमारे समाज में कुछ ऐसा बदलाव सा आया हुआ है जो हमारे समाज के लिये खतरे की घण्टी है हम अपनी सभ्यता से दूर हटते जा रहे हैं जो हमारे लिये तथा भविष्य के लिये अच्छा नहीं है। देखने में आता है कि आजकल कोई भी बारात समय पर लड़की वालों के यहां समय पर पहुंचती नहीं है लग्न की तो बात ही नहीं कोई भी लग्न समय पर नहीं होता है निश्चित समय पर कन्यादान का न करना एक महान पाप है इसी कारण बच्चों का गृहस्थ जीवन एक नरक बनता जाता है इसके जिम्मेदार हम सब हैं अपने बच्चों के गृहस्थ जीवन को सुखमय बनाने के लिये उन का लग्न समय पर करें।

सम्पादक

महापुरुषों के अनमोल वचन

मेहनत वह चाबी है जो किस्मत का दरवाजा खोल देती है।

धैर्य रखना कठिन है पर उस का फल मीठा होता है।

भाग्य पर भरोसा वह करता है जिस में पौरुष नहीं होता।

प्रेम सबसे करो, विश्वास थोड़ों का करो।

एक बार मुंह से निकले हुये शब्द कभी वापस नहीं आते।

मेल मिलाप उन्नति की आत्मा है।

क्रोध यमराज है।

घोड़े से सवार तभी गिरता है जब उसे सवारी का गर्व हो जाता है।

यदि सुख से जीना चाहते हो तो चिन्ता छोड़ो।

दूसरों के भाग्य पर जीवन निर्वाह करने वाले सदा दुखी रहते हैं।

सतसंग से अन्धे को आंख और मृतक को जीवन मिलता है

सतसंग आदमी को अन्धकार से निकाल कर रोशनी की ओर ले जाता है।

सतसंग दुःखों से छुटकारा दिलाता है और मन को शान्ति

देता है।

सतसंग से बीमारियों तथा चिन्ताओं से छुटकारा मिलता है।

सतसंग प्रभु कृपा के विना नसीब नहीं होता है।

दोष मनुष्य के भाग्य में नहीं मनुष्य में है।

विद्वानों का दास बनना उत्तम है पर मुर्खों का स्वामी बनना हानिकारक है।

जो अपना कर्त्तव्य करने से चूकता है वह एक महान लाभ से स्वयं को वंचित रखता है।

अधिक क्रोध और हर्ष नहीं करना चाहिये।

भोजन खाने के नियम

खड़े होकर भोजन न करें।

जूता, चप्पल इत्यादि पहन कर भोजन न करें।

फूटे बर्तन में न खार्यें।

चारपाई अथवा वैड पर बैठ कर भोजन न करें।

भोजन खाने से पहले भोजन को प्रणाम करें।

किसी का झूठा न खार्यें।

किसी के साथ न खार्यें।

नियमित भोजन खार्यें।

झूठन मत छोड़ो।

घर में भोजन सब को वांट कर खाओं।

भोजन करते समय मौन रहो।

भोजन करने से पहले तथा भोजन करने के पश्चात् दोनों हाथ अच्छी तरह से धो लो।

भोजन चमच्च से नहीं हाथ से खाओं।

पंक्ति में बैठे होने पर जब तक हर एक को भोजन सामने न आये तब तक सब्जि इत्यादि चाटने या खाने का प्रयत्न न करें।

पक्ंति से पहले उठना निषेध है।

ताम्वे के वर्तन, पीपल के पत्तों पर भोजन नहीं करना चाहिये।

भोजन पलाश पत्र, आम तथा केले के पत्ताल पर करना श्रेष्ठ हैं।

नवग्रहों की उपासना

हिन्दू जाति में प्राचीन काल से नवग्रहों की उपासना प्रचलित है इस के मूल में हम लोगों के शरीर से नवग्रहों का सम्बन्ध और ज्योतिष की दृष्टि से सुपुष्ट विचार भी हैं यह उक्ति प्रायः सर्वत्र प्रसिद्ध है कि '**यथा पिण्डे तथा ब्रह्माण्डे**' अर्थात् जो कुछ एक शरीर में है वह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में है और जो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में है वह एक शरीर में भी है सभी ग्रह अपनी-अपनी गति से सूर्य की ओर बढ़ रहे हैं पृथ्वी के साथ सब का सम्बन्ध है अलग-अलग अरिष्ट के अनुसार तथा प्रत्येक शान्ति के लिये इन की पूजा होती है। जिस ग्रह का जो वर्ण है उसी रंग की वस्तुयें प्रायः पूजा में लाई जाती है मैं यहां पर ग्रहों के विषय में थोड़ी बहुत जानकारी द्रे रहा हूँ।

सूर्यः- ग्रहों के राजा है, कश्यप गोत्र, क्षत्रिय एवं कलिंग देश के स्वामी है इन के अधि देवता शिव है इन का रक्त वर्ण है इन का मन्त्र है "**ॐ ह्रीं ह्रीं सूर्याय नमः**"।

चन्द्रमाः- का अत्रि गोत्र है यमुना देश के स्वामी हैं इन के अधिदेवता उमादेवी है इन का श्वेत वर्ष है इन का मन्त्र है "**ॐ ऐं क्लीं सोमाय नमः**"।

मंगलः- भरद्वाज गोत्र के क्षत्रिय हैं, ये अवन्ति के स्वामी है इन के अधिदेवता स्कन्द (कार्तिकेय) है इन का रक्त वर्ण है इन का मन्त्र है "**ॐ हूं श्रीं मंगलाय नमः**"।

बुधः- का गोत्र अत्रि और मगध देश के स्वामी हैं इन के अधिदेवता नारायण है इन का वर्ण पीला है इन का मन्त्र है "**ॐ ऐं स्त्रीं श्रीं बुधाय नमः**"।

बृहस्पतिः अंगिरा गोत्र के ब्रह्मण है सिन्धु देश के स्वामी हैं इनके अधिदेवता ब्रह्मा है इन का वर्ण पीत (पीला) है इन का मन्त्रे है "ॐ ऐं क्लीं बृहस्पतये नमः"।

शुक्रः- भृगु गोत्र के ब्राह्मण हैं, भोजकट देश के स्वामी हैं इन के अधिदेवता इन्द्र है इन का वर्ण श्वेत है इन का मन्त्र है "ॐ ह्रीं श्रीं शुक्राय-नमः"।

शनिः- कश्यप गोत्र के शूद्र हैं सौराष्ट्र प्रदेश के स्वामी हैं इन के अधिदेवता यमराज हैं इन का वर्ण कृष्ण है इन का मन्त्र है "ॐ ऐं ह्रीं श्रीं शनैश्चराय नमः"।

राहुः- पैठीनस गोत्र के शुद्र है मलय देश के स्वामी है इन के अधिदेवता काल है इन का वर्ण कृष्ण है इन का मन्त्र है "ॐ ऐं ह्रीं राहवे नमः"।

केतुः- जैमिनि गोत्र के शूद्र हैं कुशद्वीप के स्वामी हैं इन के अधिदेवता चित्रगुप्त हैं इन का रंग धुएं का सा है इन का मन्त्र है "ॐ ह्रीं केतवे नमः"।

पूजा पद्धति के अनुसार नवग्रहों का अनुष्ठान करना चाहिये अथवा जिस ग्रह ही खराव दशा चल रही हो उन पर लिखित मन्त्र से प्रतिदिन 11 मालाओं का जाप करें ऐसा करने से अवश्य क्रूर ग्रह शान्त हो सकता है।

नोट :- नवग्रहों की पुजा पद्धति संक्षेप में वना रहा हूँ शीघ्र ही आप के सामने आयेगी। जिससे पढ़ कर आप स्वयं नवग्रहों का अनुष्ठान कर सकते हैं।

(सम्पादक)

मांस खाना पाप (शास्त्रों के आधार पर)

स्वामांसं परमांसेन यो वर्धयितुम् इच्छति, नारदः प्राह धर्मात्मा नियतं सोवसीदति।।

अर्थः- जो दूसरे के मांस से अपना मांस बढाना चाहता है वह निश्चय से दुःख उठाता है।

आहर्ता चानुमन्ता च विशस्ता क्रयविक्रयी, संस्कर्ता चोप भोक्ता च खादकाः सर्व एव ते।।

अर्थः- जो हत्या के लिय पशु पालता है, जो उसे मारने की अनुमति देता है, जो उस का वध करता है, जो खरीदता है, बेचता है, पकाता है, खाता है वे सब के सब खाने वाले ही माने जाते हैं तथा सब पाप के भागी होते हैं।

ये भक्षयन्ति मांसानि भूतानां जीवितैषिणाम्, भक्ष्यन्ते तेऽपि भूतैस्तैरिति मे नास्ति संशयः।।

अर्थः- जो जीवित रहने की इच्छा वाले प्राणियों के मांस को खाते है वे दूसरे जन्म में उन्ही प्राणियों द्वारा भक्षण किये जाते हैं इस में किसी प्रकार का संशय नही है।

मां स भक्षयते यस्मात् भक्षयिष्ये तमप्यहम्।

अर्थः- आज मुझे वह खाता है तो कभी मैं भी उसे खाओं गा।

यत्र प्राणि-वधो धर्म : अधर्मस्तत्र कीदृशः, ब्राह्मणो यत्र मांसाशी चांडालस्तत्र कीदृशः।

अर्थः- जहां प्राणिहत्या धर्म माना जाता है अधर्म के विषय में वहां क्या कहा जाये, जहां ब्राह्मण ही मांस खाता हो वहां चण्डाल कैसा होगा। --

श्रीमद्भगवत् गीता

पं॰ प्रेम नाथ शास्त्री ने श्रीमद्भगवत् गीता की व्याख्या काश्मीरी भाषा में ग्यारह कैस्टों के माध्यम से लोगों तक पहुँचाई उसी काश्मीरी व्याख्या का हिन्दी रूपान्तरण इस वर्ष से **विजयेश्वर पंचांग** के माध्यम से आप तक पहुँचा रहा हूँ।

शास्त्र परम्परा है, प्रायः प्रत्येक शास्त्र अथवा धार्मिक ग्रन्थ के आरम्भ में मंगल होता है, वेद जो अनादि तथा अपौरुषेय हैं उन वेदों को भी जव ऋषियों ने प्रकट किया, ऋषियों ने उन वेदों के आरम्भ में 'ॐ' शब्द का उच्चारण किया है ऋग् वेद का पहला मन्त्र है "ॐ **अग्मिीड्ये पुरोहितं यज्ञस्य देवमृतिज्यं होतांर रत्नधातमम्**" परन्तु भगवद्गीता के आरम्भ में किसी मंगल शब्द का उच्चारण वेद व्यास ने किया नहीं है, मंगल करते भी कैसे, जव कि मंगल से तात्पर्य है ग्रन्थ की निर्विघ्न समाप्ति के लिये भगवान् की शरण में जाना, परन्तु जव भगवद्गीता भगवान् के मुखारविन्द से ही कही गई है- तो भगवान् स्वयं ही किस का मंगल करे।

भगवद्गीता के आरम्भ में ही है "**धृतराष्ट्र उवाच**" धृतराष्ट्र वोला, धृतराष्ट्र अन्धा था परन्तु वह केवल आंखों से ही अन्धा नहीं था, वह मन से भी अन्धा था जिस का संकेत भगवद्गीता के पहले ही श्लोक में मिलता है।

धर्म क्षेत्रे कुरु-क्षेत्रे समवेता युयुत्सवः। मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत संजय।।

अर्थः- हे संजय ! धर्म भूमि कुरुक्षेत्र में युद्ध की इच्छा वाले मेरे और पाण्डवों ने क्या किया ?

व्याख्याः- इस श्लोक में धृतराष्ट्र संजय से यह नहीं पूछता है कौरवों और पाण्डवों ने क्या किया, बल्कि पूछता है **मामकाः** (मेरे) और पाण्डवों ने क्या किया, यह मेरा और तेरा ही संसार का वीज है, धृतराष्ट्र इसी तेरे और मेरे की उलझन में वंधा हुआ था। धृतराष्ट्र शव्द का यह भी अर्थ है, धृत=हड़प किया था, राष्ट्र=देश, पृथ्वी, जायदाद आदि अथवा दूसरे

का हक, वह कहलाता है धृतराष्ट्र, सारांश यह है जिस को मेरा और तेरा यह भेदभाव हो, और जिस ने दूसरे का हक हड़प किया है वह धृतराष्ट्र कहलाता है - ऐसे धृतराष्ट्र का अन्तिम परिणाम क्या होता है उस का उदाहरण धृतराष्ट्र स्वयं ही है जो धृतराष्ट्र जीते ही अपने परिवार के सर्वनाश का वर्णन संजय के मुख से स्वयं ही सुनता है।

संजय उवाच = संजय कहने लगा।

धृष्ट्वा तु पाण्डवानीकं व्यूढं दुर्योधनस्तदा। आचार्य मुपसंगम्य राजा वचनम ब्रवीत ।।2।।

अर्थः- हे राजन् पाण्डवों की व्यूह रचना से युक्त सेना देख कर राजा दुर्योधन द्रोणाचार्य के पास जा कर कहले लगा।।

पश्यैतां पाण्डु पुत्राणामाचार्य महतीं चमूम्। व्यूढां द्रुपद पुत्रेण तव शिष्येण धीमता ।।3।।

अर्थः- हे आचार्य आप के चतुर शिष्य द्रुपद पुत्र ने जिस सेना की व्यूह रचना की है वह पाण्डवों की वड़ी भारी सेना देखिये।

व्याख्याः- पाण्डवों की सेना अपनी सेना से कम होने पर भी द्रुर्योधन को अधिक मालूम पड़ी जवकि कौरवों की सेना 11 अक्षौहिणी थी और पाण्डवों की सेना केवल सात ही अक्षौहिणी थी, एक अक्षौहिणी सेना में होते हैं 21 हजार 8 सौ 70 हाथी, 21 हजार 8 सौ रथ, 65 हजार, 610 घोड़े, एक लाख 93 हजार तीन सौ 50 पैदल।

क्या राजनीति के ऐसे पण्डित दुर्याधन को सेना का अनुमान लगाने में भूल हुई, ऐसे राजनीति के मर्मज्ञ पण्डित को धोखा लगना सम्भव है ही नहीं, परन्तु युद्ध आरम्भ होने से पूर्व दुर्योधन के मन में यह विचार आया था कि पाण्डव 13 वर्ष वनवास में जंगलों की खाक छानते रहे अतः इन 13 वर्षो में अपने मित्रों रिश्तेदारों परिचितों से विछड़ गये हैं इसलिये पाण्डवों का युद्ध में कौन साथ देगा, इसी लिये युद्ध के समय पाण्डवों की सेना कौरवों की सेना से कम होने पर भी दुर्योधन को पाण्डवों की सेना अपनी सेना से अधिक मालूम पड़ी। इतना ही नहीं वल्कि दुर्योधन पांडवों की सेना आशा से

अधिक देखकर अन्दर से भयभीत भी हो गया था, परन्तु राजनीति में निपुण होने से अपनी अर्न्तदशा को धीरज से दवा कर द्रोणाचार्य के पास झटपट चला गया ऐसे युद्ध के समय पर द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह के पास जाना चाहिये था, जबकि युद्ध के सेनापति भीष्म पितामह थे परन्तु पाण्डवों की सेना देखकर ही दुर्योधन के मन में यह विचार आया, ऐसा न हो भीष्म पिता के सेनानायक वनाने से द्रोणाचार्य मन से मेरे पर नाराज हूँ, उस नाराजगी की भावना से ही द्रोणाचार्य को आदर देने के लिये द्रोणाचार्य को अपने पास न वुला कर स्वयं ही उन के पास गये और कहने लगे, हे आचार्य ! पाण्डवों की सेना इतनी होने पर भी, उस सेना की व्यूह रचना आप के शिष्य द्रुपुद पद (पुत्र दृष्ट द्युम्न) ने की है, आप का शिष्य होते हुये भी आप के साथ वह लड़ने आया है परन्तु डरने की कोई वात नहीं, एक शिष्य का गुरु के पास क्या महत्व है आप के लिये उस को पराजित करना कोई वड़ी वात नहीं है इस श्लोक में दुर्योधन ने दृष्ट द्युम्न का नाम न लेकर द्रुपद पुत्र का नाम लिया है- यह नाम लेकर द्रोणाचार्य को याद दिलाया कि राजा द्रुपद के साथ आप की पुरानी शत्रुता है ही, जैसा कि महाभारत में दर्ज है:- उस शत्रुता का वदला लेने का भी यही समय है इस वात का भी इशारा दिया। दुर्योधन द्रोणाचार्य से कहता है इन पाण्डवों से केवल दृष्टद्युम्न ही वीर नहीं है और कौन-कौन वीर है उन का वर्णन

(अगले वर्ष के पंचांग में)

स्वामी परमानन्द

(जमींदारी की लीला वेदान्त के ढांचे में)

पिछले दो वर्षों से मैं स्वामी परमानन्द की लीला का हिन्दी रूपान्तरण दे रहा हूँ जिस की व्याख्या पं॰ प्रेम नाथ शस्त्री ने काश्मीरी भाषा में कैसट के माध्यम से की है जो कि वाजार में उपलब्ध है इस वर्ष भी दो श्लोकों का रूपान्तरण कर रहा हूँ।

सोन्थ छुय द्रह तारह म्वत यावुन, लजि पजि साथा रावरावुन।

वव ब्योल मव प्रार, कर मंगल, सन्तोष ब्यालि बवि आनन्द फल।।

अर्थः- हे किसान ! हर समय बीज वोया नहीं जाता है, यद्यपि वसन्त चैत्र और वैशाख दो महीने हैं जिन पर बीज वोया जाता है, उन दिनों में चुस्ती से रहना किसी प्रकार की ढील नहीं करना, यदि समय पर बीज नहीं बोओगे तो शास्त्र कहता है **"कालेऽ क्रियमानस्य कालः पिबति तत्फलम्"** अर्थात् जो कार्य समय पर नहीं किया जाता है तो समय उस काम के फल को नष्ट करता है। हे किसान ! जव आप समय पर बीज बोओगे तो सन्तोषजनक धान्य उत्पन्न होगा जिस से आप आनन्द के फल का अनुभव करोगे। वेदान्त के ढांचे में यही पदः-

हे मनुष्य ! मनुष्य के लिये भगवत् नाम रूप बीज बोने का समय कब होता है, जिस से आप को ईश्वर अनुग्रह अथवा पूर्व जन्म के संस्कारों से भगवत् नाम लेने का दृढ़ संकल्प ध्रुव तथा प्रह्लाद की भांति हो, वही आप के भगवत् नाम रूपी वीज वोने का समय है भगवान् कृष्ण भी भगवत् गीता में इस बात की पुष्टि करते हुये कहता है **"अन्त काले च मामेव स्मरन् मुक्त्वा कलेवरम्"**।

अर्थातः- अन्तकाल में जो मेरा स्माण करेगा वह परम गति को प्राप्त करता है परन्तु किसी को भी अन्तकाल की पहचान नहीं है, अन्तकाल के पश्चात् ही मनुष्य को नया जीवन मिलता है, नया वसन्त आरम्भ होता है अर्थात् मनुष्य को भगवत् नाम स्मरण के लिये हर समय वसन्त ही वसन्त है, भगवत् नाम स्मरण करने से आप को निश्चय से सन्तोष रूपी आनन्द का अनुभव होगा।

त्रपुरिथ फुरनायि नोम वुधुर, स्वर के चकू सूतिन सुय भर। ९

इन्द्रिय गगरन करु वठल, सन्तोष ब्यालि बुवि आनन्द फल।।

अर्थः- हे किसान ! अपने खेत के गडों को तू मिट्टी से भर ले और अपने खेत को हमवार कर, यदि आप के खेत में चूहों ने विल वनाये होंगे तथा उन में चूहे हों वह आप के धान्य हो नष्ट करेंगे आप उन विलों में पानी भर दे अथवा दुआं जला ताकि आप का खेत वच जाये और आप को सन्तोषजनक फल मिले जिससे आप आनन्द रूपी फल का अनुभव करोगे।

यही पद वेदान्त के ढांचो में:-

स्वामी परमानन्द कहते हैं हे साधक ! आप का मन एक प्रकार का सर है जिस को एक कम 84 लाख हयवानियत के जन्मों के संस्कार लगे होंगे, इसी कारण मनुष्य को मन रूपी सर में हयवानियत के संस्कार विना किसी प्रयत्न के उठते है इस पद में परमानन्द ने इन्द्रियों को चूहे की उपमा दी है, चूहा तमोगुण का प्रतीक माना जाता है, जो लक्षण तमोगुण के हैं वही गुण चूहे में भी पाये जाते हैं, अकारण वैरी हर समय विना मतलव के नुकसान पहुँचाने वाला, हर समय परेशान, चंचल तथा भयभीत, मूर्तिमान तमोगुण, परन्तु ऐसा होने पर भी मूर्तिपूजक इस प्रकार के दुष्ट चूहें को आदिदेव गणेश का वाहन मानत हैं यह कैसे हो सकता है सुनियेः-

वही मनुष्य भगवान् गणेश की पूजा कर सकता है जिस ने तमोगुण रूपी चूहे को अपने पैरों तले दबाया होगा, स्वामी परमानन्द कहते हैं, हे मनुष्य ! आप का मन एक प्रकार का सर है इस मन रूपी सर को एक कम 84 लाख हयवानियत जन्मों के संस्कार लगे हैं इस कारण संकल्प विकल्प रूपी विचारों को नष्ट करने के लिये हर समय मन्त्र राज "ॐ" अनाहत शब्द का उच्चारण कर, जिस से मन रूपी सर निर्मल होगा, जिस साधक ने इन्द्रिय रूपी चूहों को पैरों तले रोन्दा होगा वही साधक लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है वही सन्तोष रूपी आनन्द फल प्राप्त कर सकता है।

(शेष अगले वर्ष के पंचांग में)

लल्ल-वाख (लल्ल-वाक्य)

गत दो वर्षों से मैं लल्ल वाक्यों का हिन्दी रूपान्तरण करता आया हूँ, जिन की व्याख्या पं॰ प्रेम नाथ शास्त्री ने काश्मीरी भाषा में की है जो विजयेश्वर कैसटों के माध्यम से बाजार में उपलब्ध है इस वर्ष भी दो वाखों का हिन्दी रूपान्तरण कर रहा हूँ।

चूहनाह बूहना ध्येय ना ध्यान, गव-मानय सख, क्रिय मशिथ।

अन्यो ड्यूंठुक क्यंह ना अन्वय, गय सथ लय पर पशिथ।।

संस्कृत रूपांतरः-

त्वं नासि नाहं न च तत्र ध्येयं, ध्यांन न तत्रास्ति च सर्वकारकः।।

पश्यन्ति नोतत्र च नेत्र हीना, शिवं विपश्यन्ति गुणाभिरामाः।।

अर्थः- परमस्थान को पहुँच कर साधक को मैं और आप नहीं रहता है, वहां न ध्याता, न ध्यान, न ध्येय रहता है वह सर्व शाक्तिमान शिव भी लय हो जाता है, परनतु अन्धा उस परं शिव को कैसे देख सकता है, सन्त लोग ही उन को प्रत्यक्ष देख सकते हैं।

व्याख्याः- मुण्डकोपनिषद्ध में लिखा हैः-

समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नो, अनीशया शोचति मह्यमानः।

जुष्टं यदा पश्यत्यन्यमीशम्, अस्य महिमानमिति वीत शोकः।।

भवार्थः- एक वृक्ष पर हृदय रूपी गोंसले में दो पक्षी जीवात्मा तथा परमात्मा नाम वाले अथवा तत् या त्वं इकट्ठे रहते

हैं जव तू और मैं, तत् या त्वं, जीवात्मा तथा परमात्मा एक होंगे, जव ही भेदभाव समाप्त होगा तभी वह वन्धन से मुक्त हुआ साधक परमशिव को प्रत्यक्ष रूप में देख सकता है अन्धा उस परम शिव को कैसे देख सकता है योगी अथवा सन्त लोग ही उस को देख सकते हैं।

लल्लीश्वरी के इस वाक्य को "कि सत्जन ही उस को देख सकता है" को यह मन्त्र पुष्टि करता है।

"तत्-विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः, दिवीय चक्षुराततम्" ज्ञानी लोग अथवा योगी लोग उस परम शिव को उसी प्रकार प्रत्यक्ष रूप में देख सकते हैं जिस प्रकार आम लोग सूर्य भगवान् को प्रत्यक्ष रूप में देखते हैं।

दीहिचि लरि दारि वर त्रिपुरिम, प्राण चूर रुटूम तू द्युतमस दम।

हृदयिचि कूठरि अन्दर ग्वंडुम, ओमकि चावुक तुलमस बम।।

संस्कृत रूपांतर-

सम्यक निरुद्धा निजकाय मार्गा, मया गृहीतो हृदि प्राण चौरः।

नादं चकाराति-महुः प्रताडितः, ॐकार कायात् नुकशंभिर्घातात्।।

अर्थः- लल्लेश्वरी कहती हैः- देह रूपी मकान की खिड़कियों; दरवाजों को वन्द करके प्राणरूपी चोर को हृदयरूपी कमरे में वन्द किया अर्थात् इस को अपने नियन्त्रण में किया। इस वाक्य में इस वात का संकेत है कि प्राणायाम भी परमशिव के साथ मिलाने की एक साधना है परन्तु प्राणायाम रूपी साधना में मन्त्र रूपी चावुक की आवश्यकता पड़ती है जो प्राणरूपी चोरों को वश करने में सहायक वनता हैं, लल्लेश्वरी कहती है "ॐ" जो मन्त्रो का राजा है का प्रयोग मैंने इस प्राणायाम में किया।

व्याख्याः ऊपर लिखित वाक्य प्राणायाम से सम्वन्धित है इस कारण पहले उसी को लेंगे कि प्राण क्या है? कुछ लोग प्राणों को आंत्म तत्व कुछ जड तत्व मानते हैं प्रायः सभी इस चीज से सहमत हैं कि **'श्वास'** को प्राण कहते हैं, शरीर में मुख्य पांच प्राण हैं:- प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान।

प्राण वायु, पाचन शक्ति, रक्त, वसा अथवा मलमूत्र वनाने में सहायता करता है अपान वायु शरीर से मलमूत्रादि त्यागने में सहायता करता है। समान वायु सभी नाड़ियों में रस इत्यादि पहुँचाने में सहायता करता हैं।

व्यान वायुः- गुह्यस्थान से ही सभी नाडियों में खून को गतिशील रखने में सहायता करता है।

उदान वायुः- यह गले से व्रह्मरन्ध्र तक काम करता है, मरते समय यही उदान वायु सूक्ष्म शरीर को स्थूल शरीर से अलग करता है। जो सूक्ष्म शरीर अपने अच्छे वुरे संस्कारों समेत नया जन्म लेता है प्राणों के नियन्त्रण से स्वयमेव शरीर इन्द्रिय तथा मन पर नियन्त्रण होता है।

मनुष्य शरीर में असंख्य नाड़ियाँ हैं उन में **'सुष्मणा, इड्डा, पिंगला प्रधान नाडियाँ हैं'** इन तीन में से सुष्मना नाडी सर्वश्रेष्ठ है जो मूलाधार (गुह्यस्थान के मूल) से आरम्भ होकर व्रह्मरन्ध्र तक होती है। इस सुष्मणा नाड़ी के वाईं ओर इड्डा नाड़ी तथा दाईं ओर पिंगला नाडी, भौहूं के मध्य में यह तीनों नाड़ियाँ मिलती हैं जिस को त्रिवेणी कहते हैं।

कलिसन्तरणोपनिषद्

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।

ज्योतिषी आप्ताभ शर्मा
का
36वां निर्वाण दिवस

25 अक्टूबर, 2002 तदनुसार

कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी शुक्रवार को

विजयेश्वर पञ्चाङ्ग कार्यालय

अजीत कॉलोनी, गोलगुजराल, जम्मू
में मनाया जायेगा।

कार्यक्रम

यज्ञारम्भ	24 अक्टूबर	9 बजे रात
पूर्णाहुति	25 अक्टूबर	1 बजे दिन
प्रसाद भोजन रूप में		1.30 बजे दिन

गुरुकीर्तन 3 बजे दिन

पं॰ प्रेम नाथ शास्त्री का
तीसरा निर्वाण दिवस

24 अगस्त, 2002 तदनुसार
भाद्र कृष्ण पक्ष द्वितीया को उनके
निवासस्थान अजीत कॉलोनी गोल गुजराल
में मनाया जायेगा समय पर आकर
प्रीतिभोज में भाग लें।

कार्यक्रम

यज्ञारम्भ	23 अगस्त	9 बजे रात
पूणाहुति	24 अगस्त	1 बजे दिन
प्रसाद	भोजन रूप में	1.30 बजे दिन

पं॰ प्रेम नाथ शास्त्री की
82वीं जयन्ती

29 सितम्बर, 2002 को मनाई जाएगी
प्रोग्राम के विषय में जनता को समय पर
समाचार पत्र द्वारा सूचित किया जायेगा।

ओंकार नाथ शास्त्री

पितृ पक्ष में श्राद्ध कब
2059 के लिये

प्रतिपदा का	22 सितम्बर
द्वितीया का	23 सितम्बर
तृतीया का	24 सितम्बर
चतुर्थी का	25 सितम्बर
पंचमी का	26 सितम्बर
षष्ठी का	27 सितम्बर
सप्तमी का	28 सितम्बर
अष्टमी का	29 सितम्बर
नवमी का	30 सितम्बर
दशमी का	1 अक्टूबर
एकादशी का	2 अक्टूबर
द्वादशी का	3 अक्टूबर
त्रयोदशी का	4 अक्टूबर
चतुर्दशी का	5 अक्टूबर
अमावसी का	6 अक्टूबर
पूर्णिमा का	6 अक्टूबर

यज्ञोपवीत कब ?

काश्मीरी पण्डित यज्ञोपवती को विशेष महत्वपूर्ण स्थान देते आये हैं जबकि काश्मीरी पण्डितों का गायत्रीमन्त्र सामूहिक गुरुमन्त्र है, यह संस्कार काश्मीरी पण्डितों की संस्कृति का अंग बन चुका है। धर्म शास्त्र की आज्ञा है यह संस्कार ब्राह्मण को 7वें वर्ष से 16 वर्ष तक करना चाहिये, प्राचीनकाल में यह संस्कार गुरुकुल में किया जाता था फिर तब से ब्रह्मचारी गुरुकुल में ही ठहरता था-चूँकि विद्यार्थी को गुरुकुल में वेदों का पठनपाठन तथा ब्रह्मचर्य का पालन 25 वर्ष तक करना पड़ता था इसलिये उन विद्यार्थियों को ब्रह्मचारी कहते थे, जब ब्रह्मचारी गुरुकुल से विद्या सम्पूर्ण करके घर वापस आता था उसको समावर्तन कहते थे-गर्भ से लेकर यज्ञोपवीत तक के 8 संस्कार बालक को घर में ही किये जाते थे-यज्ञोपवीत से लेकर 16 संस्कार काश्मीरी पण्डित ब्रह्मचारी को गुरुकुल में ही करते थे जो सभी संस्कार वेदों के पठन-पाठन से सम्बन्धित होते थे-"वेद" कहते हैं ज्ञान को, वह इँजीनरी हो या साईंस अथवा डाक्टरी आदि।

समय बदलता है तो समय के साथ मनुष्य को भी बदलने पर विवश होना पड़ता है-अब हम यज्ञोपवीत संस्कार गुरुकुल के बदले घर में ही करते हैं, केवल यज्ञोपवीत ही नहीं बल्कि गर्भ से लेकर समावर्तन तक के सभी 24 संस्कार एक ही दिन में यज्ञोपवीत के दिन ही करते हैं, मानिये अब यह संस्कार हम केवल अपनी प्राचीन संस्कृति को स्मारक रूप में जीवित रखने के लिये ही करते हैं।

आज के युग में गुरुकुलों का स्थान लिया है कालिजों और यूनिवर्सिटियों ने, वर्तमानकाल में जब तक एक विद्यार्थी वेदाभ्यास यानी ईन्जीनरी डाक्टरी साईंस आदि कोई ट्रेनिंग कर रहा है वह विद्यार्थि तब तक ब्रह्मचारी ही कहलायेगा यदि दैवयोग से किसी कारण वश इस अवस्था तक विद्यार्थी का यज्ञोपवीत न किया हो अवश्य कीजिये।

यज्ञोपवीत को ब्रह्मसूत्र भी कहते हैं

क्यों ?

ब्राह्मण को कपास के सूत्र का यज्ञोपवीत होना चाहिये, जब ब्रह्मचारी गुरुकुल में होता था तो वह खुद अपने हाथ से कपास का सूत्र कातता था, सूत्र कातते समय वह ब्रह्मचारी लगातार "ॐ" शब्द का उच्चारण करता था, "ॐ" चूँकि ब्रह्म का नाम है, इसलिये यज्ञोपवीत को ब्रह्मसूत्र भी कहते हैं।

हमारे समाज में एक नया बुरा रस्म चालू हुआ है, जब यज्ञोपवीत संस्कार पर कोई रिश्तेदार ब्रह्मचारी को सोने का यज्ञोपवीत पहनाते हैं-वह ब्रह्मसूत्र नहीं पहनाया जाता है बल्कि धनाभिमान सूत्र पहनाया जाता है। उर्दू में धन को कहते हैं "दोलत" दो + लत से मतलब है जो धन दो लातें मारता है जब धन आता है तो आगे से लात मारकर अभिमान का सिर खड़ा करता है परन्तु धन कहीं ठहरता नहीं जब धन जाता है तो कमर पर लात मारकर उस धनाढ़्य को ज़मीन पर सुला कर भाग जाता है। इसी कारण मैंने सोने के उस सूत्र का नाम धनाभिमान सूत्र लिखा है।

यदि मेरे पास धन है मैं सोने का यज्ञोपवीत या नारीवन ऐसे संस्कार पर दिखावे के लिये अर्पण करूँ तो जो निर्धन है वह भी देखा देखी में करना चाहता है परन्तु वह ऐसा कर नहीं सकता है बल्कि उसकी संर्द आहें उस ब्रह्मचारी के लिये शाप बनती हैं।

ब्राह्मण या पिता जब ब्रह्मचारी को यज्ञोपवीत डालता है तो पढ़ता है-बलं-अस्तु-तेजः। जिस का अर्थ है हे ब्रह्मचारी इस यज्ञोपवीत से तुम्हारा शरीर नीरोग हो परमात्मा तुम्हें तेज सत्बुद्धि दे-परन्तु निश्चय जानिये सोने का यज्ञोपवीत उस ब्रह्मचारी के लिये शाप बनेगा-

हे काश्मीरी पण्डित! हर बात में **"लोक संग्रह"** का ख्याल रखे।

गायत्री मन्त्र का महत्व

गायत्री की महिमा सभी वेदों तथा पुराणशास्त्रों में सविस्तार दर्ज है- अथर्व-वेद में स्वयं वेदभगवान् का कहना है-"**स्तुता मया वरदा वेदमाता प्रचोदयन्तां पावमानी द्विजानाम्, आयुः प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिं द्रविणं ब्रह्मवर्चसम्**" **अर्थ:**-मेरे द्वारा स्तुति की गई द्विजों को पवित्र करने वाली वेदमाता गायत्री आयु प्राण सन्तति पशु कीर्ति धन बह्मतेज देने वाली है।

"गायत्री मन्त्र"

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्-सवितुर् वरेण्यं, भर्गो-देवस्य धीमहि, धियो यो-नः प्रचोदयात्

अर्थ:- में उस शक्ति का चिन्तन करता हूँ जो शक्ति ॐ ब्रह्मरूप हैं, **भूर्भुवः स्वः** जो शक्ति तीनों लोकों में व्याप्त है, **तत्**-जिस को वेदों ने तत् नाम से पुकारा है **सविता**-जो शक्ति इस सृष्टि को बनाती है, पालन करती है, नाश करती है, "**वरेण्यम्**" जो वरण करने के योग्य है, **भर्गः**- जो तेजो रूप है, **देवः** जो द्योतनशील है, अथवा ऐश्वर्यवाली है, ऐसी उस महान् शक्ति का **धीमहि**- चिन्तन करता हूँ, वह शक्ति '**धियः**' मेरी बुद्धि को, **प्रचोदयात्**- सत् कर्मो में प्रेरित करे।

मैं उस शक्ति का चिन्तन करता हूँ, जो ब्रह्मरूप हैं, जो शक्ति तीनों लोकों में व्याप्त है, जिस को वेद "तत्" नाम से पुकारते हैं, जो शक्ति इस सृष्टि को बनाती, पालन तथा संहार करती है, जो वरण करने (अपनाने) के योग्य है, जो तेजोरूप है, जो ऐश्वर्य देने वाली है ऐसी ही उस महान् शक्ति का मैं चिन्तन करता हूँ, वह शक्ति मेरी बुद्धि को सत्कर्मों में लगाये।

गायत्री मन्त्र का महत्व क्यों ?

शब्दनित्य है **(शब्द ब्रह्म)** वर्तमान विज्ञान भी यही मानता है, आज जो बातें हम करते हैं, अथवा हमारे मन की लहरें आकाश में अथवा सृष्टि के अन्तराल में किसी न किसी रूप में विद्यमान रहती है, सृष्टि के आरम्भ से ही ऋषि मुनि साधक गायत्री मन्त्र के अनुष्ठान करते आये हैं, उन ऋषियों मुनियों साधकों की साधनायें भावनायें तपश्चर्यायें इस छोटे से गायत्री मन्त्र के पीछे तेजोपुंज के रूप में एकत्रित है, जो व्यक्ति इस गायत्री मन्त्र का उच्चारण अथवा जप करता है उस साधक की सफलता में वह तेजोपुंज अवश्य सहायक बनता है, साधक ज्यों ही इस मन्त्रराज का जप अथवा उच्चारण करने लगता है तो उसी क्षण में इस मंत्र के प्रभाव का अनुभव करने लगता है, यही है इस गायत्री मन्त्र के महत्व का रहस्य।

गायत्री जपविधिः-

शुद्ध आसन पर पद्मासन पर पूर्व की ओर मुख कर के पानी का एक लौटा और एक थाली तर्पण

के लिये रख कर नमस्कार करते हुये पढ़े (यदि नदी के तट पर करना हो तो थाली की आवश्यकता नहीं):-

प्रणवस्य ऋषि र्ब्रह्मा गायत्रं छन्द एवच, देवोग्नि-र्व्याहृतिषु च विनियोगः प्रकीर्तितः, प्रजापते-र्व्याहृतयः पूर्वस्य परमेष्ठिनः। व्यस्ताश्चैव समस्ताश्च ब्राह्मम्-अक्षरम्-ओम्-इति। व्याहृतीनां समस्तानां दैवतं तु प्रजापतिः, व्यस्तानाम्-अयम्-अग्निश्च वायुः सूर्यश्च-देवताः। छन्दश्च व्यहृतीनाम्-एकाक्षराणम्-उक्ताख्यम्-द्वयक्षराणाम्-अत्युक्-ताख्यम्। विश्वामित्र-ऋषि-श्छन्दो, गायत्रं सविता तथा, देवतो-पनये जप्ये गायत्र्या योग उच्यते आवाहयामि गायत्रीं, सर्व-पाप-प्रणाशि-नीम्। न गायत्र्याः परं जप्यं, नव्याहृति-समं हुतम्, आगच्छ वरदे देवि, जप्ये मे सन्निधौ भव। गायन्तं त्रायसे यस्मात्-गायत्री त्वं ततः स्मृता, अग्नि-र्वायुश्च सूर्यश्च, बृहस्पत्याप-एव-च, इन्द्रश्च-विश्वे-देवाश्च देवताः सम्-उदाहृताः। एवंम्-आर्ष-छन्दो दैवतं विनियोगं चानुस्मृत्य। गायत्र्या शिखाम्-अबद्ध्य गायत्र्यैव समन्ततः, आत्मन-श्चापः परिक्षिप्य, प्राणायामं कुर्यात्, ओजोसीति गायत्रीम्-आवह्य देवानाम्-आर्षम् (अपने आप को छिडकें अंजलि धारण करते हुये पढ़े:-**ओजोसि सहोसि बलम्-असि भ्राजोसि देवानां धाम नामासि, विश्वम्-असि-विश्वायुः, सर्वम्-असि-सर्वायुः, अभि-भूः-** **अंगन्यास-कीजिये**-दोनों हाथों की ऊँगलियों से स्पर्श करते हुये पढ़ें: "**अ**" **नाभौ** (नाभिको) "**उ**" **हृदि** (हृदय को) "**म**" **शिरसि** (सिरको)।। **ॐ"भूः"-अंगुष्ठाभ्यां नमः** (दोनों अंगूठों को) "**भुवः तर्जनीभ्यां नमः** (अंगूठे के साथ वाली ऊँगलियों को), "**स्वः**" **मध्यमाभ्यां नमः** (बीचवाली ऊँगलियों को) "**महः**" **अनामिकाभ्यां नमः**, (सब से छोटी अंगुली की साथ वाली ऊँगलियों को "**जनः**" **कनिष्ठकाभ्यां नमः**

(छोटी ऊँगलियों को "तपः सत्यं " करतल पृष्ठाभ्यां नमः (दोनो हाथ के तलवों को आपस में स्पर्श करें। "भू." पादयोः (पावों को) "भुवः" जान्वोः (गुठनों को) "स्वः" गुह्ये (गुह्यस्थान को) "महःनाभौ (नाभि को) "जनः" हृदि (हृदय को) "तपः" कण्ठे (गले को) "सत्यं" शिरसि (सिर को), ॐ "भूः" हृदयाय नमः "भुवः" शिरसि स्वाहा, "स्वः" शिखायै वौषट् (चोटी को) महःकवचाय हुँ, (वस्त्रों को) जनः नेत्राभ्यां वौषट् (नेत्रों को) "तपः सत्यम्-अस्त्राय फट्" चुटकी मारे।। "तत्-सवितुर्" अंगुष्ठाभ्यां नमः, "वरेण्यं" तर्जनीभ्यां नमः, "भर्गो-देवस्य मध्यमाभ्यां नमः, "धीमहि" अनामिकाभ्यां नमः, "धियो योनः" कनिष्ठकाभ्यां नमः, "प्रचोदयात्" करतल करपृष्ठाभ्यां नमः तत् "पादयोः सवितुर्" जान्वोः (गुठनों को) "वरेण्यं" कट्यां कमर को, भर्गो नाभौ "देवस्य" हृदये "धीमहि" कण्ठे "धियोः,'नासिकायां "यो" चक्षुषोः (नेत्रों को) "नः ललाटे (माथे को) "प्रचोदयात्" शिरसि,।। "तत् सवितुर्" हृदयाय नमः "वरेण्यं " शिर-से स्वाहा, "भर्गो देवः" शिखायै वौषट् 'धीमहि' कवचाय हुँ (वस्त्रों को "धियो योनः "नेत्राभ्यां वौषट् 'प्रचोदयात् अस्त्रायाय फट् (चुटकी मारिये) "आपः" स्तनयोः (स्तनों को) "ज्योतिः" नेत्रयोः, "रसो" मुखे "अमृतं" ललाटे "ब्रह्म-भूभुर्वः स्वरों" (शिसि) प्राणायाम करके तर्पण कीजियेः-

ॐ अस्य गायत्री शापविमोचन-मन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषि गायत्री च्छन्दः वरुणो देवता ब्रह्मशाप-विमोचने विनियोगः। (तर्पण करते रहिये)

शापविमोचन

ओ३म्-यत्-ब्रह्मेति ब्रह्मविदो विदुः-त्वां पश्यन्ति धीराः।
सुमनसो-वा गायत्री त्वं ब्रह्मशापात्-विमुक्ता भव ।। 1 ।।
ओ३म्-अर्क-ज्योतिर् अहं ब्रह्मा ब्रह्म ज्योतिर्-अहं शिवः
शिव-ज्योतिर्-अहं विष्णुः शिव-ज्योतिः शिवः परम्।। 2 ।।
गायत्री त्वं वशिष्ठ शापात्-विमुक्ता भव।
ॐ अहो देवि महादेवि दिव्ये सन्ध्ये सरस्वति।
अजरे अमरे चैव ब्रह्मयोनि नमोस्तुते।
गायत्रि त्वं विश्वामित्र-शपात्-विमुक्ता भव।। 3 ।।

गायत्री का ध्यान करते हुये पढ़ेः-

मुक्ता-विद्रुम-हेम-नील-धवल, छायै-र्मुखैः-त्रीक्षणैः

युक्ताम्-इन्दु-निबद्ध-रत्न-मुकटां, तत्त्वात्म-वर्णात्मिकाम्
गायत्रीं वरदा-भया-ड्.कुश-करां शूलं कपालं गुणं
शंखं चक्रम्-अथार-बिन्दु-युगलं हस्तै-र्वहन्तीं भजे।। 1 ।।
आगच्छ वरदे देवि त्र्यक्षरे ब्रह्मवादिनि।
गायत्रि छन्दसां-मात-र्ब्रह्म-योने नमोस्तुते।। 2।।

यह मन्त्र तीन बार पढ़ कर-गायत्री मन्त्र का जप करें

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्-वेरण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ॐ

यदि माला से जप करना है तो जप समाप्त करके माला सिर पर रख कर प्राणायाम करके तर्पण करते हुये पढ़ेः- **देवा-गातु-श्रोत्रियाः देवा गातुविदो, गातुं वित्वा-गातु-मित मनसस्-पत-इमं देवयज्ञं स्वाहा, वाचे स्वाहा वातेधाः** नमो धर्मनिधानाय नमः सुकृत-साक्षिणे। नमः प्रत्यक्षदेवाय भास्कराय नमो नमः

जप करने का स्थानः- घर के उस कमरे में जप करें जहां आप की एकाग्रता में किसी प्रकार का विघ्न न पड़े, नदी के तट पर जप करना अधिक लाभदायक रहता है। जप की विधि आसन प्राणायाम आदि की जानकारी इसी जन्त्री के जपप्रकरण में देखिये।

क्या महिलाओं को गायत्री साधना जप अनुष्ठान आदि करने का अधिकार है ?

वेदों शास्त्रों पुराणों के स्वाध्याय से यह स्पष्ट होता है कि पुरुष हो या स्त्री दोनों गायत्री उपासना के अधिकारी हैं, प्राचीनकाल में गार्गी, मैत्रेयी देवयानी, लोपामुद्रा आदि महिलाओं ने गायत्री शक्ति की उपासना से ही आत्मा को समुन्नत बनाया था सावित्री ने एक वर्ष तक गायत्री की साधना की थी जिस साधना से ही वह अपने पति को यमराज से लौटा सकी। स्त्री और पुरुष दोनों ही गायत्री माता की सन्तान है, स्त्री सधवा हो या विधवा अपने जीवन को सफल बनाने के लिये गायत्री मन्त्र का जप किया करें।

धर्मशास्त्र

धार्मिक रीति रिवाज भी संस्कृति के ही अंग माने जाते हैं, परंतु जब वे रीति रिवाज धर्मशास्त्र के आधार पर हूँ, कहीं कहीं धर्मशास्त्रों में मतभेद पाया जाता है, ऐसी दशा में देशाचार की भी प्रामाण्यता होती है- इन बातों को ध्यान में रखकर ही धर्मशास्त्र की चन्दबाते समय समय पर काम आने वाली निम्नलिखित हैं।

सगोत्रः- जिन का आपस में एक ही गोत्र हो सगोत्री कहलाते हैं- सगोत्रियों का आपस में विवाह

करना निषेध हैं, मातृपक्ष से पांच पीढी तक पितृपक्ष से सात पीढी तक विवाह नहीं कर सकते हैं।

दत्तकः- (मंगत लाना) अपने खानदान से दत्तक लाना धर्मशास्त्र के अनुसार उत्तम माना जाता है, दूसरे वंश का भी दत्तक लाया जा सकता है, साला (पत्नी का भाई) दत्तक लाना धर्मशास्त्र से निषेध है।

मुण्डनः- माता अथवा पिता के मरने पर मुण्डन करना पुत्र के लिये आवश्यक है, यदि बड़ा लड़का घर में न हो अथवा किसी कारण से क्रिया कर्म दाह संस्कार आदि न कर सके तो कोई भी पुत्र कर सकता है।

क्रिया कर्म का अधिकारी पुत्र, दाह संस्कार पर घर में न होने पर बारवें दिन तक जिस दिन भी घर पहुँचे उस दिन से ही व्रतधारी रह कर क्रिया कर्म कर सकता है, परन्तु क्रिया कर्म आरम्भ करने से पहले मुण्डन करना आवश्यक है।

अशौचः- दो प्रकार का होता है, जन्म का अशौच जिसे सूतक कहते हैं और दूसरा मरने का अशौच, जिस को मृतक कहते हैं, ब्राह्मणों को दस दिन, क्षत्रियों को 12 दिन और शूद्र को 30 दिन का अशौच होता है, बिना विवाह के कन्या का, पिता के घर में मृत्यु हो तो तीन दिन का अशौच होता है, विवाहित लड़की को 10 दिन के अन्दर जिस दिन भी माता पिता के मृत्यु का सन्देह मिले तो उस दिन से लड़की को तीन दिन का अशौच होता है।

दो अशौचः- एक साथ दो अशौच होने पर पहले अशौच के समाप्त होने पर ही दूसरे अशौच की

भी शुद्धि होती है, उदाहरण के रूप में, किसी के पिता की मृत्यु होती है उस के दसवें दिन से पहले किसी दिन (पैतृव्य) चाचा की मृत्यु हो ऐसी दशा में जिस दिन पहला अशौच समाप्त होता उसी दिन दूसरा अशौच भी समाप्त होता है, यदि जन्म के अशौच पर मरने का अशौच पड़े तो मरने का अशौच समाप्त होने पर यदि दसवें दिन मरने के अशौच पर फिर से मरने का अशौच पड़े तो ही शुद्धि होती है, यदि दसवें दिन मरने के अशौच पर फिर से मरने का अशौच पड़े तो मरने का अशौच समाप्त होने पर ही शुद्धि होती है, ऐसी स्थिति में दूसरा अशौच समाप्त होने पर दो दिन के लिये अधिक अशौच रहता है, यदि 11 वें दिन मरने के अशौच पर फिर से मरने का अशौच पड़े तो अशौच समाप्त होने के बाद अधिक तीन दिन तक अशौच रहता है। सूतक का अशौच हो या मृतक का अशौच 11वां दिन करना आवश्यक है, 12वां दिन अशौच समाप्त होने के पश्चात् भी किया जाता है, षड्मासिक पर भी किया जा सकता है।

छलुनः- दसवें दिन तक छलुन आवश्यक है, यदि लड़की दसवें दिन तक छलुन का कार्य न करे तो उस को ग्यारवें बारवें दिन के क्रियाकर्म में सम्मिलित होने का अधिकार नहीं है, छलुन के लिये शुभवार होनी चाहिये, यह बात याद रखें हिन्दू संस्कृति के अनुसार सूर्योदय से सूर्योदय तक वार होती है 12 बजे रात से वार बदलती है ऐसा न मानिये, जिस समय छलुन करना हो उस समय शुभवार होनी चाहिये, शुभवार है सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, परन्तु बृहस्पतिवार शुभवार होने पर भी छलुन के लिये निषेध है, पंचक भी छलुन के लिये निषेध है।

अस्थि संचय:- फूल प्रवाहित करना, मृत्यु के पश्चात् दस दिन के अन्दर ही गंगा में प्रवाहित करें यदि ऐसा न हो सके तो एक वर्ष के अन्दर किसी भी दिन प्रवाहित करें।

यदि बच्चा मरा हुआ उत्पन्न हो अथवा उत्पन्न होते ही मरे उस बच्चे को लट्ठे में लपेट कर पृथ्वी को अर्पण करें, घर से गोद में उठाकर गड्ढा खोदने तथा पृथ्वी में अर्पण करने के समय तक लगातार **"ॐ नमः शिवाय"** मन्त्र का बार-बार उच्चारण करें, दाँत निकलने तक जिस बच्चे का मृत्यु हो जाये उसका दाह संस्कार न करें अपितु उस को भी पृथ्वी अर्पण करें, दान्त निकलने के पश्चात् जो बच्चा मरे उस का दाह संस्कार करें, यज्ञोपवीत संस्कार के बिना कोई भी लड़का किसी भी आयु का हो उस की मृत्यु होने पर दाह संस्कार के पश्चात् दसवाँ दिन अवश्य करें, 11वां और बारवां दिन न करें, उस बालक के निमित आने वाले किसी शुभ वार पर बालकों को भी पूरी भोजनादि से तृप्त करें, उस मृतक बालक को जिन वस्तुओं पाठ्य पुस्तकों की ओर प्रवृत्ति हो किसी निर्धन-विद्यार्थी को ऐसी वस्तुयें पुस्तकें वस्त्रादि दानरूप में दीजिये, या कोई आर्थिक सहायता कीजिये ताकि उसकी पढ़ाई आगे चल सके। **श्रद्धया-देयम्-अश्रद्धया-देयम्"** देना ही शान्ति का मार्ग है।

श्राद्ध:- श्राद्ध की जो तिथि हो, जन्त्री में उस मास की वह तिथि देखें, यदि उस तिथि के साथ "दिवा" "दि" का चिन्ह हो तो श्राद्ध एक दिन पहले होता है, यदि प्रविष्ठ "प्र" की निशानी हो तो श्राद्ध अपने ही दिन होगा, दिवा-प्रविष्ठ के आधार से जन्त्री में, श्राद्ध और मध्याह्न दर्ज है वहीं से देखिये। श्राद्ध के दिन अधिक भोजन न खायें, दिन को न सोयें, ब्रह्मचर्य का पालन करें, दूसरे घर में खाना न खाइये, शराब अथवा किसी मादक द्रव्य का प्रयोग न कीजिये।

मासिक श्राद्ध (मासवार) :- मासवार की जो तिथि हो उस तिथि का मध्याह्न देखना आवश्यक है मध्याह्न श्राद्ध किस दिन का कब होगा विजेयश्वर जन्थरी में दर्ज है यदि श्राद्ध करने में आप असमर्थ हैं तो विधि अनुसार संकल्प करें। (श्राद्ध संकल्प विधि जन्थरी में दर्ज है) तथा अपने गुरुदेव को भोजन दक्षिण आदि से तृप्त करें।

षठ् मासिक श्राद्ध :- (षडमोस) मृतक के श्राद्ध की जो तिथि हो, मध्याह्न के आधार से उस तिथि का श्राद्ध कब होगा उस दिन एक दिन पहले षठ्–मासिक–श्राद्ध (षडमोस) करें और निश्चित मध्याह्न के दिन मासवार करें। जब किसी के षडमोस (षठ्–मासिक–श्राद्ध) में किसी प्रकार का विघ्न पडे तो षडमोस वार्षिक श्राद्ध (वहरवर) तक किसी भी निश्चित मासवार तिथि पर किया जा सकता है।

वार्षिक श्राद्ध :- (वहरव्र) देखते समय इस बात का ख्याल रखें यदि आप हर श्राद्ध में मध्याह्न देखते हैं तो वार्षिक श्राद्ध की तिथि में भी मध्याह्न देखिये यदि आप मध्याह्न देखते नहीं हैं तो निश्चित श्राद्ध की तिथि को 'दिवा' 'प्रतिष्ठ' के आधार से देखिये, मध्यान्ह्न के आधार से अथवा दिवा प्रविष्ठ के आधार से जिस दिन निश्चित तिथि का श्राद्ध आयेगा उस दिन से एक दिन पहले मासवार होगी।

जब किसी के वार्षिक श्राद्ध (वहरवर) में किसी प्रकार का विघ्न आ पडे अर्थात् वह निश्चित तिथि पर वार्षिक श्राद्ध कर न सके तो वह वार्षिक श्राद्ध पितृपक्ष में निश्चित तिथि पर कर सकता है अथवा अगले वर्ष में जब वार्षिक श्राद्ध होगा तो उसी दिन वहरवर भी कर सकता है।

जब किसी अविवाहित लड़की की मृत्यु हो तो क्या करें?

अविवाहित लड़की के मृत्यु पर तीन दिन का आशौच होता है उस की आत्मा को शान्ति दिलाने के लिये इन तीन दिनों तक आपके घर में भगवत्–गीता अथवा राम गीता की गूंज रहनी चाहिये, तीसरे दिन इस के निमित गरीब बच्चों में पुस्तकें अथवा किसी अनाथालय में दान के रूप में कुछ दे सकते हैं, उस का दसवां इत्यादि नही होता है।

श्राद्ध करने न करने के सम्बन्ध में **:** विवाह यज्ञोपवीत आदि संस्कार के पश्चात् छः मास तक श्राद्ध न करें, परन्तु इस बात को भूलिये मत, वह धर्माशास्त्र की आज्ञा माता पिता के श्राद्ध पर लागू नहीं है, बल्कि माता पिता का श्राद्ध अवश्य करना चाहिये, यदि किसी पितर का श्राद्ध करना हो परन्तु तिथि मास का ज्ञान न हो तो ऐसी स्थिति में मार्गकृष्णपक्ष अमावसी के दिन श्राद्ध करें, यदि श्राद्ध करने में आप असमर्थ हैं तो विध्यनुसार संकल्प करें, किसी योग्य पात्र को भोजन दक्षिणा आदि से तृप्त करें और स्वयं व्रतधारी रहिये, एक समय शुद्ध भोजन खाइये, श्राद्ध के दिन मांस का प्रयोग न करें, भगवान् व्यास का कहना है ***''देवयज्ञे पितृश्राद्धे तथा मांगल्य कर्मणे, तस्यैव नरके वासो यो कुर्यात् जीवघातनम्''*** जो गृहस्थी पितृश्राद्ध विवाहादि मंगल कर्म में जन्मोत्सव आदि में मांस का प्रयोग करता है, वह नरक में जाता है।

ज्येष्ठ महीना **:–** यदि कन्या और वर दोनों ही ज्येष्ठ अर्थात् प्रथम गर्भ के हूँ तो उन का विवाह ज्येष्ठ मास में नहीं करना चाहिये परन्तु दोनों में से यदि केवल एक ही ज्येष्ठ हो तो ज्येष्ठ मास में विवाह कर सकते हैं, यदि ज्येष्ठ मास में विवाह करना जरूरी हो तो ज्येष्ठ महीना में जब तक सूर्य कृतिका

नक्षत्र में रहेगा कृतिका नक्षत्र में सूर्य कब तक रहेगा? (विजयेश्वर पंचांग में देखिये) तब तक विवाह करने में कोई दोष नहीं है। यज्ञोपवीत संस्कार के लिये ज्येष्ठ महीना तथा ज्येष्ठ लड़का होना निषेध नही है।

पंचक :- घनिष्ठा नक्षत्र के उत्तरार्ध से रेवती नक्षत्र के अन्त तक पांच नक्षत्र (घनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा, रेवती) पंचक कहलाता है। पंचक में कौन–कौन काम करना निषेध है? दाह संस्कार, छलुन, दक्षिण की ओर जाना, मिट्टी, तेल, मिट्टी के बरतन, लकड़ी काटनी अथवा घर लानी, छत ल्यण्टर इत्यादि डालना तथा विवाह संस्कार में मस मुचरून निषेध है, शेष सभी कामों के लिये पंचक शुभ माना जाता है।

देव गौण :- देवगौण के लिये कोई मुहूर्त, वार, तिथि इत्यादि देखने की कोई जरूरत नहीं हैं, विवाह तथा यज्ञोपवीत का देवगौण सात दिन पहले भी हो सकता है। देवगौण करके विवाह अथवा यज्ञोपवीत संस्कार के दिन तक यदि जन्म का अशौच पडे तो अशौच का दोष नहीं होता है, यदि यज्ञोपवीत अथवा विवाह संस्कार का दिन निश्चित किया हो और जन्म अशौच पडे तो यज्ञोपवीत अथवा विवाह संस्कार का दिन बदल लेना चाहिये यदि ऐसा न हो सके तो संस्कार के समय "कूष्माण्ड" की ऋचाओं से अग्नि में घी की आहुतियां डालने से शुद्धि होती है परन्तु मृतक के अशौच पर धर्मशास्त्र की यह आज्ञा लागू नही है अर्थात् मृतक अशौच पडने पर यज्ञोपवीत तथा विवाह संस्कार न करें।

त्र्यहः :- जब किसी तिथि का क्षय होता है अर्थात् जब तिथि गुम होती है उस दिन हम जन्थरी में त्र्यहः लिखते हैं जैसे विक्रमी 2056 में चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी भौमवार 23 मार्च को हम ने त्र्यहः

लिखा है उस दिन षष्ठी तिथि प्रातः 6 बजे 50 मिनट (षदि 6–50) तक ही है फिर सप्तमी तिथि आरम्भ हो कर रात के 4 बजे 42 मिनट पर समाप्त होती है जैसे (सप्र. प्र 4–42) अर्थात् वह दूसरे दिन प्रातः सूर्य उदय से पहले ही समाप्त होती है उसी कारण इस प्रकार की तिथि को हम गुम होना मानते है यदि इस गुम तिथि (त्र्यहः पर किसी का जन्म दिन होगा तो उसे अपना जन्म दिन षष्ठी को ही मनाना चाहिये क्योंकि सप्तमी तिथि गुम है इसी प्रकार कभी–कभी शुक्ल पक्ष अष्टमी भी गुम होती है तो वह व्रत भी सप्तमी को ही रखना चाहिये इसी प्रकार यदि किसी का श्राद्ध इत्यादि हो वह भी पहली तिथि पर ही करना चाहिये।

त्रिस्पृक् :- जिस दिन अधिक तिथि होती है हम उस दिन त्रिस्पृक् अथवा (दिन अधिक) जन्थरी में लिखते हैं अर्थात् उस दिन एक ही तिथि दो दिन रहती है जैसे 2056 में वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया 2 अप्रैल तथा 3 अप्रैल को है यदि इस प्रकार की तिथि पर आप का जन्म दिन अथवा कोई देवव्रत (अष्टमी इत्यादि फाके) आये तो यह दूसरी तिथि पर (3 अप्रैल) पर मनाना चाहिये, यदि श्राद्ध अथवा कोई भी पितृ कार्य ऐसी तिथि पर आये तो वह पहली तिथि (2 अप्रैल) के दिन ही मनाना चाहिये।

* *

भगवान् कृष्ण कहते हैं

जो व्यक्ति श्रद्धा से गीता संवाद (गीता प्रवचन) सिर्फ सुनेगा ही, वह मुक्त होकर, पुण्यात्मा जहां पहुंचते हैं उन शुभलोकों को वह भी पावेगा। अध्याय 18 श्लोक 71

नोट : यदि आप को धर्मशास्त्र, कर्मकाण्ड, ज्योतिष अथवा विजयेश्वर पञ्चाङ्ग के विषय में कुछ पूछना हो तो आप विजयेश्वर पञ्चाङ्ग कार्यालय अजीत कालोनी, गोल गुजराल से सम्पर्क करें। दूरभाष : 555607

देहली वालों के लिये शुभ सूचना :-
प्रवृति इत्यादि इस के साथ ही बारहवां राहु, भौम पहला वृहस्पति होने से धन का फजूल खर्च, घर से बाहर रहने का योग, आंखों में पीड़ा, भाईयों के साथ अनबन, मान हानि का योग, रोजगार तथा व्यवसाय में विघ्न तथा रुकावटें, राजभय तथा मानसिक व्यथा, कार्यों का बहुत विलम्ब से पूरा होना, यात्रा में कष्ट, भारी व्यय के कारण आर्थिक स्थिति डांवाडोल इत्यादि फल गोचर फलित में दर्ज है गोचर शास्त्रों द्वारा ऊपर लिखित फल के अनुसार ग्रहों की स्थिति पर विचार करने से मालूम होता है कि यह वर्ष मिथुन राशि वालों के हर प्रकार से ठीक ही है पहले भाव का वृहस्पति तथा बारहवां भौम और राहु यद्यपि शरीर सुख के लिये मध्यम माना गया है परन्तु शेष ग्रहों की स्थिति के कारण किसी प्रकार के हानि का कोई योग नहीं है खर्च के बड़े-बड़े प्रौग्राम बनते रहेंगे परन्तु खर्च सार्थक ही होंगे, यदि आप को किसी प्रकार जमीन जायदाद खरीदने का कोई प्रौग्राम है तो उस को अमली रूप दीजिये, दफ्तर में यदि कोई पदोन्नति रुकी हुई है तो वह पदोन्नति मिलने का पूरा योग है यदि आप किसी प्रकार का कारोबार करते हैं और अपने कारोबार को बढाना चाहते हैं तो आप यह कदम सोच समझ कर उठाये ऐसा न हो कि आप को लेने के देने पर्डे आप के लिये यही ठीक है कि आप अपने कारोबार को सीमित ही रखें, आप उसी में लाभ में रहेंगे, यदि आप शियर इत्यादि के साथ सम्बन्ध रखते है तो थोड़ा बहुत सावधानी बरतें नहीं तो हानि का योग। गोचर चक्र में बृहस्पति ठीक न होने के कारण यह वर्ष विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का ही वर्ष है यदि जन्मचक्र में बृहस्पति की स्थिति अच्छी है तो सफलता आशानुरूप होगी यदि आप उच्च विद्या के लिये बाहर जाना चाहते है तो परिश्रम कीजिये सफलता अवश्य होगी। क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये निम्नलिखित मन्त्र का उच्चारण रोज प्रातः करें।

करोतु सा नः शुभहेतुरीश्वरी।
शुभानि भद्राणि अभिहन्तु चापदः।।

मिथुन राशि का मासिक फल

अप्रैल:- वारहवां भौम तथा राहु आप के शरीर को अवश्य प्रभावित करेगा अतः आप शरीर के विषय में सावधान रहे, वारहवां शनि फजूल खर्च करने का सूचक है, कारोबारी होने पर हानि का योग भी बनता है परन्तु ग्यारहवें भाव में तीन ग्रहों का एक साथ होना आमदनी के लिये शुभ माना जाता है, विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

मई:- मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का एक साथ वारहवें भाव में होना शुभ योग का सूचक नहीं है परन्तु इन में से तीन ग्रहों का वेध में होना शुभफल का सूचक है क्योंकि वेध में गया हुआ अशुभ ग्रह भी शुभफल को देता है, इस कारण यह मास संघर्ष का होते हुये भी शान्ति पूर्वक से गुजरेगा।

जून:- मास के आरम्भ पर सात ग्रहों का वारहवें तथा पहले भाव में होना छत्र योग को दर्शाता है इस शुभ योग के प्रभाव से यह महीना हर प्रकार से सुख ओर शान्ति में गुजरेगा आप की आमदनी भी आशा के अनुरूप रहेगी, दफ्तर में आदर व मान का योग, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

जुलाई:- इस मास की ग्रह स्थिति भी गत मास की तरह ही है इस कारण यह मास भी शान्ति के माहौल में गुजरेगा आप की आर्थिक स्थिति भी सन्तोषजनक ही रहेगी नौकरी पेशा होने पर दफ्तर का माहौल आप के अनुकूल रहेगा तथा पदोन्नति का योग भी दिखता है, कारोबारी होने पर बाजार के भावों की वेढंगी चाल से मानसिक अशान्ति का योग।

अगस्त:- मास के आरम्भ पर तीन ग्रहों का शुभ होना तथा दो ग्रहों का वेध में होना शुभ फल की ओर इशारा है, गोचर चक्र में वृहस्पति की स्थिति अच्छी होना शुभ योग का सूचक है इस शुभ योग से वहुत देर से लटके हुये मसले हल हो जायेंगे, गृहस्थी होने पर पुत्र जन्म का योग, यदि आप शेयरों से सम्बन्ध रखते हैं तो उस में आशा से अधिक लाभ।

सितम्बर:- मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का शुभ होना तथा दो ग्रहों का वेध में होना शुभ फल को दर्शाता हैं इस शुभ योग के प्रभाव से आप का प्रत्येक कार्य विना किसी

रुकावट के हल होगा, घर पर कोई उत्सव मनाने का प्रौग्राम बनेगा जिस में सगे-सम्बन्धी मित्र सम्मिलित होंगे।

अक्टूबरः- मास के आरम्भ पर सभी ग्रहों का राहु तथा केतु के बीच में होना शुभ योग को दर्शाता है जिस के फलस्वरूप यह महीना हर प्रकार से सुख और शान्ति के माहौल में गुजरेगा आप की आमदनी भी आशा से अधिक होगी परन्तु खर्च के ऐसे प्रौग्राम बनते रहेंगे जिसमें आशा से अधिक धन खर्च करना पड़ेगा।

नवम्बरः- शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने के कारण यह महीना संघर्ष का होते हुये भी अन्ततः शान्ति के माहोल में ही गुजरेगा, आप की आमदनी तथा खर्च एक जैसा रहेगा गृहस्थी होने पर स्त्री पक्ष से चिन्ता अथवा सन्तान पक्ष से अशान्ति परन्तु किसी भय का योग नहीं है।

दिसम्बरः- ग्रहों की डांवाडोल स्थिति के कारण यह महीना दौड़-धूप के माहोल में ही गुजरेगा आप का कोई भी कार्य विना किसी अडचन के सिद्ध होगा नहीं, नौकरी पेशा होने पर दफ्तर का माहोल आप के प्रतिकूल ही रहेगा, कारोवारी होने पर लोगों के पास पैसा फंस जाने का योग।

जनवरीः- नये वर्ष का पहला महीना कोई विशेष सन्देश लेकर नहीं आया है ग्रहों की स्थिति को देखने से मालूम होता है कि यह महीना सर्वसाधारण रूप से गुजरेगा आप की आमदनी तथा खर्च एक जैसा रहेगा, आदर, मान व प्रतिष्ठा की दृष्टि से यह महीना उत्तम है, विद्यार्थियों के लिये भी सफलता देने वाला महीना।

फरवरीः- मास के आरम्भ पर आठवां सूर्य, चन्द्रमा आप के शरीर को अवश्य प्रभावित करेगा यदि आप शरीर से पहले से ही अस्वस्थ हैं तो किसी अच्छे डाक्टर से इलाज करवाये, नहीं तो शारीरिक समस्या आप के लिये चिन्ता का कारण बनेगी, आर्थिक दृष्टि से यह महीना आप के लिये ठीक ही है, दफ्तर में अफसर लोगों के साथ बनती रहेगी।

मार्चः- वारहवें भाव का शनि तथा राहु फजूल खर्च का सूचक है यदि जन्म चक्र में शनि की स्थिति अच्छी होगी तो यह खर्च अच्छे कार्यो पर होगा, आठवां चन्द्रमा, बुध तथा शुक्र आप के शरीर को प्रभावित करेगा अतः आप शरीर के

विषय में सावधान रहें, विद्या प्राप्ति के लिये लाभदायक महीना, यदि आप ने ट्रेनिंग इत्यादि के लिये जाना हो तो कोशिश कीजिये सफलता आप को अवश्य मिलेगी।

कर्क राशि का वर्ष फल

नक्षत्र	पुनर्वसु	तिष्य				आश्लेषा			
चरण	4	1	2	3	4	1	2	3	4
नामाक्षर	ही	हु	हे	हो	डा	डी	डू	डे	डो

गोचर चक्र के ग्यारहवां भौम, दसवां चन्द्रमा तथा बुध होने से अरोग्य, धन धान्य की प्राप्ति, आमदनी में आशातीत वृद्धि, भूमि लाभ, कार्यों में सफलता, अभीष्ट की सिद्धि, सभी कार्यों का सफलतापूर्वक सिद्ध होना, स्वस्थ शरीर, राज्य की ओर से धन तथा सम्मान की प्राप्ति, नौकरी में पदोन्नति का योग तथा गृहस्थ सुख, किसी नये पद की प्राप्ति, शत्रुओं पर विजय, कारोबार में वृद्धि, मानसिक सुख शान्ति के साथ-साथ उत्तम गृहस्थ सुख की प्राप्ति, मान में वृद्धि तथा हर प्रकार से सफलता तथा सामाजिक कार्यों की ओर प्रवृति इत्यादि गोचर फलित के आधार से। तीन शुभ ग्रहों के साथ दो ग्रह सूर्य तथा वृहस्पति वेध में होने से शुभ फल के सूचक है क्योंकि वेध में गया हुआ अशुभ ग्रह शुभफल को देता है तीन शुभ ग्रहों दो अशुभ ग्रहों को जो वेध में हैं पर विचार करने से विधित होता है कर्क राशि वालों के लिये यह वर्ष हर प्रकार से सुख शान्ति तथा लाभ देने वाला वर्ष होगा, सभी ग्रहों का नवें, दसवें, ग्याहरवें तथा वारहवें भाव में होना शुभ योग को दर्शाता है इस शुभ योग के फलस्वरूप आप की आर्थिक स्थिति में आशा से अधिक वृद्धि होगी परन्तु आर्थिक वृद्धि के साथ-साथ खर्च के वड़े-वड़े प्रोग्राम बनेगे जिन की आप वहुत समय से प्रतीक्षा कर रहे थे यदि आप को घर में किसी प्रकार की कोई समस्या है चाहे वह नौकरी से सम्वन्धित है अथवा किसी बच्चे के विवाह सम्वन्धित इस प्रकार की हर समस्या हल हो जायेगी, नौकरी पेशा होने पर पदोन्नति का योग यदि आप कारोबार करते हैं तो आप के कारोबार में चार चान्द लग जायेंगे, यदि आप अपने कारोबार को बढ़ाना चाहते हैं तो आप समय जाया

मत कीजिये सफलता आप को अवश्य होगी, यदि आप ठेकेदारी अथवा ड्राईफूटों से सम्बन्धित कारोवार करते हैं तो आप को सावधान रहने की जरूरत हैं नहीं तो हानी का मुंह देखना पडेगा यदि आप किसी सामाजिक संगठन से सम्बन्धित हैं तो उसमें आदर मान व प्रतिष्ठा का योग, यदि आप विद्यार्थी हैं और उच्च विद्या के लिये कहीं जाने का प्रौग्राम बना रहे हैं तो आप को अवश्य सफलता होगी यदि आप विदेश जाने की सोच रहे हैं तो आप केवल सोचे ही नहीं उसको आमली रूप दीजिये यह समय आप के लिये हर प्रकार से लाभदायक है यदि आप किसी टयकनिलकल ट्रैनिंग के लिये जाना चाहते हैं तो इस प्रकार का कदम सोच समझ कर उठाये नहीं तो असफलता का योग। इस मन्त्र का उच्चारण रोज करें।

एतत्ते वदनं सौम्यं लोचन-त्रय-भूषितम्।
पातु नः सर्वभीतिभ्यः कात्यायनि नमोऽस्तुते।।

कर्क राशि का मासिक फल

अप्रैलः- मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति पर विचार करने से मालूम होता है कि यह मास हर प्रकार से सुख और शान्ति के माहोल में गुजरेगा, ग्यारहवां शनि, राहु तथा मंगल आप की आर्थिक स्थिति को सुदृढ बनायेगा, गृहस्थी होने पर गृहस्थ सुख का उत्तम योग, यदि आप अविवाहित है तो इस मास में इस प्रकार की वात चल सकती है तथा कुछ सफलता भी हो सकती है।

मईः- मास के आरम्भ पर ग्यारहवें भाव में पांच ग्रहों का होना यद्यपि शुभ माना जाता है परन्तु यह तभी शुभ होगा जवकि जन्म चक्र में भी ग्यारहवें भाव की स्थिति शुभ होगी, आप नौकरी करते है या कारोवार आप का काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा, विद्यार्थी होने पर सफलता का योग।

जूनः- मास के आरम्भ पर सभी ग्रहों का ग्यारहवें तथा वारहवें भाव में होना शुभ फल की ओर इशारा है इस कारण यह महीना हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुजरेगा आप कारोवार करते है या नौकरी आप की आर्थिक दृष्टि सन्तोषजनक रहेगी, वारहवां भौम तथा वृहस्पति आप के शरीर को प्रभावित करेगा, विद्या प्राप्ति के लिये हर प्रकार से शुभ फलदायक महीना।

जुलाईः- आठवां चन्द्रमा, बारहवां भौम, सूर्य, बुध, बृहस्पति आप के शरीर सुख के लिये मध्यम, यदि आप पहले से शरीर से अस्वस्थ हैं तो आप को शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिये यदि आप शरीर से स्वस्थ हैं तो घर के किसी सदस्य के शरीर सम्बन्धित स्थिति आप के लिये परेशानी का कारण बनेगी विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

अगस्तः- मास के आरम्भ पर पहले भाव का बृहस्पति, सूर्य ओर भौम शुभ फल को दर्शाता है इस मिले-जुले योग के अनुसार यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में ही गुजरेगा आर्थिक दृष्टि से यद्यपि यह महीना नरम ही है परन्तु किसी से मांगने की नौबत नहीं आयेगी।

सितम्बरः- शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने के कारण यह महीना सर्वसाधारण रूप से ही गुजरेगा आप जो भी काम करते हैं आप का काम चलता रहेगा, आपके काम में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आयेगी, शरीर भी स्वस्थ रहेगा, गृहस्थी होने पर गृहस्थ सुख का योग।

अक्टूबरः- इस मास के शुभाशुभ ग्रहों से विदित होता है कि यह महीना हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुजरेगा मास के आरम्भ पर सभी ग्रहों को! राहु तथा केतु ने अपने घेरे में लिया हैं जो कि शुभ फल का सूचक है यह शुभ योग आप की आर्थिक स्थिति को सुदृढ करेगा, घर पर कोई मांगलिक कार्य करने का प्रौग्राम बनेगा।

नवम्बरः- यह महीना आमतौर पर शान्त ही रहेगा नौकरी पेशा होने पर दफ्तर का माहोल आप के अनुकूल रहेगा अपने अफसर लोगों के साथ बनती रहेगी जो कि आपके भविष्य के लिये लाभदायक रहेगा सन्तान पक्ष से कुछ मानसिक अशान्ति अपने मित्रों तथा सगे-सम्बन्धियों के साथ कुछ अनबन विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

दिसम्बरः- केवल तीन ग्रहों का शुभ होना कोई चमत्कारिक योग नहीं है इस मिले-जुले शुभाशुभ ग्रहों के फलस्वरूप संघर्ष का महीना होते हुये भी किसी प्रकार की हानि का सूचक नहीं है आप की आमदनी में यद्यपि किसी प्रकार का बढावा नहीं होगा परन्तु किसी प्रकार की तंगदस्ती भी नहीं होगी, आप जो भी काम करते हैं आप का काम सामान्य रूप

से चलता रहेगा।

जनवरी:- नये वर्ष का पहला मास कर्क राशि वालों के लिये शुभ समाचार लेकर ही आया है विशेषतौर से आपकी आर्थिक स्थिति में आशा से अधिक वृद्धि होगी क्योंकि आठ जनवरी को शनि आपके ग्यारहवें भाव में आ रहा है यदि आप अपने कारोवार को वढ़ाना चाहते हैं इस समय का आप लाभ उठाये और इस को अमली जामा पहनाये।

फरवरी:- मास के आरम्भ पर सातवें भाव का चन्द्रमा तथा छठे भाव का वुध शुभ स्थिति में है शेष सभी ग्रह अशुभ स्थिति में है इस कारण यह महीना हर दृष्टि से संघर्षपूर्ण ही रहेगा परन्तु किसी प्रकार की हानि की कोई सम्भावना नहीं है खर्च के वड़े-वड़े प्रौग्राम वनते रहेंगे, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

मार्च:- आठवें भाव का सूर्य होने से शत्रुओं से झगड़ा, राज्य भय, स्त्री कष्ट, अपमान का भय तथा शरीर अस्वस्थ रहने का योग, आप की आमदनी स्थिर रहेगी, तथा आप जो भी काम करते हैं, आप का काम विना किसी रुकावट के चलता रहेगा, नौकरी पेशा होने पर दफ्तर का माहोल आप के अनुकूल रहेगा।

सिंह राशि का वर्ष फल

नक्षत्र	मघा				पूर्वा फाल्गुनी				उत्तरा फाल्गुनी
चरण	1	2	3	4	1	2	3	4	1
नामाक्षर	मा	मी	मू	मे	मो	टा	टी	टू	टे

वर्ष के आरम्भ पर ग्यारहवां बृहस्पति, दसवां राहु तथा नवां शुक्र शुभ स्थिति में है शेष सभी ग्रहों की स्थिति डांवाडोल ही है इस कारण वर्ष का आरम्भ संघर्ष के माहोल में ही होगा

संघर्ष का वर्ष होते हुये भी किसी प्रकार की चिन्ता अथवा हानी का योग नहीं है क्योंकि तीन शुभ ग्रहों के साथ चार अशुभ ग्रह वेध में होने से शुभ फल को दर्शाते हैं इस कारण सिंह राशि वालों को संघर्ष का वर्ष होने पर भी किसी प्रकार से चिन्ता का कोई योग नहीं है, आप जो भी काम करते हैं

आप का काम हर प्रकार से चलता रहेगा, नौकरी पेशा होने पर दफ्तर का माहोल आप के अनुकूल रहेगा यदि आप को दफ्तर में पदोन्नति का कोई प्रौग्राम है तो इस प्रकार के अवसर इस वर्ष कम ही है हो सकता है कि कुछ जोर लगाने पर कुछ सफलता हाथ आये, यदि आप कारोबार करते हैं तो अपने कारोबार को सीमित ही रखें यदि आप अपने कारोबार को बढाना चाहते हैं तो इस प्रकार के प्रौग्राम को इस वर्ष तभी अमली जामा पहनाये जब जन्मकुण्डली से ग्रहों की स्थिति और दशा अच्छी हो नहीं तो लेने के देने पड़ेंगे। ग्यारहवां बृहस्पति होने से धन तथा प्रतिष्ठा की प्राप्ति, शत्रुओं पर विजय, सभी कार्यों में सफलता, विवाह तथा पुत्र जन्म का योग, व्यापार में वृद्धि सन्तान अथवा राज्याधिकारियों से सुख, शुभ कार्यों में धन का खर्च, नवां शुक्र होने से अच्छे वस्त्रों तथा आभूषणों की प्राप्ति, शरीर स्वस्थ, आशा से अधिक लाभ, घर में कोई मांगलिक अथवा धार्मिक उत्सव मनाने का प्रोग्राम, मित्रों से लाभ, आप की आर्थिक स्थिति हर प्रकार से सन्तोषजनक हुये भी ठीक ही रहेगी खर्च का योग आमदनी से ज्यादा होगा, आप को यदि जमीन, जायदाद का कोई मसला है तो इस प्रकार के मसले इस वर्ष लटकते ही रहेंगे यदि आप वाहन इत्यादि कुछ खरीदना चाहते हैं तो इस प्रकार के प्रोग्रामों को अमली जामा पहनाने का प्रयत्न करें नहीं तो पछताना ही पडेगा, विद्या स्थान का स्वामी वृहस्पति ग्यारहवें भाव में बैठ कर विद्या स्थान को देख रहा है जिस के प्रभाव से विद्यार्थियों के लिये हर प्रकार से सफलता देने वाला वर्ष रहेगा यदि आप को कहीं उच्च शिक्षा के लिये अथवा ट्रैनिंग के लिये जाने का प्रौग्राम है तो अवश्य जायें सफलता आप को आशा से अधिक होगी इस मन्त्र का उच्चारण रोज करें।

सर्व मंगल मंगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते।।

सिंह राशि का मासिक फल

अप्रैल:- मास के आरम्भ पर केवल दो ग्रहों का शुभ होना तथा शेष ग्रहों का अशुभ स्थिति में होना संघर्ष का ही सूचक है आप जो भी काम करते हैं बिना रुकावट के सिद्ध होगा नहीं, दफ्तर का माहोल आप के विरुद्ध ही रहेगा, कारोबारी होने पर भावों के उतार-चढ़ाव से मानसिक अशान्ति का

योग।

मई:- शुभाशुभ ग्रहों की स्थिति एक जैसी होने के कारण यह महीना सर्वसाधारण रूप से गुजरेगा आप की आमदनी तथा खर्च एक जैसा रहेगा, गृहस्थी होने पर नवजात शिशु के आगमन का योग अथवा इस से सम्बन्धित कोई शुभ सन्देश सुनने को मिले, अविवाहित होने पर विवाह सम्बन्धित कोई शुभ सन्देश सुनने का योग।

जून:- मास के प्रारम्भ पर सभी ग्रहों का दसवें तथा ग्यारहवें भाव में होना शुभ योग का सूचक है इस शुभ योग के प्रभाव से यह महीना शान्ति तथा लाभ देने वाला महीना है आप की आमदनी में आशा से अधिक वृद्धि होगी, अच्छे-अच्छे महापुरुषों के साथ मिलने का मौका मिलेगा जो कि आप के भविष्य के लिगे अच्छा रहेगा।

जुलाई:- मास के आरम्भ पर ग्रहों में कोई अन्तर न होने के कारण यह महीना भी गत मास की तरह ही शान्ति के माहोल में गुजरेगा, आप का काम विना किसी अड़चन के चलता रहेगा, नौकरी पेशा होने पर अफसर लोग आप के काम से सन्तुष्ट होंगे आप को पदोन्नति का योग भी है।

अगस्त:- मास के आरम्भ पर बारहवां सूर्य, भौम तथा बृहस्पति आप के शरीर को अवश्य प्रभावित करेंगे इस कारण आप शरीर के विषय में सावधान रहें, फजूल खर्च करने का योग भी प्रबल है परन्तु आमदनी भी सन्तोषजनक ही रहेगी। विद्यार्थियों के लिये यह महीना संघर्ष का ही रहेगा।

सितम्बर:- सूर्य तथा मंगल का पहले भाव में होना तथा बारहवें भाव में बृहस्पति का होना शुभ फल का सूचक नहीं है आमतौर पर यह आप के स्वास्थ्य पर अपना बुरा प्रभाव डालेंगे आप का स्वभाव भी कुछ चिड़चिड़ेपन वाला बनेगा, शनि आप के सातवें भाव को देख रहा है इस कारण गृहस्थ की ओर से चिन्ता।

अक्टूबर:- मास के आरम्भ पर सभी ग्रहों का राहु तथा केतु के बीच में होना यद्यपि कालसर्प का सूचक है परन्तु इस योग का प्रभाव तभी होगा जव आप की जन्मकुण्डली में भी ग्रहों की स्थिति अच्छी होगी तव यह सोने पर सुहागा होगा, घर पर कोई मांगलिक अथवा धार्मिक कार्यक्रम होगा जिस में

मित्र, सगे-सम्वन्धी सम्मिलित होंगे।

नवम्बरः- गत मास के ग्रहों की स्थिति में कोई विशेष परिवर्तन न होने के कारण यह मास भी गत मास की तरह ही गुजरेगा खर्च का योग प्रवल होगा परन्तु फजूल खर्च का योग नहीं है, यदि आप किसी सामाजिक संगठन से सम्बन्ध रखते है तो समाज में आदर व मान का योग, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

दिसम्बरः- मास के आरम्भ पर शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने के कारण यह महीना शान्ति के माहोल में गुजरेगा आप का काम विना किसी अड़चन के चलता रहेगा आप की आमदनी भी ठीक ही रहेगी, गृहस्थी होने पर गृहस्थ की ओर से मानसिक शान्ति का योग, विद्यार्थियों के लिये दौड़-धूप का ही महीना।

जनवरीः- नये वर्ष का पहला महीना सिंह राशि वालों के लिये शुभ सन्देश लेकर आया है इस शुभ योग के प्रभाव से आप की आमदनी विशेष रूप से प्रभावित होगी परन्तु खर्च के वड़े-वड़े प्रौग्राम बनते रहेंगे, कारोवारी होने पर आप के कारोवार में वढ़ावा मिलेगा, विद्यार्थी वर्ग के लिये हर प्रकार से सफलता का महीना।

फरवरीः- चौथा भौम तथा वारहवां बृहस्पति आप के शरीर को अवश्य प्रभावित करेगा अतः आप शरीर के विषय में सावधान रहें यदि आप शरीर से स्वस्थ हैं तो परिवार के किसी सदस्य की शरीर सम्वन्धित चिन्ता का योग, दसवां शनि आप के दरवार के लिये शुभ फल का सूचक है।

मार्चः- गोचर चक्र के ग्रहों पर विचार करने से प्रतीत होता है है यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुजरेगा आप कारोवार करते हैं या नौकरी आप का काम विना किसी रूकावट के चलता रहेगा, आप की आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, विद्या प्राप्ति के लिये यह महीना उत्तम रहेगा।

कन्या राशि का वर्ष फल

आठवां बुध, शुक्र, तथा नवां राहु वर्ष के आरम्भ पर शुभ स्थिति में है तथा भौम, शनि और चन्द्रमा अशुभ स्थिति में होते हुये वेध में गये हैं तथा दसवां बृहस्पति, सातवां सूर्य

नक्षत्र	उत्तराफाल्गुनी			हस्त				चित्रा	
चरण	2	3	4	1	2	3	4	1	2
नामाक्षर	टो	पा	पी	पू	ष	ण	ठ	पे	पो



और तीसरा केतु अशुभ स्थिति में है ऊपर लिखित ग्रहों की स्थिति को वेधाष्टक वर्ग की कसौटी पर परंखने से मालूम होता है कि कन्या राशि वालों के लिये यह वर्ष दौड़-धूप तथा संघर्ष का होते हुये भी अन्ततः शुभ फल, सफलता तथा लाभदायक ही रहेगा, नौकरी पेशा होने पर दफ्तर का माहोल आप के अनुकूल रहेगा परन्तु शत्रु पक्ष आप पर हावी होने की कोशिश करेगा जो कि आप के लिये परेशानी का कारण वनेगा परन्तु कोशिश करने पर भी शत्रु पक्ष आप को किसी प्रकार की हानि पहुंचा नहीं सकता है यदि आप कारोवार करते हैं तो आप नेक नियती से अपने काम में जुट जायें तो लाभ आप को अवश्य मिलेगा ऐसा न करने पर आप को असलजर से ही हाथ धोना पड़ेगा यदि आप के पास किसी प्रकार की इण्डस्ट्री है तो यह वर्ष आप के लिये हर प्रकार से लाभदायक रहेगा यदि आप अपनी इन्डस्ट्रीज को बढाना चाहते है तो समय जाया मत कीजिये यदि आप अभी नई इन्डस्ट्रीज खोलना चाहते हैं तो देर मत कीजिये आप अवश्य इस काम में सफल रहेंगे, यदि आप किसी सामाजिक अथवा सियासी संगठन के साथ सम्वन्ध रखते हैं तो उसमें हर प्रकार से आदर व मान का योग, अच्छे-अच्छे महान पुरुषों के साथ सम्वन्ध बढने का योग, यदि आप शेयर इत्यादि के साथ सम्वन्ध रखते हैं सामूहिक रूप से आप उसमें घाटे में ही रहेंगे, यदि आप को लोगों के पास कुछ पैसा फसा हुआ है तो अभी उसकी वापसी की आशा न रखें, यदि घर पर किसी जायदाद सम्वन्धित उलझन में फसे हैं तो इस वर्ष उसके समाधान की आशा रखें, सातवां सूर्य गृहस्थ अथवा स्त्री पक्ष की ओर से परेशानी का सूचक है यदि आप अविवाहित है तो परिश्रम करने पर ही इस प्रकार का मसला हल हो सकता है विद्या स्थान का स्वामी शनि जो कि नवें भाव में बैठा हुआ अशुभ स्थिति में है उसके कारण विद्या प्राप्ति में रुकावट आने का योग, अतः आप कटिवद्ध होकर पढाई में जुट जाये तभी सफलता की कुछ आशा रखें। इस मन्त्र का उच्चारण रोज करें।

प्रणतानां प्रसीद त्वं देवि विश्वर्तिहारिणि।
त्रैलोक्य वासिनाम्-ईडये लोकानां वरदा भव।।

कन्या राशि का मासिक फल

अप्रैल:- तीन ग्रहों का शुभ होना तथा शेष ग्रहों का अशुभ होना दौड़-धूप का ही सूचक है नौकरी पेशा होने पर अपने अफसर लोगों के साथ तू तू-में में होने का योग परन्तु किसी आर्थिक दृष्टि से आप को किसी प्रकार की हानि का योग नहीं है कारोबारी होने पर आप का काम साधारण रूप से चलता रहेगा, गृहस्थ की ओर से कोई शुभ सन्देश सुनने का योग।

मई:- मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का भाग्य स्थान में होना यद्यपि कोई चमत्कारिक योग नहीं है परन्तु किसी अनिष्ट का सूचक भी नहीं है आप की आमदनी में यद्यपि वृद्धि होगी नहीं परन्तु आप की आमदनी कम भी नहीं होगी, खर्च भी साधारण रूप से चलता रहेगा, नौकरी पेशा होने पर अपने अफसर लोगों के साथ बनती रहेगीं।

जून:- मास के आरम्भ पर सभी ग्रहों का नवें तथा दसवें भाव में होना शुभ फल का ही सूचक है इस शुभ योग के प्रभाव से आप का काम विना किसी रुकावट के चलता रहेगा, आप की आर्थिक स्थिति भी सन्तोषजनक रहेगी, घर पर कोई उत्सव मनाने का प्रौग्राम बनेगा, गृहस्थी होने पर किसी नवजात शिशु के आगमन का योग।

जुलाई:- दसवां सूर्य, बुध नवां राहु, ग्यारहवां शुक्र गोचर चक्र में शुभ स्थिति में हैं शेष सभी पांच ग्रह अशुभ स्थिति में हैं ग्रहों की इस डांवाडोल स्थिति को देखने से विदित होता है कि यह मास दौड़-धूप का ही मास हैं दौड़-धूप करके ही आप अपने कार्य में अथवा कारोबार में सफल रह सकते हैं, विद्यार्थियों के लिये भी दौड़-धूप का महीना।

अगस्त:- पहले भाव का शुक्र ग्यारहवां बृहस्पति, सूर्य, भौम तथा नवां राहु होने से सुख और धन की प्राप्ति, शत्रु का नाश और सन्तान सुख का योग, हर प्रकार से वैभव विलास की प्राप्ति, व्यापार में वृद्धि राज्याधिकारियों से सुख, शुभ कार्यों में धन का खर्च, विद्यार्थियों के लिये हर प्रकार से सफलता का महीना।

सितम्बरः- बारहवां सूर्य तथा मंगल आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है अतः आप शरीर के विषय में सावधान रहें, आप नियम पूर्वक महीना भर गौमाता को आटे का पिण्ड खिलाया करें तथा वैष्णव रहें, यदि आप किसी तामसिक पदार्थ का सेवन करते हैं तो उसे दूर रहने का प्रयत्न करें, विद्यार्थियों के लिये दौड़-धूप का महीना।

अक्टूबरः- मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति गत मास की तरह ही है इस कारण यह महीना भी शरीर के लिये ढीला ही रहेगा, ग्यारहवां वृहस्पति आप की आमदनी के लिये विशेष लाभदायक रहेगा, आप जिस प्रकार का काम कर रहे हैं आप का काम चलता रहेगा, विद्या प्राप्ति के लिये हर प्रकार से लाभदायक।

नवम्बरः- मास के आरम्भ पर चार ग्रहों का शुभ होना तथा दो ग्रहों का वेध में होना शुभ फल का सूचक है इस शुभ योग के प्रभाव से आप का काम हर प्रकार से सफलता पूर्वक चलता रहेगा, नौकरी पेशा होने पर पदोन्नति का योग कारोबारी होने पर कारोबार में आशा से अधिक लाभ। विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

दिसम्बरः- शुभाशुभ ग्रहों को वेधाष्टक वर्ग की कसोटी पर परखने से मालूम होता है कि यह महीना हर प्रकार से शान्तिदायक तथा लाभ देने वाला है घर पर कोई मांगलिक कार्य करने का प्रौग्राम बनेगा जिस में मित्र तथा सगे-सम्बन्धियों का समागम रहेगा, घर पर देर से लटका हुआ कोई मसला हो तो उस का समाधान इस महीने में अवश्य होगा।

जनवरीः- मांस के ग्रहों पर विचार करने पर प्रतीत होता है कि कन्या राशि वालों के लिये नये वर्ष का पहला महीना सर्वसाधारण रूप से गुजरेगा गोचर चक्र में ग्यारहवें भाव का वृहस्पति होना हर प्रकार से शुभ लाभ का सूचक है गृहस्थी होने पर गृहस्थ सुख का योग, विद्या प्राप्ति के लिये हर प्रकार से सफलता देने वाला।

फरवरीः- गत मास में शनि नवें भाव में वक्री होकर आ गया नवें में आकर शनि आप के ग्यारहवें भाव को देख रहा है अर्थात् वह आप की आमदनी को प्रभावित करता है इस कारण तंगदस्ती का योग भी बनता है यानि आप के आठवें

भाव को भी प्रभावित करेगा जो आप के शरीर के लिये ठीक नहीं है।

मार्च:- मास के आरम्भ पर चार ग्रह शुभ स्थिति में तथा शेष अशुभ स्थिति में है इन शुभाशुभ ग्रहों की स्थिति को देखते हुये यह महीना दौड़-धूप का होते हुये भी अन्ततः लाभदायक ही रहेगा, यद्यपि आप की आमदनी मध्यम ही रहेगी परन्तु किसी प्रकार की तंगदस्ती का योग नहीं है, अपितु खर्च के बड़े-बड़े प्लान बनते रहेंगे।

तुला राशि का वर्ष फल

नक्षत्र	चित्रा		स्वाति				विशाखा		
चरण	3	4	1	2	3	4	1	2	7
नामाक्षर	रा	री	रु	रे	रो	ता	ति	तु	ते

गोचर चक्र में छठः सूर्य, सातवां चन्द्रमा, आठवां राहु तथा नवां बृहस्पति होने से कार्य सिद्धि, सुख की प्राप्ति अस्त्र-वस्त्र आदि का लाभ, शत्रुओं पर विजय, रोगों का नाश, राज्याधिकारियों से लाभ, शरीर स्वस्थ, धन लाभ, यश तथा आनन्द की प्राप्ति, खर्च की अधिकता, रोगों का नाश, पुत्र जन्म का योग, राज्य में मान तथा पदोन्नति का योग, हर कार्य में सफलता, धर्म के कार्यो में रुचि



इत्यादि गोचर फलित में शुभ ग्रहों का यह फल दर्ज है शेष सभी अशुभ ग्रहों का वेध में होना भी शुभ फल की ओर इशारा है क्योंकि वेध में गया हुआ अशुभ ग्रह शुभ फल को देता है इस प्रकार गोचर चक्र के ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है कि यह वर्ष तुला राशि वालों के लिये हर प्रकार से सुख और लाभ देने वाला है आप जो भी काम करते हैं आप का काम बिना किसी रुकावट के चलता रहेगा यदि आप किसी काम की तलाश में हैं तो थोड़ा सा परिश्रम करने से आप का यह मसला हल होगा, यदि आप किसी सामाजिक संगठन अथवा किसी राजनैतिक संगठन से सम्वन्ध रखते है उसमें हर प्रकार से आदर, मान व प्रतिष्ठा का योग, यदि आप को घर में किसी प्रकार का कोई मसला है चाहे वह लड़की अथवा लड़के के विवाह सम्वन्धित हो

अथवा नौकरी सम्बन्धित तो इस की ओर थोड़ा सा ध्यान देने से इस प्रकार की समस्या का समाधान अवश्य होगा, कारोवारी होने पर यदि आप अपने कारोवार को बढावा देना चाहते है तो इस वर्ष में इस को अमली जामा पहनाये यदि आप कोई नई इन्डस्ट्रीज के विषय में सोचते है या कोई नया प्लान वनाते हैं तो आप विश्वास रखें कि उस में आप पूर्ण रूप से सफल होंगे, गृहस्थी होने पर स्त्री पक्ष की ओर से मानसिक शान्ति घर में किसी नवजात शिशु के आगमन का योग। आठवां भौम तथा राहु आप के शरीर को अवश्य प्रभावित करेगा विशेषतौर से रक्त विकार अथवा चोट का भय परन्तु शेष ग्रहों की स्थिति को देखते हुये किसी भय का कोई योग नहीं है। विद्या स्थान का स्वामी शनि होने से विद्या प्राप्ति का योग मध्यम परन्तु यदि आप कहीं ट्रैनिंग इत्यादि के लिये जाना चाहते हैं तो उसमें आप सफल रहेंगे विशेषतौर से टेक्निकल लाईन में आप की सफलता निश्चित है, शरीर को स्वस्थ रखने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण नित्य प्रातः किया करें।

रोगान्-अशेषान्-अपहंसि तुष्टा।
रुष्टा तु कामान् सकलान्-अभीष्टान्।।

त्वाम्-आश्रितानां न विपत्-नराणां।
त्वाम्-आश्रिता ह्याश्रयतां प्रयान्ति।।

तुला राशि का मासिक फल

अप्रैलः- मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का शुभ होना तथा दो अशुभ ग्रहों का वेध में होना शुभ फल का सूचक है आप जो भी काम करते है आप का काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा आप की आर्थिक स्थिति भी सन्तोषजनक रहेगी, गृहस्थी होने पर कोई मांगलिक कार्य का प्रौग्राम बनेगा जिस की आप वहुत समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। त्रिकोण में वृहस्पति का होना विद्या प्राप्ति के लिये उत्तम।

मईः- शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने के कारण यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुजरेगा नौकरी पेशा होने पर दफ्तर में अफसर लोगों के साथ वनती रहेगी, यदि आप को पदोन्नति का कोई प्रोग्राम है तो उसमें किसी प्रकार की रुकावट नहीं आयेगी यदि आप शेयर के साथ सम्वन्ध रखते है तो वाजार के वेढंगी चालों से आप चिन्तित

रहेंगे।

जून:- मास के आरम्भ पर आठवें भाव का सूर्य तथा चौथा चन्द्रमा आप के शरीर को अवश्य प्रभावित करेगा आप शरीर के विषय में सावधान रहें तथा नियम पूर्वक प्रातः स्नान करते समय सूर्य भगवान् को अर्ध्य दें, नवां बृहस्पति आप की आर्थिक स्थिति तथा दरवार में आदर, मान व प्रतिष्ठा को हर समय स्थिर रखेगा, गृहस्थी होने पर सन्तान पक्ष की ओर से कोई शुभ सन्देश मिलने का योग।

जुलाई:- केवल दो ग्रहों का शुभ होना फलित शास्त्र में शुभ फल का सूचक नहीं है परन्तु सभी ग्रहों का आठवें, नवें तथा दसवें भाव में होना शुभ फल का ही सूचक है इस मिले-जुले शुभाशुभ योग के कारण यह महीना दौड़-धूप का होते हुये भी अन्ततः शुभ फलदायक ही है आप अपने काम में ईमानदारी से जुट जायें तो आप को लाभ अवश्य होगा तथा सफलता भी होगी, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

अगस्त:- इस मास के आरम्भ पर ग्रहों की डांवाडोल स्थिति को देखने पर मालूम होता है कि यह मास दौड़-धूप का ही मास होगा आप का कोई भी काम विना रुकावट के हल होगा नहीं, परन्तु आप की आमदनी में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आयेगी, सातवें भाव का चन्द्रमा गृहस्थ सुख का सूचक है यदि आप अभी अविवाहित है तो इस मास में इस से सम्वन्धित वात वन सकती हैं।

सितम्बर:- मास के आरम्भ पर पहला शुक्र, तथा ग्यारहवां सूर्य और भौम होने से सुख और धन की प्राप्ति, शत्रु का नाश, विवाह और सन्तान जन्म का योग, विद्या में सफलता, हर प्रकार से वैभव विलास की प्राप्ति, पदोन्नति का योग, स्वस्थ शरीर, घर पर अध्यात्मिक एवं मांगलिक कार्यों का आयोजन, धन धान्य की प्राप्ति, आमदनी में आशा से अधिक लाभ।

अक्तूबर:- बारहवां सूर्य तथा बुध आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है यदि जन्म चक्र में आठवें तथा बारहवें भाव की स्थिति ठीक है तो किसी प्रकार के तकलीफ का कोई योग नहीं है यदि जन्म चक्र में भी आठवां तथा बारहवां भाव कमजोर है तो आप को शरीर के विषय में सावधान रहना

चाहिये आप नित्य प्रातः **गौमाता को आटे का पिण्ड** खिलाया करें, शेष आप की आमदनी में किसी प्रकार की रुकावट का कोई योग नहीं है।

नवम्बरः- ग्रहों की बेढंगी चाल को देखने से मालूम होता है कि यह मास संघर्ष का ही होगा पहले भाव का सूर्य, बुध तथा बारहवां भौम आप को शान्ति का सांस लेने नहीं देगा आप का प्रत्येक कार्य अड़चनों से भरा होगा परन्तु इतनी भाग दौड़ होने पर भी किसी प्रकार की हानि का कोई योग नहीं है विशेषतौर से आप की आमदनी पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं होगा, विद्यार्थियों के लिये भी संघर्ष का ही महीना।

दिसम्बरः- वर्ष के आखरी मास के ग्रहों को ज्योतिष फलित की कसौटी पर परखने से मालूम होता है यह मास भी दौड़-धूप में ही गुजरेगा, शरीर अस्वस्थ रहने का योग, इस मास में आप की आमदनी भी प्रभावित होगी परन्तु किसी विशेष भय का कोई योग नहीं है, सन्तान पक्ष की ओर से चिन्ता, विद्या प्राप्ति के लिये उत्तम महीना।

जनवरीः- नये वर्ष का पहला मास कोई शुभ सन्देश लेकर नहीं आया है पहले भाव का भौम आठवां शनि होने से शरीर अस्वस्थ, प्रायः रक्त विकार का योग, अथवा चोट का भय, यदि आप नौकरी करते हैं तो दफ्तर का माहोल आप के अनुकूल रहते हुये भी मानसिक चिन्ता का योग।

फरवरीः- इस मास के आरम्भ पर ग्रहों में कुछ सुधार हुआ है इस कारण यह मास शान्ति के ही माहोल में गुजरेगा, आप जो भी काम करते है आप का काम विना किसी रुकावट के चलता रहेगा, गृहस्थी होने पर स्त्री पक्ष अथवा सन्तान पक्ष से शुभ समाचार का योग।

मार्चः- ग्रहों की स्थिति को देखने से मालूम होता है कि यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुजरेगा आप की आमदनी में आशा से अधिक वृद्धि होगी, नौकरी पेशा होने पर दफ्तर में आदर व मान का योग, कारोबारी होने पर कारोबार में वृद्धि।

वृश्चिक राशि का वर्ष फल

नक्षत्र	विशाखा	अनुराधा				ज्येष्ठा			
चरण	4	1	2	3	4	1	2	3	4
नामाक्षर	तो	न	नु	ने	नी	यो	या	यी	यु

वर्षारम्भ पर छठे भाव में चन्द्रमा तथा बुध होने से धन लाभ, स्वस्थ शरीर, यश तथा आनन्द की प्राप्ति, अपने घर में सुख पूर्वक रहने का अवसर, खर्च की अधिकता, अच्छे तथा मनोरंजक पुस्तकें पढ़ने की ओर प्रवृति शत्रुओं पर विजय, शारीरिक तथा मानसिक सुख का योग, लेखन तथा वाद्य कला में ख्याति का योग, इसी प्रकार छठा शुक्र, सातवां भौम, शनि, राहु तथा आठवां बृहस्पति होने से स्वजनों को मानसिक तथा शारीरिक कष्ट, भाईयों से विवाद, शत्रुओं की वृध्दि, साझेदारों से व्यापार सम्बन्धी झगड़ा, घर से दूर रहने का योग, स्त्री को शारीरिक कष्ट, मानसिक चिन्ता, दुर्घटना की सम्भावना, मान हानि, नौकरी अथवा कारोबार छूट जाने की नौबत भी आ सकती है इत्यादि गोचर फलित में लिखा है। वृश्चिक राशि वालों को वर्ष के आरम्भ पर केवल दो ग्रह शुभ स्थिति में है तथा पांच ग्रह अशुभ स्थिति में होकर वेध में हैं गोचर फलित के अनुसार वेध में गया हुआ ग्रह भी शुभ फल को देता है इस कारण शुभाशुभ ग्रहों को देखते हुये वृश्चिक राशि वालों के लिये यह वर्ष संघर्ष से परिपूर्ण होगा यदि जन्म चक्र के अनुसार भी अच्छे ग्रह की दशा चल रही है तो गोचर के अशुभ ग्रहों को कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा परन्तु यदि जन्म चक्र से भी कोई विशेष दशा नहीं होगी तो आप अशुभ फल भोगने के लिये तैयार रहें, आप की आमदनी भी अशुभ ग्रहों के प्रभाव से प्रभावित होगी तथा खर्च के बड़े-बड़े प्रौग्राम बनेगे जो कि आप के लिये परेशानी का कारण होगा, पांचवें भाव का स्वामी बृहस्पति होने से विद्यार्थियों के लिये सफलता देने वाला वर्ष। अशुभ ग्रहों को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण रोज करें।

करोतु सा नः शुभहेतुरीश्वरी-शुभानि
भद्राणि-अभिहन्तु चापदः।

वृश्चिक राशि का मासिक फल

अप्रैलः- सभी ग्रहों का पांचवे, छठे, सातवें तथा आठवें भाव में होना कोई चमत्कारिक योग नहीं है इस कारण यह मास दौड़-धूप के वातावरण में ही गुजरेगा, आप जो भी काम करते हैं नौकरी या कारोबार उस में अड़चन का योग,

आप की आमदनी भी डगमगायेगी जो कि आप के लिये परेशानी का कारण बनेगा।

मई:- ग्रहों की स्थिति को देखने से प्रतीत होता है यह महीना भी संघर्ष के माहोल में गुजरेगा, परन्तु संघर्ष का होते हुये भी किसी हानि का सूचक नहीं है सातवां भौम तथा राहु और आठवां बृहस्पति आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है, सातवें भाव में पांच ग्रहों का एक होना गृहस्थ सुख का सूचक नहीं है।

जून:- मास के आरम्भ पर आठवां भौम तथा बृहस्पति होने से शरीर अस्वस्थ, अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने के कारण यह महीना भी अस्त व्यस्त हालात में गुजरेगा कभी धन की अधिकता कभी धन की कमी, यहां तक कि मांगने की नौबत भी आ सकती है, विद्यार्थियों के लिये भी परेशानी का महीना।

जुलाई:- मास के आरम्भ पर केवल दो ग्रहों का शुभ होना कोई विशेष शुभ फलदायक योग नहीं है परन्तु साथ ही तीन ग्रहों का वेध में होना फलित ज्योतिष से शुभ ही माना जाता है इस मिले-जुले योग के अनुसार यह महीना कुछ शान्ति के माहोल में ही गुजरेगा, गृहस्थी होने पर स्त्री के शरीर की चिन्ता।

अगस्त:- मास के आरम्भ पर चार ग्रहों का शुभ होना शुभ फल की ओर इशारा है इस कारण यह महीना हर प्रकार से कुछ शान्ति के माहोल में ही गुजरेगा विशेषतौर से आप की आमदनी में आशा से अधिक वृद्धि होगी, सातवां राहु आप को गृहस्थ की ओर से चिन्तित रखेगा।

सितम्बर:- शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने के कारण वृश्चिक राशि वालों के लिये यह महीना हर प्रकार से शान्ति तथा लाभदायक रहेगा आप का काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा, आप की आमदनी भी सन्तोषजनक रहेगी, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

अक्टूबर:- पांच ग्रहों का शुभ होना तथा दो अशुभ ग्रहों का वेध में होना भी शुभ फल की ओर इशारा है इस कारण यह महीना हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुजरेगा, नौकरी पेशा होने पर पदोन्नति का योग तथा दरबार में आदर मान व प्रतिष्ठा का योग, कारोवारी होने पर कारोवार में आशा से अधिक लाभ।

नवम्बरः- मास के आरम्भ पर बारहवां सूर्य आप के शरीर को प्रभावित करेगा इस कारण शरीर अस्वस्थ रहने का योग आप की आमदनी तथा खर्च का पलड़ा एक जैसा रहेगा, घर पर कोई मांगलिक कार्य करने का प्रौग्राम बनेगा जिस की आप बहुत देर से प्रतीक्षा कर रहे थे।

दिसम्बरः- ग्रहों की दशा को देखने से मालूम होता है कि यह महीना दौड़-धूप का होते हुये भी अन्ततः शुभ फलदायक ही है आप जो भी काम करते हैं आप का काम चलता रहेगा परन्तु लाभ की प्राप्ति आशा से कम ही होगी, गृहस्थी होने पर स्त्री के शरीर की चिन्ता।

जनवरीः- नये वर्ष का पहला महीना वृश्चिक राशि वालों के लिये यद्यपि कोई चमत्कार लेकर नहीं आया है परन्तु किसी अनिष्ठ का सूचक भी नहीं है शुभाशुभ ग्रहों के अनुसार यह महीना यद्यपि लाभ की दृष्टि से मध्यम है परन्तु आदर मान व प्रतिष्ठा के लिये उत्तम है विद्यार्थियों के लिये सफलता देने वाला महीना।

फरवरीः- दूसरा बुध, शुक्र तथा तीसरा सूर्य और चन्द्रमा होने से रोगों से मुक्ति, अच्छे सज्जनों तथा उच्च राज्याधिकारियों से मेल मिलाप, धन प्राप्ति तथा मान प्रतिष्ठा का योग, मित्रों, सगे-सम्बन्धियों के साथ अच्छे सम्वन्ध का योग।

मार्चः- गोचर चक्र के शुभाशुभ ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है कि यह महीना हर प्रकार से सुख, शान्ति तथा लाभदायक रहेगा, यदि आप को जमीन, जायदाद का कोई मसला है तो इस महीने में हल होने की आशा है यदि हल होगा नहीं परन्तु हल होने के आसार दिखाई देंगे। विद्या प्राप्ति के लिये हर प्रकार से उत्तम महीना।

धनु राशि का वर्ष फल

नक्षत्र	मूला				पूर्वाषाढा				उत्तराषाढा
चरण	1	2	3	4	1	2	3	4	1
नामाक्षर	ये	या	भा	भि	भु	फ	ढ	भ	भे

गोचर चक्र में चौथा सूर्य तथा सातवां बृहस्पति होने से मानसिक तथा शारीरिक व्यथा, घरेलू झगड़ों के कारण सुखों में कमी, जमीन जायदाद सम्बन्धी अनेक प्रकार की समस्यायें,



विवाहित जीन में अड़चन तथा मान हानि की सम्भावना, चिन्ता, चोट आदि का भय, राज्याधिकारियों से अनबन तथा उन से भय धन रहते हुये भी धन की कमी का अनुभव धन की गति रुक जाती है इत्यादि, इस प्रकार पांचवां शुक्र छठा भौम तथा शनि होने से अन्न, धन की प्राप्ति, शत्रुओं पर विजय, यश में वृद्धि, (डिपार्टमेन्टल) विभागीय परीक्षा में सफलता, भूमि, जायदाद इत्यादि की प्राप्ति का योग। इस प्रकार गोचर फलित में लिखा हुआ है गोचर चक्र में वर्षारम्भ पर केवल तीन ग्रह शुक्र, भौम तथा शनि अच्छी स्थिति में है इसके अतिरिक्त अशुभ ग्रहों में से चन्द्रमा तथा बुध वेध में हैं इस प्रकार पांच शुभ ग्रहों का योग बनता है जो कि अच्छे फल की ओर इशारा है यदि जन्म कुण्डली में बृहस्पति की स्थिति सुदृढ है तो धनु राशि वालों के लिये यह वर्ष एक यादगार रूप में रहेगा यदि वहां पर बृहस्पति कमजोर होगा तो दौड़-धूप ज्यादा लाभ कम परन्तु हानि का कोई योग नहीं है यदि आप गृहस्थी हैं तो स्त्री पक्ष की ओर से चिन्ता का योग यदि आप अविवाहित हैं तो हो सकता है इस वर्ष भी यह मसला लटकता ही रहेगा या बहुत जोर लगाने पर ही यह मसला हल हो सकता है, बृहस्पति के कमजोर होने से विद्यार्थियों को भी आशा के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये वैष्णव रहें तथा इस मन्त्र का उच्चारण रोज करें।

सर्वा बाधा प्रशमनं त्रैलोक्यस्या-खिले-श्वरि।
एवम्-एव त्वया कार्यम्-अस्मत्-वैरि-विनाशनम्।।

धनु राशि का मासिक फल

अप्रैल:- मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होना दौड़-धूप की ओर इशारा है दौड़-धूप का मास होते हुये भी किसी हानि का सूचक नहीं है आप की आमदनी सीमित रहने पर भी खर्च का योग अधिक है, सातवां बृहस्पति होने से गृहस्थ की ओर से परेशानी।

मई:- चार ग्रहों का शुभ होना तथा दो ग्रहों का वेध

में होना शुभफल का द्योतक है इस कारण यह मास सुख और शान्ति के माहोल में गुजरेगा नौकरी पेशा होने पर दफ्तर में आदर व मान का योग, दफ्तर का माहोल आप के अनुकूल रहेगा, कारोबारी होने पर आशा से अधिक लाभ।

जून:- शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने के कारण यह महीना धनु राशि वालों के लिये लाभदायक ही रहेगा आमदनी भी खर्च के अनुसार ही रहेगी, घर के किसी वृद्ध पुरुष के शरीर सम्बन्धित परेशानी का योग, विद्यार्थी वर्ग को परिश्रम करने पर ही सफलता की आशा रखनी चाहिये।

जुलाई:- केवल दो ग्रहों का शुभ होना संघर्ष का ही सूचक है सातवें भाव में चार ग्रहों का एक साथ होना गृहस्थ सुख का सूचक नहीं है स्त्री पक्ष से परेशानी का योग नौकरी पेशा होने पर स्थान परिवर्तन का योग जो कि आप के लिये लाभदायक नहीं रहेगा। विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

अगस्त:- मास के आरम्भ पर सभी ग्रह अस्त-व्यस्त स्थिति में है विशेषतौर से आठवां सूर्य, भौम तथा बृहस्पति अप के शरीर को प्रभावित करेंगे अतः आप शरीर के विषय में सावधान रहें आप की आमदनी भी कुछ सन्तोषजनक नहीं रहेगी, खर्च के बड़े-बड़े प्लान बनते रहेंगे।

सितम्बर:- छठे भाव का चन्द्रमा, दसवां बुध, ग्यारहवां शुक्र होने से धन लाभ, स्वस्थ शरीर, यश तथा आनन्द की प्राप्ति, खर्च की अधिकता किसी नये पद की प्राप्ति, शत्रुओं पर विजय, काराबार में वृध्दि, नौकरी पेशा होने पर दफ्तर का माहोल आप के अनुकूल रहेगा, घर पर कोई मांगलिक कार्य करने का प्रौग्राम बनेगा, विद्या प्राप्ति के लिये उत्तम महीना।

अक्टूबर:- दसवां सूर्य, बुध तथा ग्यारहवां शुक्र मास के आरम्भ पर शुभ स्थिति में हैं परन्तु शेष छः ग्रह अशुभ स्थिति में होने से यह महीना दौड़-धूप तथा संघर्ष से परिपूर्ण रहेगा कोई भी कार्य विना रुकावट के सिद्ध होगा नहीं, विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

नवम्बर:- ग्यारहवें भाव में तीन ग्रहों का एक साथ होना आप की आमदनी के लिये लाभदायक ही है आप जो भी काम करते हैं उसमें आशा से अधिक लाभ होगा, परन्तु खर्च का योग भी आमदनी के अनुसार रहेगा, सातवां शनि आप

के गृहस्थ पक्ष को प्रभावित करेगा।

दिसम्बरः- बारहवां सूर्य, बुध तथा राहु आप के शरीर को प्रभावित करेगा यदि आप पहले से ही शरीर से अस्वस्थ हैं तो किसी अच्छे डाक्टर से इलाज करायें यदि आप शरीर से स्वस्थ है तो घर के किसी वृद्ध पुरुष के शरीर सम्वन्धित समस्या आप को घेरे रखेगी।

जनवरीः- नये वर्ष का पहला महीना आप के लिये कोई विशेष शुभ समाचार लेकर नहीं आया है क्योंकि ग्रहों की स्थिति को देख कर मालूम होता है कि यह महीना दौड़-धूप में ही गजरेगा, आप का शरीर भी अस्वस्थ रहेगा तथा आप की आमदनी भी प्रभावित होगी।

फरवरीः- इस मास की ग्रह स्थिति में बहुत सुधार होने के कारण यह महीना हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुजरेगा, आप की आर्थिक स्थिति भी दृढ होगी नौकरी पेशा होने पर बहुत देर से रुके हुये काम सुधर जाने का योग, गृहस्थी होने पर स्त्री पक्ष से मानसिक शान्ति।

मार्चः- शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने के कारण यह महीना भी हर प्रकार से शान्ति के ही माहोल में गुजरेगा, आप कारोबार करते हैं या नौकरी दोनों सूरतों में आप को लाभ होगा, बारहवां भौम होने से रक्त विकार अथवा चोट का भय, विद्यार्थियों के लिये सफलता का ही महीना।

मकर राशि का वर्ष फल

नक्षत्र	उत्तरषाढा			श्रवण				घनिष्ठा	
चरण	2	3	4	1	2	3	4	1	2
नामाक्षर	भो	जा	जी	खी	खू	खे	खो	गा	गी



मकर राशि वालों के लिये यह वर्ष हर प्रकार से सुख शान्ति तथा लाभ से परिपूर्ण होगा क्योंकि वर्ष के आरम्भ पर चार ग्रह शुभ स्थिति में तथा तीन अशुभ ग्रह वेध में होने से शुभ फल के ही सूचक है इस कारण सात ग्रहों का शुभ होना हर प्रकार से मंगलकारी है आप नौकरी करते है या कारोबार तो आप का काम अच्छी प्रकार से चलेगा, नौकरी पेशा होने पर दफ्तर के काम में नेक नियती से जुट जाओ तो आप को आशा से अधिक लाभ होगा, नहीं तो

जेब का ही देना पडेगा, दफ्तर में बहुत देर से रुकी हुई पदोन्नति भी आप को अवश्य मिलेगी यदि आप किसी प्रकार वाहन लाने का प्रौग्राम बना रहे हैं तो उसको अमली रूप दे दो, अथवा यदि आप जमीन, जायदाद, मकान कुछ खरीदना चाहते हैं तो इस प्रकार के काम आप के लिये लाभदायक रहेंगे, यदि कारोबार करते हैं सीमेंट, लोहे से सम्बन्धित तो आप को आशा से अधिक लाभ होगा यदि आप जनरल स्टोर इत्यादि का काम करते हो तो अपने काम में सावधानी बरतो लोगों के पास पैसा फंसने का योग है यदि आप अनाज से सम्बन्धित काम करते है तो बाजारी रुख के उतार-चढाव के कारण आप हर समय परेशान रहेंगे, बृहस्पति की स्थिति अशुभ होने के कारण विद्यार्थियों को कटिबद्ध होकर परिश्रम करना पडेगा तभी कुछ सफलता की आशा रखें, क्रूर ग्रहों को शान्त करने क लिये रोज इस मन्त्र का उच्चारण करें:-

सर्व मङ्गल मङ्गल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तु ते।।

मकर राशि का मासिक फल

अप्रैल:- ग्रहों की स्थिति को देखने से प्रतीत होता है कि यह मास मकर राशि वालों के लिये हर प्रकार से शुभलाभदायक है विशेषतौर से आप की आमदनी में आशा से अधिक वृद्धि होगी, कारोबारी होने पर आप का काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा।

मई:- शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने के कारण यह महीना हर प्रकार से शान्तिदायक ही रहेगा। आप जो भी काम करते हैं आप का काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा, गृहस्थी होने पर गृहस्थ का सुख तथा सन्तान पक्ष से शुभ समाचार का योग।

जून:- ग्रहों की शुभाशुभ स्थिति पर विचार करने से मालूम होता है यह मास हर प्रकार से लाभदायक ही रहेगा, नौकरी पेशा होने पर पदोन्नति का योग, दफ्तर का माहोल आप के अनुकूल रहेगा, अफसर लोग भी आप के काम से खुश रहेंगे।

जुलाई:- इस मास के ग्रहों की स्थिति अच्छी न होने पर

भी यह मास सर्व साधारण रूप से गुजरेगा, आप की आर्थिक स्थिति कमजोर होने पर भी किसी प्रकार के हानि का योग नहीं है, घर पर खर्च के बड़े-बड़े प्रौग्राम बनते रहेंगे।

अगस्तः- मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने पर यह मास संघर्ष के माहोल में ही गुजरेगा चलते हुये काम में रुकावट का योग नौकरी पेशा होने पर दफ्तर का माहोल आप के उलट ही चलेगा जो कि आप के लिये चिन्ता का कारण बनेगा।

सितम्बरः- मास के आरम्भ पर ग्रहों की अस्त व्यस्त स्थिति होने के कारण यह महीना दौड़-धूप के माहोल में ही गुजरेगा प्रत्येक कार्य में संघर्ष के वाद भी आशानुकूल सफलता नहीं मिलेगी, आप की आर्थिक स्थिति भी ढीली हो जायेगी।

अक्टूबरः- ग्रहों की स्थिति गत मास की अपेक्षा और भी कमजोर होने के कारण यह पूरा महीना संघर्ष तथा दौड़-धूप में ही गुजरेगा कोई भी काम बिना रुकावट के हल होगा नहीं, गृहस्थी होने पर स्त्री के शरीर की चिन्ता, विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

नवम्बरः- मास के आरम्भ पर ग्रहों में कुछ सुधार होने के कारण यह महीना कुछ-कुछ शान्ति के माहोल में गुजरेगा, आप की आमदनी तथा खर्च एक जैसा रहेगा खर्च का योग अधिक होते हुये भी किसे से मांगने की नौबत नहीं आयेगी।

दिसम्बरः- वर्ष का अन्तिम महीना मकर राशि वालों के लिये शुभ फलदायक ही है आप जो भी काम करते है आप का काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा गृहस्थी होने पर घर में कोई मांगलिक कार्य करने का प्रौग्राम बनता रहेगा।

जनवरीः- नये वर्ष का पहला महीना मकर राशि वालों के लिये शुभ फलदायक ही रहेगा विशेषतौर से ग्यारहवां चन्द्रमा तथा शुक्र आप की आमदनी पर एक अच्छा प्रभाव डालेगा, परन्तु 8 जनवरी को शनि वक्री होकर आपके पांचवें भाव में आया है जिस के कारण शत्रु पक्ष आप पर हावी हो सकता है।

फरवरीः- इस मास के ग्रहों की स्थिति से विदित होता है कि यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुजरेगा 20
आप की आमदनी तथा खर्च एक जैसा रहेगा कारोबारी होने

पर आप अपने कारोवार को वढा सकते हैं, घर में किसी नवजात शिशु के आने का योग।

मार्च :- मास के आरम्भ पर शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने के कारण यह महीना संघर्ष का होते हुये भी अन्ततः आप के लिये लाभदायक ही रहेगा, बारहवें भाव में सूर्य होने से शारीरिक कष्ट, फजूल खर्च का योग, अपमान का भय, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

कुम्भ राशि का वर्ष फल

नक्षत्र	घनिष्ठा		शर्ताभषजि				पूर्वा भाद्रपदा		
चरण	3	4	1	2	3	4	1	2	3
नामाक्षर	गू	गे	गो	सा	सी	सू	से	सो	दा

वर्षारम्भ पर केवल तीन ग्रह चन्द्रमा शुक्र और पांचवां वृहस्पति शुभ होने से धन प्राप्ति, वस्त्रादि का सुख, स्वस्थ शरीर, शत्रुओं पर विजय, बन्धुजनों से लाभ, जनता से प्रेम, भाग्य में वृद्धि, भाग्योदय बहिन-भाईयों का सुख तथा धार्मिक प्रवृति, सुख और आनन्द की प्राप्ति, हर कार्य में सफलता, पद की प्राप्ति, व्यवसाय में उन्नति, कोई स्थिर लाभ, घर में कोई मांगलिक उत्सव, आया पुत्र जन्म का योग इत्यादि गोचर फलित में दर्ज है शेष अशुभ ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है कि इन में से चार ग्रह वेध में गये हुये है जो कि शुभ फल की ओर इशारा है इस मिले-जुले शुभाशुभ ग्रहों के संगठन को वेध अष्टक वर्ग की कसौटी पर परखने से मालूम होता है कि कुम्भ राशि वालों के लिये यह वर्ष दौड़-धूप का ही रहेगा कोई भी कार्य विना किसी अड़चन के सिद्ध होगा नहीं यदि आप कारोबार करते हैं तो आप अपने काम में ईमानदारी से जुट जायें तो आप को किसी प्रकार के हानि का कोई योग नहीं है यदि आप नौकरी करते हैं तो दफ्तर का माहोल आप के उलट ही रहेगा क्योंकि तीन क्रूर ग्रह भौम, शनि तथा राहु आप के दरबार को देख रहे हैं यह तीनों ग्रह आप के दरबार को प्रभावित कर सकते हैं जो कि आप के लिये परेशानी का कारण बनेगा, पांचवें भाव में वृहस्पति का होना उच्च विद्या प्राप्ति को दिखाता है इस

कारण विद्या प्राप्ति का योग ठीक है, गृहस्थी होने पर सन्तान पक्ष से कोई शुभ सन्देश सुनने का योग।

क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण करें:-

सर्ववाधा प्रशमनं त्रैलाक्यस्याखिले श्वरि।
एवमेव त्वया कार्य मस्मद्वैरि विनाशनम्।।

कुम्भ राशि का मासिक फल

अप्रैलः- मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने से यह मास दौड़-धूप के माहोल में ही गुजरेगा, आप जो भी काम करते है आप का काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा, परन्तु लाभ की दृष्टि से यह महीना नरम ही रहेगा, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

मईः- चौथा भौम तथा राहु आप के शरीर को प्रभावित करेगा यदि आप पहले से ही शरीर से अस्वस्थ है तो आप को शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिये यद्यपि आप की आमदनी कम ही रहेगी परन्तु खर्च के बड़े-बड़े प्रौग्राम वनते रहेंगे गृहस्थी होने पर स्त्री पक्ष से शुभ सन्देश।

जूनः- मास के आरम्भ पर पांचवां बृहस्पति तथा शुक्र होने से आनन्द की प्राप्ति, हर कार्य में सफलता, कारोवार में वृद्धि, नौकरी पेशा होने पर विभागीय परीक्षाओं में सफलता तथा अपने अफसर लोगों के साथ उठने बैठने का अवसर मिलेगा जो कि आप के लिये लाभदायक रहेगा।

जुलाईः- ग्रहों की दुर्वल स्थिति को देखने से मालूम होता है कि यह मास कुम्भ राशि वालों के लिये दौड़-धूप का ही होगा कभी धन की अधिकता, कभी धन की कमी, शरीर अस्वस्थ रहने का योग, गृहस्थी होने पर स्त्री पक्ष की ओर से चिन्ता।

अगस्तः- मास के आरम्भ पर ग्रहों में कुछ सुधार आने के कारण यह मास कुछ शान्ति के माहोल में ही गुजरेगा आप अपने काम में ईमानदारी से जुट जायें तो आप को सफलता अवश्य मिलेगी, घर पर सगे-सम्बन्धियों का आना जाना जोरों पर रहेगा।

सितम्बरः- शुभाशुभ ग्रहों की स्थिति को देखने से मालूम

होता है कि यह महीना शान्ति के माहोल में ही गजरेगा आप की आमदनी भी सन्तोषजनक रहेगी, घर पर कोई मांगलिक कार्य करने का प्रौग्राम वनेगा जिस की प्रतीक्षा आप वहुत समय से कर रहे थे।

अक्टूबरः- शुभ ग्रहों का पलड़ा कमजोर होने के कारण यह महीना संघर्ष के वातावरण में ही गुजरेगा, वने वनाये काम विगड़ जायेंगे, चलते हुये कार्यों में रुकावट का योग, आमदनी तथा खर्च का योग सीमित ही रहेगा, विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

नवम्बरः- आठवां भौम आप को शारीरिक रूप से तंग कर सकता है अचानक चोट का भय अथवा चीर-फाड़ का योग यदि जन्म चक्र में भौम की स्थिति अच्छी होगी तो किसी विशेष भय का कोई योग नहीं है। गृहस्थी होने पर स्त्री के शरीर की चिन्ता का योग।

दिसम्बरः- इस मास के ग्रहों की स्थिति को देखने से मालूम होता है कि यह महीना कुम्भ राशि वालों के लिये कुछ राहत का सांस लेने देगा, आप जो भी काम करते हैं आप का काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा, आमदनी कम होने पर भी खर्च का योग अधिक।

